CMYK

तापमान अधिकतम :34°C न्यूनतम: 17°C

सेंसेक्स 76,617.44 निफ्टी 23,332.35

सोना 93,720 चांदी 1,05,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, गुरुवार 3 अप्रैल 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 81 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | चैत्र शुक्ल पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 | 4 शव्वाल 1446 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी अस्पताल में भर्ती

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



जैकब डफी आईसीसी टी-20 गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर


# देश में गरीबों की तकदीर बदलेगा नया वक्फ कानून

## विपक्ष के विरोध के बीच वक्फ संशोधन विधेयक 2025 लोकसभा में पेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सरकार ने लोकसभा में विपक्ष के विरोध के बीच मुस्लिम धार्मिक संपत्तियों के प्रबंधन करने वाले वक्फ़ संशोधन विधेयक 2025 को पेश किया और कहा कि यह विधेयक किसी भी मस्जिद, दरगाह या अन्य किसी धार्मिक स्थान को हड़पने के लिए नहीं है, बल्कि शुद्ध रूप से दान की गई संपत्ति के बेहतर प्रबंधन के लिए है, ताकि मुस्लिम समाज के गरीबों एवं महिलाओं की तकदीर बदली जा सके।

सदन में प्रश्नकाल के बाद आवश्यक दस्तावेज पटल पर रखवाने के उपरान्त अध्यक्ष ओम बिरला ने अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू का नाम वक्फ़ संशोधन विधेयक 2025 तथा मुसलमान वक्फ निरसन विधेयक 2024 को सदन के विचार एवं पारित करने के लिए रखने को पुकारा। सदन में उपनेता एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी उपस्थित थे। विपक्ष की ओर से आरएसपी के नेता एनके प्रेमचंद्रन ने विधेयक के मसौदे पर आपत्ति जताते हुए कहा कि किसी भी संयुक्त संसदीय समिति को विधेयक के पाठ को बदलने का हक नहीं है। अलबत्ता सरकार और मंत्री यह काम कर सकते हैं। इस पर गृह मंत्री श्री शाह ने स्पष्ट किया कि संयुक्त संसदीय समिति ने जिस मसौदे को स्वीकृति दी है, उसे केन्द्रीय मंत्रिमंडल की स्वीकृति दिलाने के बाद ही संसद में लाया गया है। इसलिए -शेष पृष्ठ दो पर



यह विधेयक किसी भी मस्जिद, दरगाह या अन्य किसी धार्मिक स्थान को हड़पने के लिए नहीं

मुस्लिम समुदाय के धार्मिक अधिकारों में दखल नहीं दिया जाएगा: अमित शाह

### वक्फ प्रबंधन समिति में 22 में से 10 लोग मुस्लिम समाज से होंगे: रिजिजू

अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि इसमें वक्फ़ प्रबंधन समिति में 22 लोगों में से 10 मुस्लिम समाज के लोग, दो पूर्व न्यायाधीश, एडवोकेट, मुस्लिम महिलाएं, दो गैर मुस्लिम सदस्य होंगे। उन्होंने कहा कि वक्फ़ संशोधन विधेयक में देश के कानूनों को जगह देकर ट्रिब्यूनल में लंबित हज़ारों केसों को निस्तारित करने का रास्ता खोजा है

# विपक्ष ने कहा सरासर गलत

**नई दिल्ली।** विपक्ष ने ने लोकसभा में बुधवार को पेश वक्फ (संशोधन) विधेयक 2025 को सरकार की संविधान विरोधी नीति का परिणाम बताया और कहा कि इस विधेयक को लाकर भाजपा देश में भ्रम फैला रही है और समाज को बांटने का काम कर रही है।

कांग्रेस के गौरव गोगोई ने अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरन रिजिजू द्वारा सदन में विधेयक को चर्चा करके पारित करने के लिए प्रस्ताव पर बहस शुरू करते हुए कहा कि विपक्ष भी चाहता है कि कानून में आवश्यक संशोधन हो, लेकिन सरकार की मंशा ठीक नहीं है और विभाजन की राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार वक्फ विधेयक को लेकर भ्रम फैलाने का प्रयास कर रही है। देश का संविधान हर व्यक्ति को बराबरी, मौलिक अधिकारों की रक्षा, संघीय ढांचे की सुरक्षा और राष्ट्र की अखंडता सुनिश्चित करने की बात करता है, लेकिन सरकार का वक्फ विधेयक संविधान पर आक्रमण है और भ्रम फैलाकर समाज को विभाजित कर वोट बैंक की हिफाजत करना है। उनका कहना था कि सरकार यह कहते हुए भ्रम फैला रही है कि विधेयक पर व्यापक रूप से चर्चा हुई है जबकि सरकार इस पर मनमानी करती रही और सदन में व्यापक चर्चा की बात कर भ्रम फैला रही है। उनका यह भी कहना था कि इस विधेयक को लेकर जो बैठकें हुई है उन बैठकों के मिनट्स सरकार सदन में रखेगी, तो सच्चाई सबके सामने आ जाएगी। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि यह विधेयक अल्पसंख्यक मंत्रालय नहीं बल्कि किसी और मंत्रालय ने तैयार किया है, इसलिए इसमें अल्पसंख्यकों के हितों के कोई प्रावधान नहीं किए गए हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति वक्फ कर सकता है, लेकिन सरकार इस कानून के जरिए एक व्यक्ति के अधिकार को छीनने का काम कर रही है।

■ वक्फ विधेयक संविधान पर हमला, सरकार फैला रही है भ्रम

■ समाज को बांटने का काम कर रही है भाजपा: गोगोई

## कुणाल कामरा को तीसरा समन, पांच अप्रैल को बुलाया

**मुंबई।** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे पर पैरोडी सॉन्ग मामले में कॉमेडियन कुणाल कामरा को पुलिस ने तीसरा समन भेजा है। उन्हें 5 अप्रैल को खार पुलिस स्टेशन में पूछताछ के लिए पेश होने को कहा है। इससे पहले पुलिस कामरा को दो समन भेज चुकी है। इधर, मंगलवार को कुणाल कामरा मद्रास हाईकोर्ट में पेश हुए। उन्होंने दावा किया कि पुलिस उन्हें गिरफ्तार करने की कोशिश कर रही है, इसलिए उन्हें ट्रांजिट अग्रिम जमानत दी जाए। मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस सुंदर मोहन ने कामरा को ट्रांजिट अग्रिम जमानत दे दी। इससे पहले 28 मार्च को हाईकोर्ट ने कामरा को 7 अप्रैल तक की अग्रिम जमानत दी थी। कामरा ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट शेयर की। इसका शीर्षक था 'एक कलाकार को खत्म करने की स्टेप-बाय-स्टेप गाइड'। कामरा ने लिखा आज के दौर में कलाकारों के पास दो ही विकल्प हैं या तो अपनी आत्मा बेचकर डॉलर की कठपुतली बन जाएं या फिर चुपचाप खत्म हो जाएं। कामरा वर्तमान में तमिलनाडु में हैं। कामरा ने एक स्टैंडअप कॉमेडी शो में पैरोडी की थी, जिसमें शिंदे को गद्दार कहा गया था।

## संसद ने ऑटिज्म से पीड़ित लोगों के साथ एकजुटता व्यक्त की

**नई दिल्ली।** राज्यसभा ने बुधवार को विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस पर ऑटिज्म से पीड़ित बच्चों और व्यक्तियों के अधिकारों तथा कल्याण को बढ़ावा देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। सभापति जंगदीप धनखड़ ने सदन की कार्यवाही शुरू होने पर जरूरी दस्तावेज सदन के पटल पर रखे जाने के बाद कहा कि आज विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस है और इस मौके पर यह सदन इस रोग से पीड़ित लोगों के साथ एकजुटता व्यक्त करता है। उन्होंने कहा कि यह सदन ऑटिज्म से पीड़ित व्यक्तियों के अधिकारों और कल्याण को बढ़ावा देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

## पिछड़ा वर्ग के समूहों ने दिल्ली में धरना प्रदर्शन किया शुरू

**हैदराबाद/नई दिल्ली।** तेलंगाना पिछड़ा वर्ग कल्याण संघ राष्ट्रीय समिति के नेतृत्व में पिछड़ा वर्ग समूहों ने बुधवार को नई दिल्ली स्थित जंतर-मंतर पर धरना प्रदर्शन शुरू किया और केंद्र सरकार से 42 प्रतिशत आरक्षण को संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल करके लागू करने की मांग की। तेलंगाना विधानसभा ने पिछड़ा वर्ग विधेयक पारित कर दिया है, जिसके तहत शिक्षा, रोजगार और राजनीति में पिछड़ी जातियों के लिए 42 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है।

## पुर्तगाल व स्लोवाकिया की यात्रा पर जाएंगी मुर्मू

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आगामी सात अप्रैल को चार दिन की पुर्तगाल और स्लोवाकिया की राजकीय यात्रा पर जाएंगी, जिससे दोनों यूरोपीय देशों के साथ भारत के द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत तथा व्यापक बनाने में मदद मिलेगी। विदेश मंत्रालय ने बताया कि राष्ट्रपति सात से दस अप्रैल तक इन दोनों देशों की यात्रा पर जाएंगी। श्रीमती मुर्मू पुर्तगाल के राष्ट्रपति मार्सेलो रेबेलो डी. सूसा के निमंत्रण पर 7 और 8 अप्रैल तक पुर्तगाल की यात्रा पर रहेंगी। यह यात्रा 27 वर्षों के अंतराल के बाद ऐसे समय में हो रही है जब भारत और पुर्तगाल राजनयिक संबंधों की पुन: स्थापना के 50 वर्ष पूरे हो रहे हैं।

## हाईकोर्ट ने पूर्व एमयूडीए प्रमुख को दी राहत

**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) के पूर्व आयुक्त डीबी नटेशा को जारी ईडी के समन को रद्द करने वाले एकल न्यायाधीश के आदेश पर रोक लगाने से बुधवार को इन्कार कर दिया। अदालत ने हालांकि, स्पष्ट किया कि यह आदेश मुख्यमंत्री सिद्दारमैया की पत्नी पार्वती को कथित अवैध भूमि आवंटन की चल रही जांच में बाधा नहीं डालेगा। मुख्य न्यायाधीश एनवी अंजारिया और न्यायमूर्ति केवी अरविंद की खंडपीठ ने अपना आदेश सुनाते हुए कहा कि इस तरह की रोक की प्रार्थना स्वीकार नहीं की जाती।

# सुप्रीम कोर्ट ने रेवंत रेड्डी के 'कोई उपचुनाव नहीं होगा' वाले बयान पर जताई आपत्ति

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी की ओर से सदन में दिए गए इस बयान पर कार्रवाई कि अगर भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के विधायक कांग्रेस में शामिल होते हैं, तो भी उपचुनाव नहीं होंगे, पर बुधवार को कड़ी आपत्ति जताई।

न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने सदन में मुख्यमंत्री के इस बयान के लिए उनकी खिंचाई की। पीठ ने कहा कि यदि यह सदन में कहा जाता है, तो आपके माननीय मुख्यमंत्री 10वीं अनुसूची का मजाक उड़ा रहे हैं। रामलीला मैदान में राजनेताओं द्वारा कही गई बात सदन में कही गई बात से अलग है। पीठ ने कहा कि जब राजनेता विधानसभा में कुछ कहते हैं, तो उसमें कुछ पवित्रता होती है। वास्तव में निर्णय/ निर्णयों में कहा गया है कि जब हम कानूनों की व्याख्या करते हैं, तो सदन में भाषण देने वाले माननीय मंत्री के बयान का उपयोग उस कानून की व्याख्या के लिए किया जा सकता है। विधायी कार्यवाही पर न्यायिक जांच से संवैधानिक रूप से गारंटीकृत प्रतिरक्षा का हवाला देते हुए बीआरएस से कांग्रेस में शामिल होने वाले 10 पार्टी विधायकों को अयोग्य ठहराने की मांग की गई थी, इस पर उन्होंने यह स्पष्ट किया कि राज्य में कोई उपचुनाव नहीं होगा। श्री रेड्डी ने 27 मार्च को कथित तौर पर यह बयान राज्य विधानसभा में 2025-26 के लिए अनुदान मांगों पर चर्चा के दौरान विपक्षी विधायकों द्वारा उठाई गई चिंताओं का जवाब देते हुए दिया।



■ तेलंगाना सीएम ने अपने बयान में कहा था अगर बीआरएस के विधायक कांग्रेस में शामिल होते हैं, तो भी उपचुनाव नहीं होंगे

# एलओसी पर सेना ने पांच घुसपैठिए किए ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर सेना ने 4-5 पाकिस्तानी घुसपैठियों को मार गिराया। हालांकि, इसे लेकर सेना का आधिकारिक बयान नहीं आया है। घटना मंगलवार शाम को पुंछ में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर कृष्णा घाटी सेक्टर के फॉरवर्ड एरिया में हुई।

एलओसी से सटे इलाके में 3 माइन ब्लास्ट हुए और पाकिस्तान की ओर से फायरिंग भी हुई थी। दावा है कि इसी समय आतंकियों ने घुसपैठ की कोशिश की थी। भारतीय सेना ने जवाबी फायरिंग की थी। जिसमें 4 से 5 घुसपैठिए मारे गए। सेना ने कहा कि एक अप्रैल को एलओसी के उस पार से पाकिस्तानी सेना ने घुसपैठ की कोशिश की। इसके कारण कृष्णा घाटी सेक्टर में एक माइन ब्लास्ट हुआ। पाकिस्तानी सेना ने बिना उकसावे के फायरिंग की और संघर्ष विराम का उल्लंघन किया गया। सेना ने कहा कि हमारे सैनिकों ने फायरिंग का जवाब दिया। स्थिति नियंत्रण में है और इस पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। भारतीय सेना एलओसी पर शांति बनाए रखने के लिए साल 2021 के डीजीएसएमओ समझौते को बनाए रखने की अपील करती है। इधर कठुआ में सुरक्षाबलों का 2 आतंकियों की तलाश में सर्च ऑपरेशन जारी है।

■ पाकिस्तानी सेना ने बिना उकसावे के फायरिंग की

# देश में आने वालों पर रखी जाएगी कड़ी नजर: राय

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राज्यसभा ने देश में प्रवेश, निवास और यात्रा से जुड़ी प्रक्रियाओं को सरल तथा पारदर्शी बनाने और विदेशियों तथा आप्रवासन से संबंधित सभी मामलों को विनियमित करने वाले आप्रवास और विदेशी विषयक विधेयक 2025 को विपक्ष के संशोधनों को खारिज करते हुए बुधवार को ध्वनिमत से पारित कर दिया।

इसके साथ ही इस विधेयक पर संसद की मुहर लग गई। लोकसभा इस विधेयक को पहले की पारित कर चुकी है। विपक्षी सदस्यों ने केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय के जवाब से असंतुष्ट होकर सदन से बहिर्गमन किया। श्री राय ने कहा कि पुराने कानून के कमजोर और बिखरे हुए होने के कारण संबंधित कानूनों को समाहित करके नया कानून बनाना जरूरी हो गया था। यह विधेयक देश की आंतरिक सुरक्षा तथा अर्थतंत्र को मजबूती देगा और वर्ष 2047 तक देश को विकसित बनाने के लिए मजबूत नींव रखने के लिए लाया गया है। यह विधेयक देश देश विरोधी गतिविधियों में लिप्त विदेशियों को देश से बाहर निकालने तथा उनके देश में प्रवेश पर रोक लगाने के लिए लाया गया है।

■ आप्रवास विधेयक को राज्यसभा की मंजूरी

# नक्सल विरोधी अभियान: मुठभेड़ में दो खूंखार नक्सली धराशायी

भोपाल, वार्ता

**केन्द्र एवं मध्य** प्रदेश शासन द्वारा मार्च, 2026 तक भारत को वामपंथी अतिवाद की पुरानी समस्या से मुक्त करने के उद्देश्य से अपनाई गई बहुआयामी रणनीति के तहत मध्य प्रदेश पुलिस ने बुधवार को एक मुठभेड़ में माओवादियों के एमएमसी जोन (मध्य प्रदेश- महाराष्ट्र- छत्तीसगढ़) के केबी डिवीजन की भोरमदेव एरिया कमेटी के दो हार्डकोर महिला नक्सलियों को मार गिराया।

पुलिस मुख्यालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार सुरक्षा बलों द्वारा माओवादियों के विरुद्ध लगातार आक्रामक कार्रवाई की जा रही है। इसी तारतम्य में कान्हा राष्ट्रीय उद्यान के मुंडीदादार- गनेरीदादर-परसाटोला जंगल क्षेत्र में माओवादियों की सूचनाएं मिलने पर इनकी तलाश के लिए सुरक्षा बलों को जंगल में भेजा गया था। बुधवार सुबह सर्चिंग के दौरान माओवादियों ने सुरक्षा बलों को हताहत करने तथा उनके हथियार लूटने की नियत से अंधाधुंध फायरिंग की गई। सुरक्षा बलों द्वारा प्रभावी जवाबी फायरिंग की गई। इस कार्रवाई में दो वर्दीधारी हार्डकोर महिला माओवादी मारी गईं। इनके कब्जे से एक एसएलआर राइफल तथा एक अन्य राइफल, भरी मैगजीन, एक वॉकीटॉकी सेट तथा चाकू बरामद किया गया। मुठभेड़ के दौरान घने जंगल का फायदा उठाकर भागे अन्य माओवादियों की तलाश में सुरक्षा बलों द्वारा मुठभेड़ क्षेत्र के आसपास सघन सर्चिंग अभियान संचालित किया जा रहा है।

## ऑर्गन डोनेशन पर सरकारी कर्मचारियों को 42 दिन की छुट्टी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के लिए आर्गन डोनेशन (अंगदान) पर 42 दिन की स्पेशल कैजुअल लीव देने का प्रावधान किया है। लोकसभा में केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने इस संबंध में जानकारी दी। यह छुट्टी सर्जरी के टाइप पर निर्भर नहीं करेगी और इसे सरकारी डाक्टर की सिफारिश पर अधिकतम 42 दिनों तक लिया जा सकता है। यह आमतौर पर अस्पताल में भर्ती होने के दिन से शुरू होगी, लेकिन जरूरत पड़ने पर सर्जरी से एक सप्ताह पहले भी ली जा सकती है। यह प्रावधान 2023 में कार्मिक मंत्रालय के आदेश के तहत लागू किया गया था, जिससे आर्गन डोनेशन को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

# बिहार में पुल ढहने के मामले में जांच के लिए दायर याचिका पटना हाईकोर्ट स्थानांतरित

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बिहार में कई पुलों के ढहने की घटनाओं की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय समिति के गठन की मांग वाली जनहित याचिका को बुधवार को पटना उच्च न्यायालय स्थानांतरित कर दिया। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने यह आदेश पारित किया।

याचिका में यह गुहार लगाई है कि एक साथ कई पुलों के ढहने की घटनाओं की संपूर्ण संरचनात्मक ऑडिट और कमजोर पुलों का आकलन करने के लिए एक विशेषज्ञ समिति का गठन करने का निर्देश दिया जाए। पीठ ने बिहार सरकार के जवाबी हलफनामे में दिए गए विवरणों की समीक्षा करने के बाद मामले को पटना उच्च न्यायालय स्थानांतरित करने का फैसला किया। पीठ की ओर से मुख्य न्यायाधीश खन्ना ने कहा कि हमने जवाबी हलफनामे को देखा है और हम इसे पटना उच्च न्यायालय स्थानांतरित कर रहे हैं। हलफनामे में निरीक्षण और किए जा रहे उपायों का विवरण है। याचिकाकर्ता के वकील ने कार्यवाही के दौरान इस बात पर जोर दिया कि बिना किसी तीसरे पक्ष के निरीक्षण के कई पुल ढह गए थे। पीठ की ओर से न्यायमूर्ति कुमार ने स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि तीन निर्माणाधीन पुल ढह गए।

## भारत और आयरलैंड के बीच गहरे कानूनी संबंध: सीजेआई खन्ना

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने बुधवार को कहा कि भारत और आयरलैंड के बीच गहरे कानूनी संबंध हैं। न्यायमूर्ति खन्ना ने इन संबंधों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आयरलैंड तथा भारत राज्य नीति के निर्देशक सिद्धांतों पर ऐतिहासिक संबंध साझा करते हैं। इसके अतिरिक्त यह सिद्धांत कि भारत राज्यों का संघ है, आयरिश संविधान से लिया गया था। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 3 आयरिश संविधान के अनुच्छेद 5 से समानता रखता है। मुख्य न्यायाधीश ने अदालती कार्यवाही के दौरान कहा कि मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि आयरलैंड के शीर्ष अदालत के न्यायाधीश जेरार्ड होगन हमारे साथ हैं।

## महादेव सट्टा एप मामले में बघेल पर प्राथमिकी दर्ज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर सीबीआई ने महादेव सट्टा एप मामले में प्राथमिकी दर्ज की है। प्राथमिकी में सट्टा एप के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल समेत 21 आरोपियों के नाम शामिल हैं। मामले में श्री बघेल को आरोपी बनाया गया है। वह छह नंबर के आरोपी बनाए गए हैं। प्राथमिकी के बाद सीबीआई इस मामले में पूर्व मुख्यमंत्री से पूछताछ कर सकती है। सीबीआई ने हाल ही में देशभर में श्री भूपेश बघेल समेत तमाम आरोपियों के 60 जगहों पर छापेमारी की थी। कई राजनेता, नौकरशाह और पुलिस अधिकारियों के यहां छापेमारी की गई थी। इनमें छत्तीसगढ़, भोपाल, कोलकाता और दिल्ली में छापे मारे गए थे।

# हाईवे पर ट्रक की टक्कर से दो युवतियों की मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद जिले के मूंढापांडे थाना इलाके में दिल्ली-लखनऊ हाईवे के जीरो प्वाइंट पर मंगलवार रात 12 बजे सीमेंट की पाइप से भरे ट्रक ने कार में टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार हरियाणा के रोहतक की मॉडल टाउन निवासी सिमरन (18) और शिवानी (25) की मौत हो गई। वहीं युवतियों के दो दोस्त राहुल और संजू को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। चारों दोस्त 31 मार्च की सुबह नैनीताल गए थे।

पुलिस के अनुसार, कार सवार चारों दोस्त नैनीताल से वापस हरियाणा जा रहे थे। काशीपुर के रास्ते मुरादाबाद पहुंचे थे। जैसे ही उनकी कार मूंढापांडे क्षेत्र में जीरो प्वाइंट पर हाईवे पर चढ़ी तभी दिल्ली की ओर से आ रहे ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार ट्रक में फंस गई। ट्रक चालक कार को 50 मीटर तक घसीटते हुए लेकर चला गया। इसके बाद कार निर्यात फर्म की दीवार से टकरा गई। कार के इंजन से धुआं निकलने लगा। चालक ट्रक छोड़कर मौके से भाग निकला। आसपास के लोग मौके पर जुट गए और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने चारों दोस्तों को बाहर निकाला और जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने दोनों युवतियों को मृत घोषित कर दिया। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि घायल युवकों का उपचार चल रहा है। घायलों के परिजनों को जानकारी दे दी गई है। पुलिस ने बताया -शेष पृष्ठ दो पर



■ दो युवक घायल, कार में रखे मोबाइल में गूगल लोकेशन ऑन थी

■ आशंका: कार गूगल मैप की लोकेशन पर ड्राइव हो रही थी

# लोन नहीं मिलने पर बैंक से लूटा 17 किलो सोना

बेंगलुरु, वार्ता

**कर्नाटक के** दावणगेरे जिले के एक शख्स ने लोन नहीं मिलने पर बैंक से 17 किलो सोना लूट लिया। पुलिस ने बताया कि लूट का मुख्य आरोपी विजय कुमार (30 साल) आर्थिक तंगी से जूझ रहा था।

उसने अगस्त 2023 में एसबीआई बैंक में 15 लाख रुपये के लोन के लिए अप्लाई किया था, लेकिन उसका एप्लीकेशन रिजेक्ट हो गया। इससे नाराज होकर उसने बैंक से 13 करोड़ रुपये का सोना लूटा। पुलिस ने कहा कि आरोपी विजयकुमार को स्पैनिश क्राइम ड्रामा सीरीज मनी हाइस्ट से चोरी का आइडिया आया। इसके बाद उनके यूट्यूब वीडियो देखकर 6-9 महीने में बैंक लूट की प्लानिंग की। बैंक लूटने में उसने भाई अजयकुमार, बहनोई परमआनंद और तीन अन्य साथी अभिषेक, चंद्रू और मंजूनाथ की भी मदद ली। पुलिस ने फिलहाल सभी 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी विजयकुमार ने बैंक लूटने से पहले अपने 5 साथियों के साथ मिलकर कई महीने प्लानिंग की। विजयकुमार और चंद्रू ने कई बार बैंक की रेकी की। उन्होंने रात को सुनसान खेतों से बैंक तक जाने की मॉक ड्रिल की, ताकि पुलिस और आम लोगों की मूवमेंट का अंदाजा ना हो सके। इसके बाद गैंग ने खिड़की से बैंक में एंट्री ली। साइलेंट हाइड्रोलिक आयरन कटर और गैस-कटिंग टूल्स का इस्तेमाल करके बैंक के लॉकर तोड़े। किसी ने भी फोन का इस्तेमाल नहीं किया।

■ मनी हाइस्ट सीरीज से आया आइडिया फिर यूट्यूब वीडियो देखकर बनाया प्लान, छह आरोपी गिरफ्तार

## संक्षिप्त समाचार

### युवती से गैंगरेप केस में इंस्पेक्टर व चौकी इंचार्ज लाइन हाजिर

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश के प्रताप गढ़ जिले में थाना क्षेत्र रानी गंज के दुर्गागंज बाजार में प्राइवेट हॉस्पिटल में काम करने वाली दलित युवती की ड्यूटी के दौरान गैंगरेप और हत्या मामले में इंस्पेक्टर रानीगंज आदित्य कुमार सिंह और चौकी इंचार्ज रोहित यादव को लाइन हाजिर कर दिया है। पुलिस अधीक्षक डा. अनिल कुमार ने इस मामले में बड़ा एक्शन लिया है। एसपी ने दुर्गागंज बाजार में मामले को लेकर हुए बवाल में बुधवार को बताया कि मामले में मिली जांच रिपोर्ट के अनुसार पुलिस के अड़ियल रवैए से दुर्गा गंज के ग्रामीण भड़क गए थे और बवाल हो गया था,जिसमे ग्रामीणों द्वारा किए गए पथराव में कई पुलिस कर्मी घायल हो गए थे। गौरतलब है कि पिछले सप्ताह दुर्गा गंज बाजार के एक निजी अस्पताल में रात में ड्यूटी के दौरान एक 22 वर्षीय दलित युवती घी मौत हो गई थी। मृतका के परिजनों ने अस्पताल के डाक्टर सहित अस्पताल कर्मियों पर दलित युवती के साथ सामूहिक बलात्कार और हत्या का आरोप लगाया था।

### नक्सलियों ने शांति वार्ता की अपील की

**सुकमा।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा (माओवादी) की केंद्रीय समिति ने मध्य भारत में युद्ध को तत्काल रोकने का आह्वान किया है। समिति ने शांति वार्ता को सुगम बनाने के लिए भारत सरकार और भाकपा (माओवादी) दोनों से बिना शर्त युद्ध विराम की मांग करते हैं। समिति ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने राज्य सरकारों के साथ मिलकर माओवादी-प्रभावित क्षेत्रों को लक्षित करते हुए 'काग' नामक एक गहन आतंकवाद विरोधी अभियान शुरू किया। इस अभियान के परिणामस्वरूप बड़े पैमाने पर हिंसा, हत्याएं और सामूहिक गिरफ्तारियां हुई हैं। इस अभियान के दौरान 400 से अधिक माओवादी नेता, कार्यकर्ता और आदिवासी नागरिक कथित तौर पर मारे गए हैं। महिला माओवादियों को कथित तौर पर सामूहिक यौन हिंसा और फांसी का सामना करना पड़ा है। इसके अलावा कई नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है और उन्हें अवैध हिरासत और यातना दी गई है। शांति वार्ता के लिए माओवादियों ने कुछ शर्तें भी रखीं हैं । माओवादियों ने बुद्धिजीवियों, मानवाधिकार संगठनों, पत्रकारों, छात्रों और पर्यावरण कार्यकर्ताओं से शांति वार्ता के लिए सरकार पर दबाव बनाने का आग्रह किया।

### देश अब मांग रहा है आंदोलन: सपा

**लखनऊ।** केंद्र सरकार के बुधवार को लोकसभा में पेश किए गए वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि सपा इस बिल का विरोध करती है और करती रहेग। इसके साथ ही सपा नेता ने इशारे में कहा कि सरकार समाज के कुछ लोगों को चुन-चुन कर अपमानित करने का काम कर रही है। देश अब आंदोलन मांग रहा है। सीएम योगी के सवाल पर शिवपाल ने कहा की सभी धर्म के कार्यक्रमों पर सरकार को व्यवस्था करनी चाहिए। अगर व्यवस्था नहीं कर पा रहे हैं, तो गद्दी को छोड़ देना चाहिए। संविधान में लिखा है कि सभी समाज के लोगों को अपने-अपने धार्मिक त्योहार मनाने का अधिकार है और सरकारों की उनके त्योहार को मनाने की व्यवस्था देने का काम होता है।

# तीस जून तक बेच सकेंगे फसल

लखनऊ, वार्ता

**उत्तर** प्रदेश के किसानों के लिए राहत की खबर है क्योंकि अब वे मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) के तहत अपने घर बैठे सीधे सरकार को अपनी दालें और तिलहन बेच सकेंगे। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

सूत्रों ने बताया कि 2 अप्रैल से 30 जून तक चलने वाली योगी सरकार की इस पहल के तहत किसान बिचौलियों या बाजार में उतार-चढ़ाव के बिना न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर अपनी उपज बेच सकेंगे। सूत्रों ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य उचित मूल्य सुनिश्चित करना और किसानों की आय बढ़ाना है, जिससे उन्हें निर्बाध और पारदर्शी बिक्री प्रक्रिया प्रदान की जा सके। इस अवसर का लाभ उठाकर किसान अपनी फसलों के लिए बेहतर रिटर्न प्राप्त कर सकते हैं। पीएसएस के तहत, यूपी के विभिन्न जिलों को फसल खरीद के लिए दो प्रमुख एजेंसियों को सौंपा गया है, जिनमें नैफेड और एनसीसीएफ शामिल हैं। नैफेड के राज्य प्रमुख रोहित जैमन ने कहा कि किसानों को अपनी फसल बेचने



■ सीपीएस के तहत घर बैठे सीधे यूपी सरकार को बेच सकेंगे

के तीन कार्य दिवसों के भीतर सीधे उनके आधार से जुड़े बैंक खातों में भुगतान प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि सुचारू खरीद की सुविधा के लिए, पीसीएफ, पीसीयू, जेएएफईडी और यूपीएसएस के माध्यम से फसल उत्पादक जिलों में खरीद केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। अधिक जानकारी के लिए किसान हेल्पलाइन 18002101222 पर संपर्क कर सकते हैं। यह विशेष खरीद योजना केंद्र सरकार और यूपी सरकार द्वारा संयुक्त रूप से कार्यान्वित की जा रही है, जिसमें नैफेड के प्रबंध निदेशक दीपक अग्रवाल व्यक्तिगत रूप से प्रक्रिया की देखरेख कर रहे हैं।

# दिल्ली विस के इतिहास में सबसे झूठा बजट: आतिशी

नई दिल्ली, वार्ता

**आम** आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता एवं विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने बुधवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार की ओर से पेश बजट के झूठ को उसकी सरकार के ही आदेश ने उजागर कर दिया है।

आतिशी ने संवाददाता सम्मेलन में बुधवार को कहा कि पिछले दिनों भाजपा की दिल्ली सरकार ने दिल्ली विधानसभा में बजट पेश किया। दिल्ली की मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री रेखा गुप्ता ने बार-बार कहा कि एक लाख करोड़ का बजट दिल्ली विधानसभा में पेश हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक बजट है, क्योंकि पहली बार इतना बड़ा बजट दिल्ली विधानसभा में पेश किया जा रहा है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार का यह बजट ऐतिहासिक इसलिए है, क्योंकि यह दिल्ली विधानसभा के इतिहास में अब तक का सबसे झूठा बजट है। उन्होंने कहा कि



मैंने बजट सत्र में अपने संबोधन में इसे सिलसिलेवार और तार्किक तरीके से समझाया कि दिल्ली सरकार के पास एक लाख करोड़ रुपये की न आय है और न तो हो सकती है। अगर टैक्स के आंकड़े देखें, तो जितने आंकड़े इस बजट में दिए गए हैं, उससे कम से कम 5,000 करोड़ रुपये कम टैक्स आएगा, 10 हजार करोड़ रुपये कम लोन मिलेगा और केंद्र सरकार ने अभी तक अपने बजट में दिल्ली सरकार के लिए एक पैसा भी नहीं रखा है। मैंने अनुमान लगाया

■ हवा-हवाई और जुमलों वाला बजट कागजों पर दिल्ली के लोगों को मिल गया: आप

था कि दिल्ली सरकार का बजट वास्तविक करीब 78 हजार करोड़ रुपये का है। आप नेता ने दिल्ली सरकार के कागजात का हवाला देते हुए कहा कि दिल्ली सरकार के वित्त विभाग को भी पता है कि सरकार के पास एक लाख करोड़ तो छोड़िए, 78 हजार करोड़ रुपये का भी बजट नहीं है। दिल्ली सरकार के पास महज 60 हजार करोड़ रुपये का बजट है। उन्होंने कहा कि 31 मार्च को भाजपा की दिल्ली सरकार के वित्त विभाग ने आदेश जारी करके सभी विभागों को आवंटित बजट में पांच फीसद राशि ज्यादा खर्च करने पर रोक लगा दी है। जिन विभागों को यह हवा-हवाई और जुमलों वाला बजट कागजों पर मिल गया है, उन विभागों को उसे खर्च करने पर रोक लगा दी गई है।

कपिल मिश्रा के इस्तीफे की मांग को लेकर विधानसभा में हंगामा

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार के कला एवं संस्कृति तथा भाषा मंत्री कपिल मिश्रा के इस्तीफे की मांग को लेकर बुधवार को आम आदमी पार्टी के विधायकों ने जमकर हंगामा किया। सदन की कार्यवाही जैसे ही अपरा]न दो बजे शुरू हुई, तो आप के विधायक श्री मिश्रा के इस्तीफे की मांग करने लगे। इस दौरान आप के विधायक अपने हाथों में पोस्टर लिए हुए थे, जिस पर 'कपिल मिश्रा इस्तीफा दो[ लिखा हुआ था। विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने आप विधायकों से बार- बार शांत रहने और सदन की कार्यवाही चलने देने की अपील की, लेकिन आप विधायक शांत नहीं हुए। इसके बाद श्री गुप्ता ने विपक्ष की नेता आतिशी , आप विधायक संजीव झा, अनिल झा, मुकेश अहलावत और जरनैल सिंह सहित आप के कई अन्य सदस्यों को मार्शल के जरिये सदन से बाहर निकलवा दिया और सदन की

## वक्फ संशोधन बिल को लेकर सपा प्रमुख अखिलेश का हमला

# नाकामियां छिपाने के लिए लाई सरकार

नई दिल्ली, वार्ता

**सपा** प्रमुख अखिलेश यादव ने बुधवार को लोकसभा में कहा कि मोदी सरकार अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए वक्फ विधेयक लेकर आई है और भारतीय जनता पार्टी इसके जरिये ध्रुवीकरण की राजनीति कर अपने गिरते मतों को संभालना चाहती है।

श्री यादव ने वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 पर सदन में हो रही चर्चा के दौरान कहा कि नोटबंदी, किसानों की आय दुगुनी करने, गंगा सफाई, स्मार्ट सिटी, आदर्श ग्राम योजना आदि कामों में सरकार की विफलताओं से जनता का ध्यान हटाने के लिए यह विधेयक लाया गया है। उन्होंने कहा कि जो सरकार प्रयागराज महाकुंभ में भगदड़ में मरने वालों की संख्या नहीं बता पा रही है, वह वक्फ की संपत्तियां गिनने की तैयारी में लगी है। उन्होंने कहा कि इस विधेयक के पीछे नीयत करोड़ों मुस्लिमों के घरबार और दुकान छीनने की है और यह विधेयक भाजपा की साम्प्रदायिक राजनीति का नया रूप है। समाजवादी पार्टी के नेता ने कहा कि इसके



■ इस विधेयक के पीछे नीयत करोड़ों मुस्लिमों के घरबार और दुकान छीनने की साम्प्रदायिक राजनीति का नया रूप है ये बिल

माध्यम से सरकार मुसलमानों को भड़काना चाहती है ताकि समाज में ध्रुवीकरण हो और भाजपा के वोट में आ रही गिरावट रुके। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा के कई साथी दल भी अंदर से इस विधेयक के पक्ष में नहीं हैं। उन्होंने कहा कि यह विधेयक भारत के लोकतंत्र के बारे में दुनिया में एक गलत संदेश भेजेगा। उन्होंने कहा कि मैं भी हिदू हूं, हिदू सबको साथ लेकर चलने वाला होता है। श्री यादव ने इसी संदर्भ में अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू की ओर संकेत करते हुए कहा कि आप हमारे बहुत से धर्मग्रंथों को नहीं मानते, उपनिषदों को स्वीकार नहीं करते, फिर भी हम आपको अपनाकर चलते हैं। उन्होंने कहा कि श्री रिजिजू ने कहा है कि रेलवे और रक्षा विभाग की जमीनें देश की जमीनें हैं, वह पूछना चाहते हैं कि क्या रेलवे की जमीनें बेची नहीं जा रही, रक्षा विभाग की जमीनें बेची नहीं जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से वक्फ की जमीनों की बातें खूब की जा रही हैं, वक्फ की जमीनों से ज्यादा बड़ा मुद्दा देश की उन जमीनों का है, जिन पर चीन ने कब्जा करके गांव बसा लिए हैं। उन्होंने पूछा कि क्या श्री रिजिजू बताएंगे कि चीन ने भारत की जमीनों पर कितने गांव बसा लिए हैं। श्री यादव ने कहा कि भाजपा के मतों में गिरावट आ रही है, उस गिरावट को संभालने के लिए यह वक्फ विधेयक लाया गया है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक हिन्दू-मुस्लिम भाईचारे के बंटवारे के लिए लाया गया है, समा. जवादी पार्टी इस विधेयक का विरोध करती है,और मत विभाजन होने पर इसके खिलाफ वोट देगी।

### देश में भय का माहौल बना रही सरकार: कांग्रेस



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने बुधवार को राज्यसभा में कहा कि मोदी सरकार देश में भय का माहौल बना रही है और व्यक्तियों के बीच भेदभाव कर रही है। कांग्रेस के अभिषेक मनु सिघवी ने 'आप्रवास एवं विदेशी विषयक विधेयक 2025' पर सदन में चर्चा शुरु करते हुए कहा कि उनकी पार्टी इसका विरोध करती है। उन्होंने कहा कि इससे देश में भय का माहौल बनेगा और यह संविधान की मूल भावना के विरुद्ध होगा। यह अधिकारियों को प्रताड़ना का अधिकार देता है। व्यक्तियों के बीच भेदभाव करता है। यह विदेशियों को मनमाने ढंग से देश से बाहर करने का अधिकार सरकार को देता है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक आव्रजन अधिकारी को असीमित अधिकार देता है। उसके निर्णय के विरुद्ध अपील भी नहीं की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि यह अधिकारी किसी भी व्यक्ति को विदेश जाने से रोक सकता है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक भारत के लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए संकट है। फिलहाल यह विदेशियों के लिए हैं, लेकिन जल्दी ही भारतीय नागरिकों पर भी इसकी छाया पड़ेगी। इससे पहले गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने सदन में चर्चा कराने के लिए यह विधेयक पेश किया। भारतीय जनता पार्टी की रेखा शर्मा ने कहा कि विदेशियों का स्वागत राष्ट्र के हितों की कीमत पर नहीं होना चाहिए। कांग्रेस के शासन में राष्ट्रहित के इस पक्ष को अनदेखा किया गया जिससे बंगलादेश के लाखों लोग भारत में जमने में कामयाब हो गए। पश्चिम बंगाल में बंगलादेशियों के कारण हालात बहुत खराब हो गए हैं। उन्होंने कहा कि भारत एक धर्मशाला नहीं है। यह विधेयक भारत को भारतीयों के लिए सुरक्षित बनाने में मदद करेगा। देश में आप्रवासन के कारण जनसंख्या की समस्या बढ़ती जा रही है।

# यूजीसी के मसौदा नियम पर सुझाव दे सकते हैं: प्रधान

नई दिल्ली, वार्ता

**केन्द्रीय** शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने बुधवार को राज्यसभा में कहा कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के मसौदा नियम सार्वजनिक कर दिया गया है और राज्य अपने सुझाव दे सकते हैं।

श्री प्रधान ने सदन में प्रश्नकाल के दौरान द्रविड मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) के सदस्य तिरुची शिवा द्वारा पूछे गए सवाल के उत्तर में यह बात कही। श्री शिवा ने पूछा था कि क्या यूजीसी के मसौदा दिशा-निर्देशों के संबंध में राज्यों के साथ कोई परामर्श किया गया है। श्री प्रधान ने कहा कि यूजीसी के पास सुधारवादी नियम बनाने का पूरा अधिकार है। उन्होंने कहा कि मसौदा प्रस्ताव जनता के लिए उपलब्ध है और प्रत्येक राज्य के मुख्य सचिव और प्रधान सचिवों को इसकी जानकारी दे दी गई है। उन्होंने कहा कि दस से अधिक राज्यों ने अपने सुझाव दिए हैं, साथ ही राज्य, केंद्रीय, निजी और डीम्ड विश्वविद्यालयों सहित 52 विश्व. विद्यालयों ने भी अपने सुझाव दिए हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने व्यापक रूप से परामर्शी दृष्टिकोण अपनाया है और सुधारित मसौदा सार्वजनिक डोमेन में डाल दिया गया है और कोई



■ राज्य सचित व चीफ प्रधान सचिव को दी गई है मसौदे की जानकारी

भी इसके लिए सुझाव दे सकता है। श्री प्रधान ने कुलपति के चयन से संबंधित प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि स्वतंत्रता के बाद से इस पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया है। हर बार जब राज्य न्यायालय गए हैं, तो उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि यूजीसी के सुझाव ही किसी भी मामले में मान्य होंगे। उन्होंने कहा कि राज्य और केंद्र के बीच समन्वय है। उन्होंने गैर-शैक्षणिक व्यक्ति को कुलपति नियुक्त किए जाने पर चिंता जताते हुए कहा कि वर्तमान परिवेश और प्रौद्योगिकी को देखते हुए, विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित व्यक्तियों को शैक्षणिक संस्थानों का नेतृत्व करना चाहिए।

## अर्थ व्यापार

# लिवाली से शेयर बाजार ने लगाई छलांग

मुंबई, वार्ता

**अमेरिकी** टैरिफ की अनिश्चितताओं के बावजूद स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत पिछले दिवस के कोहराम से उबरकर आज शेयर बाजार ने लंबी छलांग लगाई।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 592.93 अंक अर्थात 0.78 प्रतिशत उछलकर 76,617.44 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 166.65 अंक यानी 0.72 प्रतिशत की तेजी के साथ 23332.35 अंक पर बंद हुआ। बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 1.38 प्रतिशत मजबूत होकर 41,667.65 अंक और स्मॉलकैप 0.99 प्रतिशत चढ़कर 47,136.15 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4085 कंपनियों के शेयरों में



कारोबार हुआ, जिनमें से 2863 में तेजी जबकि 1091 में गिरावट रही वहीं 131 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कुल 2977 कंपनियों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2148 में लिवाली जबकि 757 में बिकवाली हुई वहीं 72 के भाव स्थिर रहे। विश्लेषकों के अनुसार, पारस्परिक टैरिफ को लेकर अनिश्चितता आज की टैरिफ घोषणा के साथ कुछ हद तक कम हो सकती है। लेकिन, ट्रम्प के पहले भी टैरिफ को लेकर बार.बार अपने रुख में बदलाव करने की वजह से यह अनिश्चितता आज के बाद भी जारी रहने की संभावना है। निवेशकों को सलाह है कि वे टैरिफ और बाजार के रुझान के बारे में स्पष्टता का इंतजार करें। यदि टैरिफ की घोषणाएं उम्मीद से भी अधिक कठोर होती हैं तो बाजार में एक और बड़ी बिकवाली देखी जा सकती है। हालांकि, ऐसी स्थिति में भी घरेलू खपत से जुड़े सेक्टर मजबूत बने रहेंगे और उनमें स्थिरता दिख सकती है। बीएसई के सभी 21 समूहों में तेजी का रुख रहा। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 122 अंक की तेजी लेकर 76,146.28 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 76,064.94 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। इसके बाद शुरू हुई लिवाली के दम पर बढ़ता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 76,680.35 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 76,024.51 अंक के मुकाबले 0.78 प्रतिशत की छलांग लगाकर 76,617.44 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह निफ्टी भी 23,158.45 अंक के निचले जबकि 23,350.00 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा।

### कर्नाटक सरकार ने ईंधन पर बिक्री कर बढ़ाया

**बेंगलुरु।** कर्नाटक सरकार ने ईंधन पर बिक्री कर दरें तत्काल प्रभाव से बढ़ा दी है, जिससे पेट्रोलियम उत्पादों की दरों में भारी उछाल आ सकती है। राज्य के वित्त विभाग की बुधवार को यहां जारी एक आधिकारिक अधिसूचना में अपर सचिव जे आर ललिता ने बताया बिक्री कर की दरों को 18-44 प्रतिशत से बढ़ाकर 21-17 प्रतिशत कर दिया गया है।

कर्नाटक बिक्री कर अधिनियम 1957 के तहत जारी इस अधिसूचना के अनुसार यह बढ़ोतरी ईंधन करों पर तत्काल प्रभाव से लागू होंगी। सरकार ने हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं किया है कि यह वृद्धि किन विशेष उत्पादों को प्रभावित करेगी। गौरतलब है की यह परिवर्तन पूर्व में जून 2024 के संशोधित आद.ेश का ही हिस्सा है। यह बढ़ोतरी राज्यभर में आवागमन के साधनों की कीमतों को प्रभावित करेगी जिससे जरूरी सामानों और सेवाओं की कीमतों में भी वृद्धि होने की आंशका जताई गई है। इससे वाणिज्यिक वाहनों में इस्तेमाल होने वाले प्रमख ईंधन डीजल की कीमतों में भी बढ़ोतरी होने की संभावना है जिसके कारण माल ढलाई की कीमतों में उछाल के साथ-साथ मुद्रास्फीती पर भी गहरा असर पड़ सकता है। इससे पेट्रोल की दरों में बढ़ोतरी के कारण रोजमर्रा की यात्रा करने वाले यात्रियों की जेब पर असर पड़ेगा।

# खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में रहा टिकाव

नई दिल्ली, वार्ता

**विदेशी** बाजार में लगातार तेजी जारी रहने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त पड़ने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा 83 रिंगिट उबलकर 4845 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह अप्रैल का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0-11 सेंट की तेजी के साथ 47-55 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे।



इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे :- दाल-दलहन : चना 5450-5550, दाल चना 6450-6550, मसूर काली 7400-7500, मूंग दाल 9400-9500, उड़द दाल 8800-8900, अरहर दाल 8300-8400 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : द्धभाव प्रति क्विंटलत्र्र गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपये और चावल : 3150-3250 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4400-4500, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 15751 रुपये, मूंगफली तेल 18681 रुपये, सूरजमुखी तेल 16484 रुपये, सोया रिफाइंड 15201 रुपये, पाम ऑयल 13919 रुपये और वनस्पति तेल 16849 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**देश में गरीबों की तकदीर बदलेगा.....**

किसी नियम का कोई उल्लंघन नहीं हुआ है। श्री शाह ने कहा कि जेपीसी ने विधेयक में कई संशोधन किए हैं। कांग्रेस के जमाने में कमेटियां ठप्पा होतीं थीं। हमारे समय में कमेटियां विचार करके जरूरी परिवर्तन करतीं हैं। इसके बाद अध्यक्ष श्री बिरला ने विपक्ष की आपत्तियों को खारिज करके विधेयक को पेश करने की अनुमति प्रदान की। श्री रिजिजू ने विधेयक को सदन के समक्ष विचार के लिए प्रस्तुत करते हुए कहा कि इस विधेयक पर संयुक्त संसदीय समिति ने पूरे देश में तमाम वर्ग के लोगों के साथ व्यापक चर्चा के बाद अपनी रिपोर्ट दी थी और उसके आधार पर यह विधेयक पारित कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जेपीसी ने इस विधेयक के बारे में अभूतपूर्व परिश्रम किया है। करीब 97 लाख, 27 हजार 772 सुझावों, अपीलों, ज्ञापनों एवं सिफारिशों का निस्तारण किया है। सभी राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों, अलग-अलग संगठनों, धार्मिक समुदायों, शोधकर्ताओं आदि ने अपने विचार साझा किए हैं। उन्हें पूरा विश्वास है कि जो लोग इस विधेयक का विरोध कर रहे हैं, इसके तथ्यों के बारे में जानकर उनका दिल बदलेगा और वे सब समर्थन करेंगे। उन्होंने कहा कि यह विधेयक शुद्ध रूप से संपत्ति के प्रबंध का मामला है और इससे किसी धर्म के कार्यकलाप में कोई हस्तक्षेप नहीं होता है। उन्होंने कहा कि सरकार किसी धार्मिक कार्य में हस्तक्षेप नहीं कर रही है, यह कोई मंदिर, मस्जिद का विषय नहीं है। यह शुद्ध रूप से संपत्ति के प्रबंधन से जुड़ा मामला है। उन्होंने कहा कि वक्फ की संपत्तियों का प्रबंध मुतव्वली करता है और यह विधेयक उसी प्रबंध से संबंधित है। संसदीय कार्य मंत्री ने इस संबंध में केरल और इलाहाबाद उच्च न्यायालयों तथा उच्चतम न्यायालय के तीन निर्णयों का उल्लेख करते हुए कहा कि तीनों ही निर्णयों में न्यायालयों ने स्पष्ट किया है कि मुस्लिम वक्फ या हिन्दू मंदिरों की संपत्तियों के प्रबंध का काम स्वाभाविक रूप से सेक्युलर (गैरधार्मिक प्रकृति का काम) है। उन्होंने विपक्षी सदस्यों की टोका-टोकी के बीच कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक के बारे में 'आप यह तर्क बंद करें, कि मुसलमानों (की संपत्ति) के मामले में गैर-मुस्लिम को क्यों जोड़ा जा रहा है।' मंत्री ने विपक्ष खासकर कांग्रेस पर वोट बैंक की निरर्थक राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि 2014 के चुनाव के ठीक पहले कांग्रेस के नेतृत्व वाली तत्कालीन संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार ने शहरी विकास मंत्रालय की दिल्ली में 123 संपत्तियों को दिल्ली वक्फ बोर्ड को हस्तांतरित कर दिया था। श्री रिजिजू ने कहा कि आपको तो इसका फायदा हुआ नहीं, आप चुनाव हार गए। फिर ऐसा काम क्यों करते हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष को इस विधेयक पर चर्चा करनी चाहिए और इसको लेकर कोई भ्रम पैदा नहीं करना चाहिए। यह विधेयक किसी के खिलाफ नहीं है, बल्कि मुसलमानों के हित में है और तमाम मुसलमान चाहते हैं कि वक्फ की संपत्तियों का कायदे से प्रबंध हो। अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू नेकहा कि यह कहा जा रहा है कि सेना एवं रेलवे के बाद वक्फ़ के पास सबसे ज़्यादा ज़मीन है, तो यह समझना चाहिए कि रेलवे की जमीन पर पटरी बिछी है और उस पर देश की जनता चलती है। इसलिए रेलवे की ज़मीन देश की ज़मीन है। इसी तरह से सेना की जमीन भी देश की जमीन है, लेकिन वक्फ़ की संपत्ति निजी संपत्ति है। उन्होंने कहा कि दुनिया में सबसे ज़्यादा वक्फ़ संपत्ति भारत में है, लेकिन हमारा गरीब मुसलमान परेशान क्यों हैं।

**हाईवे पर...**

कि कार में रखे मोबाइल में गूगल लोकेशन ऑन थी। इससे आशंका जताई जा रही कि कार गूगल मैप की लोकेशन पर ड्राइव हो रही थी।मूंढापांडे पुलिस ने क्षतिग्रस्त दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया है। जीरो प्वाइंट के पास मंगलवार रात करीब 12 बजे हुए हादसे के बाद दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर लंबा जाम लग गया। हाईवे के दोनों छोर पर वाहनों की कई किलोमीटर तक कतार लग गई। मौके पर पहुंची कटघर और मूंढापांडे थानों की पुलिस ने हादसे में क्षतिग्रस्त कार और ट्रक को हाईवे से हटवाया। करीब डेढ़ घंटे बाद यातायात बहाल हो सका। नैनीताल से लौट रहे युवक-युवतियों की कार जैसे ही जीरो प्वाइंट पर हाईवे पर चढ़ी तभी दिल्ली की ओर से आ रहे सीमेंट के पाइप से लदे ट्रक ने जबरदस्त टक्कर मार दी। हादसे के बाद हाईवे लोगों की भीड़ जमा हो गई, जिसके बाद हाईवे के दोनों ओर वाहनों के पहिये थमते चले गए। वाहनों की कई किलोमीटर तक लंबी लाइन लग गई थी। सूचना पाकर कटघर, मूंढापांडे और हाईवे पुलिस ने मौके पर पहुंच गई। जैसे तैसे कार और ट्रक को मार्ग से हटाकर यातायात सुचारू करवाया। इस दौरान करीब डेढ़ घंटे तक जाम लगा रहा। हादसे के बाद कार सवार दो युवक और दो युवतियां क्षतिग्रस्त कार में ही फंस गए। ट्रक चालक मौके पर ही ट्रक छोड़कर भाग निकला। हादसा देखकर दौड़े आसपास के लोग अभी कार सवारों को निकालने की कोशिश कर ही रहे थे कि कार में आग लग गई। जैसे-तैसे दोनों युवक तो कार से बाहर निकल आए, लेकिन युवतियां कार में ही फंसी रह गईं। लोगों ने पानी और मिट्टी आदि डालकर आग पर काबू पाया। बाद में युवतियों को कार से निकाला गया। सभी को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डाक्टरों ने दोनों युवतियों सिमरन व शिवानी को को मृत घोषित कर दिया।

### सरकार ने उत्तर पूर्वी राज्यों को पहला अंग बनाने का काम किया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिधिया ने कहा कि पूर्व में उत्तर पूर्वी राज्यों को आखिरी टापू के रूप में देखा जाता था अब उत्तर पूर्वी राज्यों को पहला अंग बनाने का काम किया है।

श्री सिधिया ने प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों के जवाब में कहा कि प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेन्द्र मोदी ने उत्तर पूर्वी राज्यों के विकास को प्राथमिकता दी है। पूर्व में उत्तर पूर्वी राज्यों को देश के आखिरी टापू के रूप में देखा जाता था अब प्रधानमंत्री ने इसे पहला अंग बनाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि 2004 से 2014 के बीच 54 मंत्रालय के बजट आवंटन 27 हजार करोड़ रुपये का था जो वर्तमान में 91 हजार करोड रुपये प्रति वर्ष हो चुका है जो साढे तीन गुणा अधिक है। उत्तरी पूर्वी राज्यों में 19 रेलवे प्रोजेक्ट 80 हजार करोड़ की लागत से चलाए जा रहे हैं। इन राज्यों के 4500 गांव को 4जी नेटवर्क से जोड़ा है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale










वैधानिक सूचना

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेगा। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# ईद मिलने जा रहे चार लोगों की हादसे में मौत

**बरला बसेडा मार्ग पर हुआ भयानक हादसा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपार।** रात्रि में बरला-बसेडा मार्ग पर एक कार गन्ने से भरी ट्रैक्टर ट्राली से टकराने पर कार सवार दो महिला व दो छोटे बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई थी जबकि दो बच्चे व चालक घायल हो गये। घटना के समय मृतक व घायल रिश्तेदारी में ईद मिलने के लिए जा रहे थे।

मंगलवार की रात्रि में गांव कमालपुर थाना मेडिकल जनपद मेरठ निवासी जुनेद अपने परिवार के साथ कार ईद मिलन करने अपनी रिस्तेदारी गांव गोपाली थाना देवबंद जा रहे थे जब वे बरला बसेडा मार्ग पर तेजलहेडा चौराहे के निकट पहुंचे तो सामने से आ रहा गन्नों से भरे ट्रेक्टर ट्राली से टकरा गई जिससे उसमें सवार जुनैद की पत्नी खुशनुमा, पुत्री सानिया दो बच्चियां तुंबा व मिरहा पुत्री बिलाल की मौत हो गई ओर जुनैद का पुत्र शादान व जामिल पुत्र जिआउल घायल हो गये।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में कर घायलों को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। परिजनों ने शवों का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया ओर ले जाकर सुपुर्द-ए-खाक कर दिया। जुनैद के भांजे मुनफेत का कहना है कि उन्होंने कोई तहरीर थाने में नहीं है ओर न ही कोई मुआवजा चाहिए। पूरा परिवार गम में डुबा हुआ है।

# युवक ने खुद को गोली मारकर की आत्महत्या

## अंतिम संस्कार में गए परिवार की गैर मौजूदगी में उठाया कदम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानसठ।** क्षेत्र के गांव राजपुर कलां में अविवाहित युवक ने गोली मारकर आत्महत्या कर ली। मौके पर पहुंचे सीओ यतेंद्र सिंह नागर व कोतवाली प्रभारी राजीव शर्मा ने परिवार के लोगों से पूछताछ की। पूछताछ में मामला आत्महत्या का निकाला।

कोतवाली जानसठ के गांव राजपुर कलां निवासी 26 वर्षीय सन्नी उर्फ पीलू पुत्र प्रदीप मुजफ्फरनगर में स्थित एचडीएफसी बैंक में प्राइवेट नौकरी करता था। सन्नी की अभी तक शादी नहीं हुई थी। मंगलवार की शाम को गांव बसेड़ा में सन्नी के फूफा महकसिंह की मौत हो गई थी। परिवार के लोग मंगलवार की शाम को बसेड़ा में रिश्तेदार के अंतिम संस्कार में शामिल होने चले गए थे। घर में सिर्फ सन्नी उसकी बहन तानिया, चचेरा भाई सचिन पुत्र पप्पू और चचेरी बहन निक्की पुत्री मुन्नू मौजूद रह गए थे। मंगलवार की रात्रि को सन्नी उर्फ पीलू खाना खाकर अपने मकान की द्वितीय मंजिल के कमरे में अकेला सोने के लिए चला गया था। बुधवार की सुबह करीब 6 बजे के करीब सन्नी का खून से लथपथ शव चारपाई पर पडा था। शव को देखकर बहन की चीख निकल गई। चीख की आवाज सुनकर परिवार से चचेरा भाई व चचेरी बहन कमरे में पहुंचे तो, वे भी सन्न रह गए। गांव में युवक की हत्या को लेकर सनसनी फैल गई। हत्या की सूचना मिलने पर सीओ यतेंद्र सिंह नागर व कोतवाली प्रभारी राजीव शर्मा पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस की जांच पड़ताल में पता चला कि मृतक सन्नी की दांई आंख के ऊपर माथे पर गोली लगी थी। सीओ यतेंद्र नागर ने हत्या की जांच पड़ताल कराने के लिए डॉग स्क्वायड व फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलवाया। सीओ ने चचेरे भाई सचिन और परिवार के लोगों से पूछताछ की तो, मामला सन्नी के द्वारा खुद गोली मारकर आत्महत्या करने का निकल कर सामने आया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# विवाहिता ने फांसी लगाकर किया सुसाइड

**बिना सूचना दिए अंतिम संस्कार करने में फंसे ससुराल वाले**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** किसी मामूली सी बात पर पति पत्नि में खटपट हो गयी तो पत्नी ने पति की गैर मौजूदगी मे घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उधर ससुरालिए मृतका का गुपचुप अंतिम संस्कार करके फंस गये। इस मामले में पुलिस ने पति समेत 4 लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर पति को जेल भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार बुढाना कोतवाली क्षेत्र के दुर्गनपुर गांव निवासी लोकेन्द्र पुत्र सोहनवीर की शादी मुजफ्फरनगर जिले के राम. राज थाना क्षेत्र के गांव देवल निवासी श्याम सिंह पुत्र मन्नू की पुत्री से करीब एक साल पहले हुई थी। किसी ना किसी बात को लेकर पति पत्नि में हर दसवें दिन खटपट रहती थी। प्रथम नवरात्रे में दोनों किसी बात पर झगड पडे तो पति लोकेंद्र खेत पर चला गया और उधर उसकी पत्नि ने घर में ही फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। कुछ देर बाद पड़ोस की एक महिला लोकेंद्र के घर पर यह पूछने गयी कि वह नवरात्रे का व्रत रखेगी या नहीं तो देखा विवाहिता फंदे पर झूल रही है। उसने शोर मचाया तो पति और उसके परिवार के सदस्य मौके पर आ गये और उन्होंने महिला के पीहर वालों को बिना सूचना दिए विवाहिता का अंतिम संस्कार कर दिया। कुछ देर बाद किसी ग्रामीण ने मृतका के घरवालों को घटना की सूचना दी तो परिजन रोते बिलखते मौके पर आए और पति समेत 4 लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज कर पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। फिलहाल उक्त मामले की जांच बुढाना सीओ गजेंद्र पाल सिंह कर रहे हैं।



मुजफ्फरनगरः मुस्लिम धर्मगुरूओं के साथ क्षेत्र में फ्लैग मार्च करते डीएम व एसएसपी।




मुजफ्फरनगरः मीनाक्षी चौक खालापार पर तैनात पुलिस बल के जवान।

# वक्फ संशोधन विधेयक पेश होते ही अलर्ट मोड़ पर आया प्रशासन

**डीएम व एसएसपी ने सड़कों पर उतरकर संभाला मोर्चा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** संसद में पेश किए गए वक्फ संशोधन बिल के मद्देनजर सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील इलाकों में दंगा नियंत्रण यंत्र उपकरणों के साथ जिले के आलाअधिकारी सडकों पर उतरे और फ्लैग मार्च करते हुए मुस्लिम प्रतिनिधियों से वार्ता कर अफवाहों से बचने की अपील करते रहे।

बुधवार को और विपक्ष के आरोप-प्रत्यारोप के बीच जैसे ही संसद में वक्फ संशोधन बिल पेश किया गया तो जिला प्रशासन भी अलर्ट हो गया जिलाधिकारी उमेश मिश्रा और एसएसपी अभिषेक सिंह की अगुवाई में पुलिस में प्रशासनिक अमला सडकों पर उतर आया। दिन भर आला अधिकारी संवेदनशील क्षेत्र की मॉनिटरिंग करते रहे। सत्ता पक्ष जहां वक्फ संशोधन बिल के फायदे और विपक्ष नुकसान गिनाता रहा। वक्फ संशोधन बिल पर उठे विवाद के चलते उत्तर प्रदेश में पुलिस को अलर्ट मोड पर रखा गया। सुबह से ही पुलिस सडकों पर नजर आई। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह ने अपर जिलाधिकारी प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह पुलिस अधीक्षक नगर सत्यनारायण प्रजापत क्षेत्राधिकारी नगर राजू साव के साथ शहर के प्रमुख चौराहो, बाजारों, संवेदनशील स्थानों तथा मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पुलिस बल दंगा निरोधी उपकरणों के साथ फ्लैग मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा।

**ड्रोन उड़ाकर रखी गई निगाह**

**मुजफ्फरनगर।** दिनभर जिले के आला अधिकारी जहां सड़कों पर नजर आए तो वहीं जिला प्रशासन ने ड्रोन कैमरों से सुरक्षा व्यवस्था बनाने के लिए निगाह गडाए रखी। संवेदनशील क्षेत्रों में ड्रोन कैमरे उडाकर अधिकारी सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे। साथ ही अधीनस्थ अधिकारियों को चौकसी बरतने के भी निर्देश दिए।

### सोशल मीडिया की रखी गई निगरानी

**मुजफ्फरनगर।** दिन भर अधिकारी जहां स्थानीय लोगों व धर्मगुरूओं से वार्ता करते रहे वहीं पुलिस द्वारा सोशल मीडिया की सतत् निगरानी भी की गई। सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार को भडकाऊ गलत, अशोभनीय पोस्ट शेयर करने, किसी भी भ्रामक पोस्ट की पुष्टि पुलिस-प्रशासन से करने, किसी भी कानून गतिविधि का हिस्सा ना बनने तथा एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करने की अपील की गई। फ्लैग मार्च के उपरान्त पुलिसबल को ब्रीफ करते हुए सतर्कता पूर्वक तत्पर तत्काल विधिक कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया।

# 18 करोड़ की लागत के नालों को मिली स्वीकृति

## विरासत के साथ-साथ भरपूर विकास कार्य कर रही भाजपा सरकार: कपिल देव

**मंत्री के प्रयासों से चार करोड़ की धनराशि अवमुक्त**

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मुजफ्फरनगर।** विधानसभा क्षेत्र मुजफ्फरनगर सदर व नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर की सीमांतर्गत जल निकासी हेतु नालों का निर्माण कराये जाने का कार्य लंबे समय से अटका हुआ था। 18 करोड रुपये की लागत से बनने वाले इन नालों के निर्माण पर स्वीकृति की मुहर लग गई है और इसके सापेक्ष प्रथम किश्त अवमुक्त हो गई है।

जानकारी देते हुए नगर विधायक और प्रदेश सरकार में स्वतंत्र प्रभार मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि बीते नगरीय क्षेत्र की जलभराव की समस्या के समाधान हेतु उन्होंने नगर विकास मंत्री अरविंद कुमार शर्मा से भेंट कर इस कार्य की मांग की थी। नगर विकास मंत्री से मिले आश्वासन के बाद अब इस कार्य को प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्राप्त हो गई है। उन्होंने बताया कि लद्दावाला से गणेश चौक व रामलीला टिल्ला रोड से होते हुए काली नदी तक मुख्य नाला निर्माण, आबकारी पुलिस चौकी से मोहल्ला आबकारी होते हुए मुख्य नाले तक नाला निर्माण और नावल्टी चौक चुंगी नंबर 2 से रामलीला टीला रोड से मुख्य नाले तक नाला निर्माण का कार्य प्रस्तावित था।

मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि इस कार्य में कुल 18 करोड रुपये खर्च होंगे, जिसकी स्वीकृति मिल गई है और पहली किश्त के रूप में 4 करोड रुपये भी आए हैं। इन नालों का निर्माण कार्य उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय) द्वारा कराया जाएगा। कागजी कार्यवाही पूरी कर ली गई है, अब धरातल पर निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। मंत्री कपिल देव ने कहा कि यह क्षेत्रवासियों के लिए एक बडी सौगात है। इससे अब क्षेत्र में जलभराव की समस्या का स्थाई समाधान हो जाएगा। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की भाजपा सरकार विरासत के साथ-साथ विकास कार्य कर रही है और सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की वचनबद्धता से जनसेवा में जुटी है। उन्होंने क्षेत्रवासियों की ओर से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और नगर विकास मंत्री अरविंद कुमार शर्मा का आभार जताया है।

# जानसठ रोड़ पर वृद्ध का नग्न शव मिलने से सनसनी

**36 घंटे बाद भी नहीं हुई मृतक की पहचान**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी क्षेत्र के जानसठ रोड पर एक खाली प्लाट में एक वृद्ध का नग्न शव मिलने से सनसनी फैल गई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक की पहचान कराने के प्रयास किए, लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस का मानना है कि शव एक दिन पुराना है, लेकिन वह नग्न अवस्था में मिलने से पुलिस इसकी जांच में जुट गई है।

नई मंडी पुलिस को मंगलवार की रात सूचना मिली कि जानसठ रोड स्थित हॉस्पिटल के सामने खाली प्लाट में एक वृद्ध का शव पडा हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की छानबीन की। इस समय यहां करीब दो दर्जन लोग एकत्रित थे। और काफी प्रयास के बाद भी मृतक की शिनाख्त नहीं हुइ। शव नग्न अवस्था में था और पहचान न होने के कारण पुलिस ने नियमानुसार शव को 72 घंटे के लिए मोर्चरी में रखवा दिया।

पुलिस का कहना है कि मृतक कही बाहर का लग रहा है और नग्न शव मिलने की जांच की जा रही है। यहां इकट्ठा भीड़ भी तरह-तरह की अनुमान लगा रही थी। फिलहाल पुलिस अभी भी मृतक की पहचान कराने के प्रयास में लगी हुई है।

# शेयर ट्रेडिंग के नाम पर कारोबारी से लाखों ठगे

**एक और पीड़ित के खाते से भी नटवरलाल ने निकाली नकदी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** साइबर ठगो ने एक कारोबारी से शेयर ट्रेडिंग के नाम पर लाखों रूपये ठग लिए है। और इसके बाद नटवरलाल ने हवाला के माध्यम से साढ़े सात लाख रूपये धमकी देकर मांगे है। ठगी की एक अन्य वारदात भी हुई है।

नगर कोतवाली के कृष्णापुरी निवासी गौरव जैन पुत्र विजय कुमार जैन कारोबारी है। उन्होंने दर्ज कराए मुकदमे में बताया है कि आनलाइन शेयर ट्रेडिंग के लिए उनके मोबाइल पर साइबर ठग की काल आई थी। उन्होने मोटे मुनाफे का लालच दिया था और एक ग्रुप से भी जोड लिया था। बताया कि 10 मार्च से लेकर 28 मार्च तक चार खातों में 4 लाख 72 हजार रुपये शेयर ट्रेडिंग के लिए साइबर ठगों ने चार खातों में डलवा लिए। इतना ही नहीं साइबर ठग ने आतंकित करते हुए हवाला के माध्यम से साढ़े सात लाख रुपये की मांग भी की। मुकदमा दर्ज कर साइबर हेल्प डेस्क ने जांच शुरू कर दी है। उधर, लद्दावाला निवासी मुदस्सिर पुत्र मुनीर आलम से भी आनलाइन फर्जीवाडा हुआ है। साइबर ठग ने पहले उसके खाते से 86 हजार रुपये निकाले और बाद में क्रेडिट कार्ड से 38 हजार रुपये धोखाधड़ी की। मुकदमा दर्ज कर साइबर हेल्प डेस्क ने जांच शुरू कर दी है।

### ई-रिक्शा की वेरीफिकेशन जरूरी 15 तक दिखाने होंगे कागजात

**मुजफ्फरनगर।** प्रदेश में शुरू हुए ई-रिक्शा के खिलाफ अभियान में अनाधिकृत रूप से सड़कों पर दौड रही ई-रिक्शाओं पर शिकंजा कसा गया है। अब तक 80 से अधिक ई-रिक्शा सीज की जा चुकी है इसके लिए अब यातायात पुलिस व परिवहन विभाग ने वेरीफिकेशन जरूरी कर दिया है। अब वेरीफिकेशन अभियान चलाया जाएगा। पन्द्रह अप्रैल तक सभी ई-रिक्शा चालकों को संबंधित थाने में अपना वेरिफीकेशन कराने के लिए जरूरी कागजात दिखाने होगे। जिसके बाद ही सड़कों पर चलने वाली ई-रिक्शा वैध मानी जाएगी।

# दरिंदगी करने वाला मुठभेड़ में घायल

## दिव्यांग किशोरी से किया था दुष्कर्म, तमंचा व कारतूस बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** पुलिस मुठभेड में दिव्यांग किशोरी से दरिंदगी करने वाला पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से वो तमंचा भी बरामद करने का दावा किया जिससे किशोरी को धमकाया गया था।

एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने बताया कि बदमाशों और वांथितों पर प्रभारी कार्रवाई के लिए पुलिस लगातार अभियान चला रही है। बुधवार को एसएसपी अभिषेक सिंह ने पूरे जिले की पुलिस को अलर्ट कर रखा था और अपने-अपने क्षेत्र में पैदल गश्त के आदेश दे रखे थे। इसी कडी में नगर कोतवाल अक्षय शर्मा एसआइ मोहित चौधरी, हेड कांस्टेबल अमित कुमार, रोहित तेवतिया, कांस्टेबल मनेंद्र कुमार, मोहित कुमार, सुभाष चंद्र, निशांत कुमार, संदीप कुमार, सैनी कुमार व गगन कुमार के साथ कच्ची सडत न्याजूपुरा क्षेत्र में पैदल गश्त कर रहे थे। तभी उन्हें सूचना मिली थी कि दिव्यांग किशोरी से दरिंदगी करने का आरोपित मुस्तकीम पुत्र सलीम निवासी गली नंबर चार लद्दावाला न्यू गुडलक बारात घर के पास खाली पडे प्लाट खडा है।

सूचना मिलते ही नगर कोतवाल टीम के साथ मौके पर पहुंचे तो आरोपित पुलिस को देखकर जंगल की तरफ फायरिंग करते हुए भागने लगा। जवाबी कार्रवाई में आरोपित पैर में गोली लगने से घायल हो गया। मुठभेड की जानकारी मिलते ही सीओ सिटी राज कुमार साव मौके पर पहुंचे और नगर कोतवाल से घटना की जानकारी ली।

पुलिस घायल आरोपित को गिरफ्तार कर इलाज के लिए जिला अस्पतास भिजवा दिया। आरोपित से पुलिस ने 315 बोर का एक तमंचा भी बरामद किया है। इसी का खौफ दिखाकर आरोपित ने दिव्यांग किशोरी से दरिंदगी की थी। नगर कोतवाल अक्षय शर्मा ने बताया, किशोरी के पिता ने आरोपित के खिलाफ दो फरवरी 2025 में मुकदमा दर्ज कराया था।

# समय आने पर खुद इलाज करेंगे सपा सांसद का: पूरन

**भारतीय किसान मजदूर संगठन ने किया ऐलान**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** किसान नेता व भारतीय किसान मजदूर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर पूरन सिंह ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा राणा सांगा पर विवादित बयान देने वाले सपा सांसद रामजीलाल सुमन के लिए हमने सजा मुकर्रर कर दी है, हमें रामजी लाल सुमन से कोई माफी नहीं मंगवानी है हम उनका इलाज अपने ढंग से कर देंगे।

उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले सपा सांसद रामजीलाल सुमन ने राणा सांगा को गद्दार बता दिया था जिसको लेकर उनके पूरे देश में आला. ेचना हो रही है आज राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर पूरन सिंह ने कहा कि रामजीलाल सुमन से हमें ने माफी मंगवानी है ने नाग रगडवानी है और ना ही उनसे यह कहना है कि वह गलती मान ले ना ही हमें उनसे सपा सांसद का इस्तीफा दिलवाना है हमने उनके लिए सजा मुकद्दर कर दी है जिसे उचित समय पर उन्हें जरूर दी जाएगी उन्होंने यह नहीं बताया की सजा के तौर पर क्या किया जाएगा, लेकिन इशारों ही इशारों में उन्होंने कह दिया कि उनका ऐसा इलाज होगा जो औरों के लिए भी उदाहरण बन जाएगा और उसके बाद कभी कोई किसी महापुरुष के खिलाफ इस तरह की अभद्र टिप्पणी नहीं कर पाएगा।



मुजफ्फरनगरः अवैध रूप से दौड़ रही ई-रिक्शा को थाने ले जाता यातायात पुलिसकर्मी।

# फर्टिलाइजर की खुली बिक्री पर भड़के व्यापारी

**प्रदर्शन कर कृषि रक्षा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जिले में चीनी मिलों और कीटनाशक एवं फर्टिलाइजर निर्माण इकाइयों द्वारा अवैधानिक रूप से रिटेल काउंटर खोलकर कीटनाशक और फर्टिलाइजर की बिक्री के खिलाफ स्थानीय विक्रेताओं ने नाराजगी जताते हुए प्रदर्शन कर कृषि रक्षा अधिकारी का घेराव कर उन्हें ज्ञापन सौंपा।

बुधवार को मुजफ्फरनगर एग्रीकल्चर संगठन के बैनर तले कीटनाशक विक्रेता नुमाइश मैदान से जुलूस के रूप में विकास भवन स्थित



कृषि रक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचे और प्रदर्शन करते हुए एक ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों ने चीनी मिलों और निर्माण इकाइयों के इस अवैध कारोबार को तत्काल बंद करने की मांग की।विक्रेताओं ने आरोप लगाया कि जिले की चीनी मिलें अवैध तरीके से किसानों को कीटनाशक दवाइयां बेच रही हैं, जो किसानों के साथ धोखाधडी है।

ज्ञापन मे कहा गया कि निर्माण इकाइयां अपने परिसर में रिटेल काउंटर लगाकर उत्पाद बेच रही हैं, जो समय-समय पर जांच में मानकों के विपरीत पाए गए हैं। इस अवैध कारोबार से लाइसेंसधारी विक्रेताओं के व्यापार पर गंभीर संकट खडा हो गया है।

कीटनाशक विक्रेता चौधरी शुभम त्यागी ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों से चीनी मिलें चुनिंदा कीटनाशक जैसे कोरोजन और फरटेरा किसानों को उपलब्ध करा रही थीं, लेकिन इस वर्ष स्थिति और गंभीर हो गई है। मिलों के अप्रशिक्षित कर्मचारी और गन्ना सुपरवाइजर किसानों के घर-घर जाकर सभी प्रकार के कीटनाशक और फर्टिलाइजर बेच रहे हैं, वह भी किसानों की मर्जी के खिलाफ। 'यह अवैध बिक्री न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि हमारे व्यापार को भी चौपट कर रही है।

निर्माण इकाइयों के रिटेल काउंटर भी इसी तरह लाइसेंसधारी विक्रेताओं के लिए मुश्किलें खडी कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने कई मांगें रखीं। उन्होंने मांग की कि जिले की सभी चीनी मिलों में फर्टिलाइजर और कीटनाशक की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए। साथ ही, गन्ना सुपरवाइजरों और मिल कर्मचारियों को केवल खेतों का निरीक्षण करने तक सीमित रखा जाए और उनके द्वारा घर-घर जाकर बिक्री पर रोक लगाई जाए।

# छेड़छाड़ का विरोध करने पर युवती के घर किया पथराव

## हमलावरों ने घर में घुसकर की युवती और उसके परिवार के साथ मारपीट

■ खतौली के सद्दीकनगर मौहल्ले की घटना

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** देर रात कस्बे के सद्दीकनगर मौहल्ले में युवतीं द्वारा छेड़छाड़ का विरोध करने पर दर्जनों हमलावर युवकों ने युवतीं के घर मे घुस कर उसके गुप्त अंगों के साथ छेड़छाड़ करते हुय परिवार के लोगों के साथ मारपीट कर युवतीनके घर पर पथराव कर दिया।

जिसमें युवती समेत उसके परिवार के कई लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए।

पीड़ित युवती ने कोतवाली पहुँच हमलावरो के खिलाफ तहरीर देते हुय कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर लेकर आरोपी पक्ष के खिलाफ कार्यवाही करते हुय चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू दी है।

सद्दीकनगर निवासी यास्मीन पत्नी आशु ने देर रात कोतवाली में हमलावरो के खिलाफ तहरीर देते हुय मौहल्ले के ही अधादर्जन युवकों नदीम, जबीर, फुरकान,दीनू पर उसके साथ छेड़छाड़ करने या आरोप लगाते हुय विरोध करने पर मारपीट पर घर पर पथराव करने का आरोप लगाया।

पीड़िता का आरोप था कि उक्त लोग उसके साथ आएदिन छेड़छाड़ करते है पीड़िता ने पुलिस से उक्त सभी युवको के खिलाफ कार्रवाई करने की गुहार लगाई। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर सभी आरोपियों के खिलाफ छेड़छाड़ और मारपीट करने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# शतचंडी यज्ञ करने से बनते हैं बिगड़े काम : आचार्य राजीव मिश्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** तीर्थ नगरी शुकतीर्थ स्थित हनुमद्धाम में श्री राम आध्यात्मिक प्रन्यास के तत्वावधान में चल रही श्री हनुमत जयंती महोत्सव के चौथे दिन आचार्य राजीव मिश्र ने कहा कि शत चंडी यज्ञ करने से सभी बिगड़े काम बन जाते है तथा बिगड़े हुए ग्रहों की स्थिति को भी सही किया जा सकता है। सौभाग्य आपका साथ देने लगता है, मनुष्य खुद को एक आनंदित वातावरण में महसूस करता है। देवताओं को भोजन यज्ञ से प्राप्त होता है। शत चंडी यज्ञ में भाग लेकर हम अपनी आत्मा को जहां शुद्ध कर रहे हैं वहीं हमें मां भगवती का आशीर्वाद मिलता है। प्रधान आचार्य दिवाकर वशिष्ठ के सानिध्य में देवेंद्र, मोहित, किशन पांडेय, आचार्य चंद्रप्रकाश, आचार्य गोविंद,



धर्मेंद्र आचार्य, आचार्य केशव, आचार्य नवनीत, आचार्य आशीष, आचार्य शिवम व शांतनु, दिवांशु कौशिक ने पूजन कराया। महामण्डलेश्वर स्वामी केशवानन्द सरस्वती महाराज ने बताया कि गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी 11 अप्रैल सुबह नौ बजे दिव्य विराट संत सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। जिसमें राजस्थान, उत्तराखंड, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, पंजाब, यूपी आदि प्रांतों से अनेक महामंडलेश्वर अमृत ज्ञान की वर्षा करेंगे। कार्यक्रम में यूपी विधान सभा के अध्यक्ष सतीश महाना भी भाग लेंगे। इस दौरान शिव कल्याण आश्रम में स्वामी गीतानंद महाराज, स्वामी महेशानंद गिरी महाराज, स्वामी आनन्द स्वरूपानन्द सरस्वती व स्वामी विज्ञानानंद सरस्वती आदि मौजूद रहे।

## धरने में भारी संख्या में पहुंचने की अपील

**खतौली।** भारतीय किसान यूनियन की खतौली ब्लाक के रायपुर नंगली,फुलत,चंदसीना, मथेडी,नावला गांव में नुक्कड मीटिंग आयोजित हुई मीटिंग में एनसीआर उत्तर प्रदेश प्रभारी कपिल सोम ने सात अप्रैल से खतौली तहसीलदार के द्वारा भ्रष्टाचार के विरुद्ध खतौली तहसील में शुरू होने वाले अनिश्चितकालीन धरने पर ग्रामीणों एवं किसानों से एकजुट होकर अधिक संख्याबल के साथ पंहुचने की अपील की किसानों मजदूरों ने खतौली तहसील में शुरू होने वाले धरने पर अधिक संख्याबल के साथ पंहुचने का आश्वासन भारतीय किसान यूनियन को दिया 'मथेडी गांव में भाकियू द्वारा सिद्धान्त सहरावत को ग्राम अध्यक्ष एवं बोबी सहरावत को तहसील सचिव खतौली नियुक्त किया। इस मौके पर ब्लाक अध्यक्ष सतेन्द्र चौहान, तहसील अध्यक्ष ललित त्यागी, एनसीआर महामंत्री सचिन चौधरी,आशुतोष प्रधान, आशू त्यागी, निखिल सहरावत, खडक सिंह,राहुल चौधरी,;षिपाल ठाकुर,लियाकत प्रधान ,सोनू प्रजापति, आरिस राजपूत,नाजिम खान,युसुफ नेताजी,कफी,मुर्तजा, नफीस, आदि मौजूद रहे।

## वक्फ संशोधन बिल पेश होने पर अलर्ट

**चरथावल।** वक्फ संशोधन बिल के संसद में पेश होने के बाद पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर है।चरथावल नगर में एसडीएम सदर निकिता शर्मा,सीओ सदर देवव्रत वाजपेई व इंस्पेक्टर जसवीर सिंह ने पुलिस फोर्स के साथ मुस्लिम बाहुलय इलाकों में पैदल फ्लैग मार्च किया और स्थिति पर नजर रखी। चरथावल नगर में एसडीएम सदर निकिता शर्मा,सीओ सदर देवव्रत वाजपेई व इंस्पेक्टर जसवीर सिंह ने पुलिस फोर्स के साथ लंबी दूरी तक पैदल फ्लैग मार्च कर लोगों के बीच विश्वास पैदा करने की कोशिश की।इस मार्च के जरिए अधिकारियों ने यह संदेश देने की को. शिश की कि प्रशासन हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। मुस्लिम बहुल इस इलाके में पुलिस की मौजूदगी बढ़ाने के साथ-साथ स्थानीय लोगों से भी सहयोग मांगा गया।संवेदनशील इलाकों में विशेष निगरानी रखी जा रही है।

# स्वामी कल्याण देव कन्या इंटर कॉलेज में रिजल्ट घोषित

**जानसठ।** आदर्श कस्बे के आदर्श कॉलोनी में स्थित स्वामी कल्याण देव कन्या इंटर कॉलेज में परीक्षा फल घोषित किया गया। बुधवार को स्वामी कल्याण देव कन्या इंटर कॉलेज में परीक्षा फल घोषित किया गया। इस दौरान एस आई सीमा व उनकी टीम कॉलेज में पहुंची और छात्र-छात्राओं को शिक्षा के प्रति जागरुक करते हुए कहा, कि शिक्षा के बिना जीवन व्यर्थ है इसलिए अपने स्वाभिमान को बढ़ाते हुए शिक्षा ग्रहण करें उन्होंने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के बारे में और नारी शक्ति के बारे में भी छात्राओं को विस्तार पूर्वक बताया। तत्पश्चात कॉलेज की प्रधानाचार्य अंशु देवी, रेनू, दीपा पावला, पूजा शर्मा, योगिता आदि ने मिलकर एस आई सीमा के साथ -छात्राओं को रिजल्ट दिए और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की, प्रधानाचार्य अंशु देवी ने जानकारी देते हुए बताया, कि कक्षा 6 में



प्रथम स्थान अनुष्का सैनी,द्वितीय स्थान कनिका सैनी तृतीय स्थान सना ने हासिल किया। कक्षा 7 में प्रथम स्थान खुशी द्वितीय स्थान सना तृतीय स्थान दिआ ने हासिल किया। कक्षा 8 में प्रथम स्थान वर्णिका द्वितीय स्थान अवनी तृतीय स्थान विधि ने प्राप्त किया। कक्षा 9 में प्रथम स्थान पूनम द्वितीय स्थान नव्या व तृतीय स्थान तमन्ना ने प्राप्त किया तो वही कक्षा 11 में प्रथम स्थान तनीषा द्वितीय स्थान सृष्टि व तृतीय स्थान अकक्षा ने प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। कार्यक्रम का संचालन मानसिंह शर्मा के द्वारा किया गया तो वही प्रबंधक इलम सिंह ने सभी छात्राओं का हौसला बढ़ाते हुए उनको इसी तरह आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

# राणा सांगा का अपमान नहीं सहेगा समाज, सर्व समाज ने किया प्रदर्शन

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** वीर शिरोमणि राणा सांगा के सम्मान की रक्षा के लिए सर्व समाज ने खतौली में मोर्चा निकालकर तहसील परिसर तक प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी करते हुए उप जिलाधिक. ारी को ज्ञापन सौंपा और महापुरुषों की छवि को धूमिल करने के किसी भी प्रयास का कड़ा विरोध किया साथ ही सपा सांसद के बयान का कड़ा विरोध करते हुय सांसद की सदस्यता निरस्त करने की मांग की मांग पूरी न होने पर राजपूत समाज आगरा में उसके घर पर धावा बोल हंगमा प्रदर्शन करने की चेतावनी दी।

सपा राज्य सांसद रामजी लाल सुमन द्वारा संसद में महापुरुष राणा सांगा प्रति अपशब्द कहने पर राजप. ूत समाज मे भारी आक्रोश फुट पड़ा जिसके बाद बुधवार को राजपूत समाज और नगर के अन्य समाज के सैकड़ों लोगों ने गन्ना समिति में जमा हुए और सपा सांसद के खिलाफ रणनीति बनाने के बाद समिति से तहसील तक जलुस निकाल कर नारे बाजी करते हुय तहसील पहुँच नारे बाजी कर प्रदर्शन किया प्रदर्शनकारियों ने एसडीएम मोनालिसा जौहरी को महामहिमा राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन देते हुय कहा कि राणा सांगा के प्रति किसी भी प्रकार की अवमानना को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने मांग कि की राणा सांगा से जुड़े किसी भी अपमानजनक बयान या कृत्य के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, ऐतिहासिक महापुरुषों के सम्मान की रक्षा के लिए सख्त नियम लागू किए जाएं, शिक्षा प्रणाली में ऐसे पाठ्ऽक्रम शामिल किए जाएं, जो महापुरुषों के योगदान को उजागर करें, ऐसे मामलों में दोषियों पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। प्रदर्शन में मौजूद लोगो ने कहा कि राणा सांगा न केवल राजपूत समाज के बल्कि संपूर्ण भारतवर्ष के गौरव हैं। उनके प्रति किसी भी प्रकार का अनादर सहन नहीं किया जाएगा। प्रदर्शनकारियों ने यह भी चेतावनी दी कि यदि इस विषय पर उचित कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। प्रदर्शनकारियों ने कहा की यह प्रदर्शन न केवल राणा सांगा के सम्मान की रक्षा के लिए किया गया बल्कि यह संदेश भी दिया कि भारत अपने वीर महापुरुषों के सम्मान को किसी भी सूरत में आंच नहीं आने देगे। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन को चेतावनी देते हुय कहा कि अगर सपा सांसद की सदस्यता रद्द नही की गई तो 12 अप्रैल को आगरा सांसद के घर धावा बोल उग्र आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन करने वालों में सुधीर पुंडीर, अनिल पुंडीर, मनोज चौहान, कल्लू, तुषार चौहान, अशोक कुमार, विनोद ठाकुर, विना. ेद राजपूत, राजू उपाध्याय, विनीत ठाकुर, चेतन त्यागी, अमित त्यागी सभासद, पंकज राजपूत, चंद्रपाल, मोहित राणा, विनोद ठाकुर, पंकज भटनागर, वंश, सोनू ठाकुर, विनीत ठाकुर, प्रवेश आदि मौजूद है।

# संजीव मलिक चुने गए सदर लेखपाल संघ अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददता**

**मुजफ्फरनगर।** सदर तहसील लेखपाल संघ की कार्यकारिणी का निर्विरोध चुनाव संपन्न हुआ है।

जिसमें अध्यक्ष संजीव मलिक,वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रवीण गुप्ता,कनिष्ठ उपाध्यक्ष लोकेश कुमार,सचिव राहुल शर्मा, सहसि. चव प्रदीप सैनी,कोषाध्यक्ष मोहम्मद नसीम,ऑडिटर अमरजीत, संगठन मंत्री तरुण चुने गए। नवनिर्वाचित तहसील अध्यक्ष संजीव मलिक ने कहा कि वह लेखपाल सिंह को और ज्यादा मजबूत और सक्रिय बनाने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ेंगे तथा उनकी जो भी समस्याएं हैं उन्हें उच्च अधिकारियों से मिलकर निस्तारित कराया जाएगा।



## वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर पुलिस रही अलर्ट

**बुढाना।** वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर बुढाना कस्बे और क्षेत्र में बुढाना पुलिस पूरी तरह से अलर्ट रही। संसद में उक्त विधेयक पर शुरू हुई चर्चा के शुरु होते ही पुलिस रामछेल तिराहा, भारत चौक, कस्साबान पुलिया, छोटा बाजार और चौधरी चरण सिंह चौक के अलावा अति संवेदनशील व संवेदनशील गांवों में पहुंची और फ्लेग मार्च कर लोगों को अपनी उपस्थिति का अहसास कराया। मिली जानकारी के अनुसार संसद में वक्फ संशोधन विधेयक पेश किए जाने के बाद शुरु हुई चर्चा के चलते ही बुढ़ाना पुलिस अलर्ट मोड पर आ गयी थी। पुलिस ने संवेदनशील और अति संवेदनशील एरियों में फ्लैग मार्च निकाला। बुढ़ाना सीओ गजेंद्र पाल सिंह का कहना था कि वक्फ बिल को लेकर अगर कोई भी माहौल खराब करने की कोशिश करेगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। वे सोशल मीडिया पर भी पूरी निगरानी रखे हुए हैं। उनके द्वारा क्राइम इंस्पेक्टर, कोतवाल वघ चौकी इंचार्जो के अलावा बीट सिपाही और अतिरिक्त पुलिस बल को भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये हैं।घ ड्रोन कैमरे और सीसीटीवी के जरिए भी पूरी निगरानी की जा रही है। सोशल मीडिया की निगरानी के लिए साइबर सेल और सर्विलांस की टीमों को लगाया गया है। मिश्रित इलाकों में खास निगरानी की जा रही है। खुफिया विभाग की टीमें संवेदनशील इलाकों से इनपुट ले रही हैं। कुल मिलाकर बुढाना पुलिस पूरी तरह से अलर्ट देखी गयी। बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक आनंद देव मिश्र भी क्षेत्र मे बारीकी से नजर रखे रहे।

# कुटेसरा से खुलेआम हो रहा डग्गामार गाड़ियों का संचालन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** प्रदेश में भाजपा की सरकार दोबारा बनने हुआ भी तीन साल हो चुके है। और प्रदेशवासियों को भाजपा सरकार बनने के बाद जहाँ कुछ समस्याओं से निजात भी मिली है लेकिन वही कुछ समस्याएं अब भी ज्यो की त्यों खड़ी है बात अगर यह करे कि जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी थी।

तब से प्रदेशवासियों को डग्गामार वाहनों में सफर करने से जहा बचाव हुआ था। और इससे पहले की सरक. ारों में प्रदेश की सड़कों पर डग्गामार वाहन सरपट दौड़ते नजर आते थे और यह डग्गामार वाहन जहा भूसे की तरह सवारी भर लेते थे। जिस कारण सड़को पर हादसे होने में देर नही लगती थी और हर वर्ष बड़ी संख्या में प्रदेशवासी सड़क हादसों में अपनी जान गंवा बैठते थे।लेकिन जब से दोबारा योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री की गद्दी सँभालने के बाद जहा प्रदेश की सड़कों पर डग्गामार वाहनों की संख्या में कमी आयी है। और इस बड़ी समस्या से प्रदेशवासियों को राहत मिली वही अब भी प्रशासन की मिली भगत से चरथावल क्षेत्र के गांव कुटेसरा से बड़ी संख्या में डग्गामार बसों का संचालन हो रहा है और तो और यह डग्गामार बस सीधे कुटेसरा से दिल्ली के लिए जाती है। और धड़ल्ले से इन डग्गामार बसों का संचालन हो रहा है।

जो कि सरकार को प्रतिदिन बड़े राजस्व का चूना लगा रही है भाजपा की सरकार में भी इन डग्गामार बसों का संचालन किस की शह पर हो रहा है यह तो डग्गामार बसों के स्वामी ही जानते है लेकिन इन डग्गामार बसों के संचालन से सरकार को रोज बड़े राजस्व की हानि हो रही है। और प्रशासन मूकदर्शक बनकर यह सब देख रहा है इन प्रतिदिन दिल्ली जाने वाली डग्गामार बसों का संचालन से या तो प्रशासन बेखबर है ।या फिर जानबूझकर इन डग्गामार बसों के संचालन से बेखबर बना हुआ है। या फिर सत्ता के किसी बड़े नेता की शह पर इन बसों का संचालन हो रहा है कारण चाहे जो भी लेकिन इस बात से यह साफ हो चला है कि इन डग्गामार बसों के स्वामियों की प्रशासन में गहरी पैठ है। और इन पर प्रशासन कोई कार्यवाही करने की गुरेज नही कर सकता और यह डग्गामार बसों के स्वामी सरकार को बड़े पैमाने पर राजस्व का चूना लगाकर प्रतिदिन मोटी रकम कमाते है ।और प्रदेश में चाहे बसपा,सपा या फिर दोबारा भाजपा की सरकार बनने के बाद भी इन डग्गामार बसों का संचालन नही रोक सकता है।और इन पर किसी भी सरकार का कोई फर्क नही पड़ता है और चांदी की चमक के आगे इन डग्गामार बसों का संचालन पिछले काफी दिनों से धड़ल्ले से हो रहा है और प्रशासन इन बसों के खिलाफ कोई भी कार्यवाही करने से गुरेज करता है और इन डग्गामार बसों के स्वामियों के आगे प्रशासन नतमस्तक नजर आता है।

## बावरिया गैंग के सदस्य ने महिला को दी हत्या की धमकी

**बुढ़ाना।** तहसील के पीछे नई कालोनी बुढाना निवासी एक महिला ने बताया कि गौतम उर्फ जावेद और उसके भाई धीरज पुत्रगण छिद्दा आदि निवासीगण ग्राम पिलाना थाना सराय जिला बागपत व बाक्के पुत्र ओमपाल निवासी ग्राम कलछीना थाना भोजपुर गाजियाबाद ने उसका व उसके पति का पूर्व मे अपहरण कर लिया था। जिसमे उक्त लोगों ने उनको कमरे में 3 दिन तक भूखा प्यासा बन्द रखा और उसे अर्दनग्न कर उसके साथ अश्लील हरकते की थी। जिसमें उसने 30 मार्च को पुलिस में शिकायत की थी तो आरोपियों ने उस पर तहरीर वापस लेने का दबाव बनाया तो उसने फिर कोई कार्यवाही नहीं चाही। अब इसी बात का फायदा उठाकर आरोपी उसको परेशान कर रहे हैं।

# श्रीराम सेवा ट्रस्ट मंदिर में धूमधाम से मनाया जा रहा है नवरात्रि महोत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जय माता दी श्री राम सेवा ट्रस्ट ब्रह्मपुरी में हर वर्ष की भांति इस बार भी चैत्र शुक्ल पक्ष नवरात्रि महोत्सव मनाया रहा है जो 30 तारीख से शुरू हुआ है डेली नित्य सुबह की पूजा होती है।

देवी का सहस्त्रार्चन होता है जिसेआचार्य अशोक शुक्ला वेद पाठी शुक तीर्थ वाले एवं पंडित सचिन संभल वाले, पंडित हेमंत लक्ष्मी नगर वाले के द्वारा पूजा संपन्न होती है। शाम को माता का गुणगान 4:00 बजे 7:00 बजे तक होता है उसी कड़ी में माता रानी का कीर्तन प्रभु कृपा संकीर्तन मंडल द्वारा माता की चौकी का आयोजन



हुआ जिसमें पूरे शहर से आए हुए श्रद्धालुओं को बहुत ही आनंद और धर्म लाभ प्राप्त हुआ, माता के भजनों पर श्रद्धालु माता के जयकारे के साथ झूमते नजर आए, इस आयोजन में ट्रस्ट के अध्यक्ष भूषण त्यागी, सुबोध दीक्षित, योगेंद्र, राजू इंजीनियर, प्रमोद त्यागी, प्रदीप त्यागी, अंकित सिंगल, गौरव अग्रवाल, सभासद देवेश कौशिक, लोकेश शर्मा, संजय गौतम, नीरज गौतम, डोली कर्नवाल, सीमा दीक्षित, मिथिलेश त्यागी, नीरू शर्मा, रजनीश शर्मा का सहयोग प्राप्त हुआ और अन्य सैकड़ो भक्तों ने माता रानी का प्रसाद ग्रहण किया।

## स्वामी कल्याणदेव एसडी इंटर कालेज में मेधावी किए गए पुरस्कृत

**मोरना।** तीर्थ नगरी शुकतीर्थ स्थित स्वामी कल्याणदेव एसडी इंटर कालेज के मेधावी छात्र-छात्राओं को ट्राफी व प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। शुभारम्भ मुख्य अतिथि कपिल गर्ग, प्रधान संजय चौहान व प्रधानाचार्य संजीव कुमार ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया तत्पश्चात छात्रा हिमानी, हिमांशी, सोनिया, स्वाति, वंदना ने सरस्वती वंदना व स्वागत गान प्रस्तुत किया। इसके बाद छात्रा अपेक्षा, नूतन, खुशी, वीता, सलोनी, सोनिया, नेहा, सपना, कविता ने राजस्थानी व हरियाणवी देश भक्ति गीतों पर मनोहारी प्रस्तुति देकर धमाल मचाया। समापन पर कक्षा 11 में गोरी, भवी रानी, सोनिया वर्मा, कक्षा नौ में दीपांशु, प्रीति, प्रतिज्ञा, कक्षा आठ में किरण प्रीत कौर, अक्षित चौहान, शिवन्या, कक्षा सात में राधा, युक्ति, वंशिका कक्षा छह में अविका, अवनीत, सागर के क्रमश प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने पर ट्राफी व प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में ओमपाल सिंह, प्रवक्ता रामनिवास, रोहित पंवार, योगेंद्र चौहान, महेश कुमार, रेखा देवी आदि का विशेष सहयोग रहा।

**सूचना**

मेरा पुत्र मुजफ्फर अली व उसकी पत्नी श्रीमति गुलशाना बानो मेरे कहने सुनने से बाहर है तथा आये दिन झगडा फसाद व उल्टे-सीधे कार्य करते रहते है।इसलिए मै आज से अपने पुत्र मुजफ्फर अली व उसकी पत्नी श्रीमति गुलशाना बानो से सम्बन्ध विच्छेद करता हूँ। आज के बाद मुजफ्फर अली व उसकी पत्नी श्रीमति गुलशाना बानो से मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य का किसी प्रकार का कोई वास्ता मतलब नही रहा है और न ही भविष्य में रहेगा। मै अपने पुत्र मुजफ्फर अली व उसकी पत्नी श्रीमति गुलशाना बानो को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ और उनसे सम्बन्ध भी विच्छेद करता हूँ।

**महमूद अली पुत्र मंजूर अहमद निवासी म.न.586/17, खालसा पट्टी, ग्राम सुजडू थाना खालापार जिला-मुजफ्फरनगर**

**सूचना**

मेरा पुत्र साबिर व उसकी पत्नी शीबा मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के कहने सुनने से बाहर है। इसलिए मैने व मेरे परिजनों ने साबिर व उसकी पत्नी शीबा से सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है तथा मैने अपने साबिर व उसकी पत्नी शीबा को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। मेरे पुत्र साबिर व उसकी पत्नी शीबा के द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेन-देन की मेरी व मेरे अन्य परिवार के सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नही होगी। मेरे पुत्र साबिर व उसकी पत्नी शीबा अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**यामीन पुत्र यासीन निवासी म. न. 1004, साउथ खालापार, थाना खालापार जिला-मुजफ्फरनगर**

# मेहनत का पुरस्कार पाकर खिल उठे बच्चें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** विद्यालय गोल्डन हार्ट एकेडमी पब्लिक स्कूल पुरबालियान का वार्षिक परीक्षा फल घोषित हुआ जिसमें अपनी वर्ष भर की मेहनत का पुरस्कार पाकर खिल उठे बच्चों के चेहरे बडी धूमधाम से संस्कृति कार्यक्रमों के साथ मनाया गया विद्यालय वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह मुख्य अतिथि के रूप में रहे मान्यता प्राप्त विद्यालय ब्लॉक शाहपुर महासंघ के अध्यक्ष सत्यप्रकाश त्यागी जी सहायक राजेश त्यागी मार्शल आर्ट एवं योग व्यायाम गुरु मनोज सूर्य देव जी गणमान्य ग्रामीण मुख्य संरक्षक करता डॉक्टर तेजपाल सिंह जी डॉक्टर बिजेंद्र पाल मास्टर सतपाल शर्मा चंद्रपाल शर्मा नीरज बालियान गौरव त्यागी आदरणीय अभिभावक गण मातृशक्ति सभी के सहयोग से बनाया गया दिवस को विशेष महत्वपूर्ण यादगार एवं रोचक प्रधानाचार्य शशिकांत शर्मा ने



विद्यार्थियों के कार्य कौशल की और जिम्मेदारी पूर्वक अपनी कक्षाओं में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी। प्रबंधक विकास भार्गव ने वर्ष भर में हुए सभी कार्यक्रमों में भाग लेने वाले और अपना एवं अपने माता-पिता का नाम और गुरुओं का सम्मान करने वाले विद्यार्थियों को आशीर्वाद स्वरुप पुरस्कार भेंट किए। विद्यालय स्टाफ को भी उनकी मेहनत के लिए प्रशस्ति पत्र देकर गुरुओं का आदर सम्मान व्यक्त किया। भविष्य में विद्यालय ठीक इसी प्रकार शिक्षा की ज्योत जागते रहे। सभी ने विद्यालय के प्रमुख तथ्य अनाथ व असहाय बच्चों के लिए निशुल्क शिक्षा को खूब सराहा। और विद्यालय के लिए अपना भरपूर सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया।

## उधार दिए साढ़े ग्यारह लाख वापिस मांगे तो युवक को बनाया बंधक

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** युवक द्वारा उधार में दिए लाखों रुपए वापिस मांगने पर दूसरे युवक ने उसे रुपए वापिस देने के बहाने घर बुलाने के बाद उसे घर मे बंधक बनाकर उसके साथ मारपीट की पीड़ित युवक ने कोतवाली पहुँच उक्त युवक के खिलाफ तहरीर देते हुय कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर लेने के बाद मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

जनपद मेरठ के कस्बा फलावदा निवासी युवक अनीस पुत्र नफीस ने बुधवार को कोतवाली पर पुलिस को तहरीर देते हुय बताया कि खतौली सराफत कालोनी निवासी महताब को लगभग एक वर्ष पूर्व ग्यारह लाख पिछत्तर हजार रूपए हाथ उधार दिए थे। जिसके बाद से उक्त युवक से अपने उधार के रुपए को वापिस देने की मांग कर रहा है उक्त युवक ने उसे चार चौक भी दिए थे लेकिन उसके बाद भी उसे उसके रूपए नही मिल पाए है। उक्त युवक रूपए देने से इंकार कर रहा है। बुधवार को महताब ने उसे चौक वापिस देने और रूपए लौटने की बात कहते हुय उसे खतौली अपने घर बुलाया और उसके बाद उसने गाली गलौच करते उसे घर मे बंधक बना लिया। शोर मचाने पर कुछ मौहल्ले वासियो ने उसे बंधक मुक्त कराया। पीड़ित युवक का आरोप है कि उक्त युवक उसे रूपए न देने की बात कहते हुय उसे झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दे रहा है। पीड़ित ने उक्त युवक के खिलाफ पुलिस को तहरीर देते हुय उसके रूपए वापिस दिलाने की मांग करते हुय कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर लेने के बाद मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

**Name Change**

I have changed my name PRIYANKA to PRIYANKA PANWAR for all purpose in future. PRIYANKA PANWAR D/O ANAND KUMAR 241 PINNA2, MUZAFFARNAGAR 251001 UP.

**कार्यालय ग्राम पंचायत चौरावाला विकास खण्ड मोरना, मुजफ्फरनगर।**

पत्राक:- मीमो/र.वि.केन्द्रीय वि.सामग्री आपूर्ति/2025-26 दिनांक: 02.04.2025

**:-अति अल्पकालीन निविदा सूचना:-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में पंचम राज्यवित्त,15वी वित्त,ओडीएफ प्लस, स्वच्छ भारत मिशन फेस-2 (ग्रामीण के अन्तर्गत) मनरेगा एवं अन्य वित्त योजनान्तर्गत होने वाले निर्माण/ मरम्मत कार्यो में प्रयुक्त होने वाले निर्माण सामग्री जैसे ईट सीमेन्ट बालू रेत , कोरसेन्ड, प्लास्टिक बैग, इण्टरलॉक टाईल्स, विट्रीफाइड टाईल्स, सरिया, रोडी, चैनल, सोलर लाईट, सामग्री, स्ट्रीट लाईट सामग्री, हैण्डपम्प, रिपेयर/रिबोर सामग्री, हाईमास्ट लाईट, साईन बोर्ड, ई-रिक्शा/रेडा, ओपेन जिम सामग्री, आर ओ वॉटर कूलर, स्कूल/आफिस, आंगनबाडी केन्द्र फर्नीचर, डस्टबिन, लाईब्रेरी सामग्री, पेन्टिंग कार्य, सेनेटाइज/फागिंग, जेसीबी द्वारा मिट्टी का कार्य, पानी निक., इसी का कार्य, बिजली फिटिंग का कार्य, सेनेट्री फिटिंग सामग्री, साईन बोर्ड, अन्नपूर्णा भवन में साईन बोर्ड व अन्य सामग्री आदि की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु अधिकृत ठेकेदार/फर्म से दिनांक 07.04.2025 को दोपहर 3.00 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है, जोकि 07.04.2025 को 4:00 बजे पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदादाता का व्यापार कर/ आयकर विभाग में पंजीकरण (मेन्ट को छोडकर) होना अनिवार्य है। सम्बंधित कार्यो के लिए सामग्री आपूर्ति की निविदा बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। निविदा से सम्बंधित अन्य जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

**ग्राम सचिव**
**ग्राम पंचायत चौरावाला**
**वि.ख.-मोरना, मु०नगर।**

**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत चौरावाला**
**वि.ख. मोरना, मु.नगर**

# नकली टाटा टी बनाने का भंडाफोड़

शाह टाइम्स संवाददाता

**मीरापुर।** टाटा टी कंपनी के अधिकारियों ने स्थानीय पुलिस की मदद से एक व्यक्ति को नकली चाय के पैकेट बनाते हुए रंगे हाथों पकड़ा। यह कार्रवाई बुधवार को की गई, जब कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी अमित झा अपनी टीम के साथ दिल्ली से मीरापुर पहुंचे। लंबे समय से मिल रही शिकायतों के आधार पर यह छापा मारा गया था।

सूत्रों के अनुसार, कंपनी को सूचना मिल रही थी कि मीरापुर में बड़ी मात्रा में टाटा टी के नाम से नकली चाय बेची जा रही है। इस सूचना की पुष्टि के लिए कंपनी के अधिकारी स्वयं पहुंचे और पुलिस के सहयोग से मुकल्लमपुरा रोड स्थित हनुमानपुरी में एक घर पर छापा मारा गया। इस दौरान आरोपी कल्लू पुत्र मेघराज, निवासी हनुमानपुरी, को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से 250 ग्राम वाले टाटा टी के 350 भरे हुए पैकेट, 250 ग्राम के 290 खाली रैपर और एक इलेक्ट्रॉनिक पैकिंग मशीन बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी को तत्काल हिरासत में लेकर थाने पहुंचाया। टाटा कंपनी के अधिकारी द्वारा आरो.पी के खिलाफ नकली चाय बनाने और बेचने का मामला दर्ज कराया गया है। पुलिस ने बताया कि इस प्रकार की अवैध गतिविधियाँ आम जनता के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकती हैं, क्योंकि नकली चाय में मिलावट होने की संभावना होती है, जिससे स्वास्थ्य संबंधी कई समस्याएँ हो सकती हैं। इस मामले में पुलिस अब गहनता से जांच कर रही है कि आरोपी इस धंधे में कब से संलिप्त था और इसके पीछे कोई अन्य व्यक्ति या गिरोह तो नहीं है। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि ये नकली पैकेट कहाँ-कहाँ सप्लाई किए जाते थे और इस कारोबार में कितने और लोग जुड़े हुए हैं। पुलिस का कहना है कि जल्द ही इस मामले में और भी खुलासे हो सकते हैं।

### ट्रक चालक से मारपीट

**मीरापुर।** कस्बे के मोंटी तिराहे पर कुछ अज्ञात युवकों ने एक ट्रक चालक पर हमला कर उसे बुरी तरह घायल कर दिया। पीड़ित चालक ने थाने में अज्ञात हमलावरों के खिलाफ तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।

जानकारी के अनुसार, हिमाचल प्रदेश के तिस्सा, जिला चंबा निवासी उधम सिंह पुत्र भाग सिंह अपने ट्रक से बिजनौर से माल लेकर चंडीगढ़ जा रहा था। मोंटी तिराहे के पास अचानक बाइक सवार तीन युवकों ने उसका ट्रक रोक लिया। इसके बाद उन्होंने लाठी-डंडों से हमला कर उसे बुरी तरह पीट दिया और फरार हो गए। घटना के बाद घायल चालक किसी तरह थाने पहुंचा और पुलिस को पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। पुलिस ने चालक को उपचार के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस क्षेत्र में बाहरी वाहनों को रोककर लूटपाट और मारपीट की घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं। पुलिस इस हमले को आपराधिक गतिविधियों से जोड़कर भी देख रही है और हमलावरों की पहचान के लिए आसपास के सीसीटीवी कैमरों की जांच कर रही है।

# आपसी विवाद में मारपीट, महिला सहित तीन घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**मीरापुर।** थाना मीरापुर क्षेत्र के ग्राम सभलहेड़ा में बुधवार दोपहर दो पक्षों के बीच आपसी विवाद को लेकर कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। इस झगड़े में एक महिला सहित तीन लोग घायल हो गए, जिनमें से एक युवक की हालत गंभीर बनी हुई है।

सूत्रों के अनुसार, किसी पुरानी रंजिश या आपसी मतभेद के चलते दोनों पक्षों में विवाद शुरू हुआ, जो जल्द ही हिंसक झड़प में बदल गया। इस दौरान जुबैदा पत्नी शमशाद, दानिश पुत्र शमशाद और अब्दुल सलाम पुत्र सालिम घायल हो गए। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया। गंभीर रूप से घायल अब्दुल सलाम को उपचार के लिए जानसठ स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराया गया। इस घटना को लेकर जुबैदा पत्नी शमशाद की ओर से समर, सालिम पुत्र हाफिज, अब्दुल सलाम और कलाम पुत्र हाफिज के विरुद्ध तहरीर दी गई है और कार्रवाई की मांग की गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि दोनों पक्षों के बीच पहले भी विवाद होते रहे हैं। पुलिस इस घटना की गहराई से जांच कर रही है और सभी संभावित कारणों को ध्यान में रखते हुए आवश्यक कार्रवाई कर रही है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

## संक्षिप्त समाचार

### युवती ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या की

**मीरापुर।** ग्राम सिकंदरपुर में एक युवती ने जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। परिजनों ने बिना कार्यवाही के युवती का अंतिम संस्कार कर दिया। ग्राम सिकन्दरपुर निवासी एक 16 वर्षीय युवती की अपने परिजनो से किसी बात को लेकर विवाद खडा हो गया। युवती ने इस मामले के बाद घर में रखा टायलेट साफ करने वाला जहरीला पदार्थ पी लिया जिसके बाद उसकी हालत बिगड गई। परिजनो ने उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनो ने बिना किसी कार्यवाही के युवती को दफना दिया। उधर ग्राम निवासी युवक ने भी गृह क्लेश के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया था जिसकी हालत चिंता जनक बनी हुई है।

### 8 टयूबवैलों पर चोरी, लाखों की संपत्ति का नुकसान

**बुढाना।** अगर ढाई माह पहले हुई चोरियों का बुढाना पुलिस खुलासा कर देती तो उनकी टयूबवैलों पर भी चोरी की घटना ना होती। ये उन पीड़ित किसानों का कहना है जिनकी टयूबवैलों पर ईद उल फितर की अल सुबह चोरी की घटना हुई। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार के दिन बुढाना कोतवाली क्षेत्र के गांव नसीरपुर के किसान जसवीर पुत्र होशराज, नीरज पुत्र ;षिपाल, सुबोध पुत्र सितम, ब्रह्म पुत्र बेगराज, राजवीर पुत्र सुरेन्द्र, सुभाष पुत्र रामपत, हृदय पुत्र काल. राम व वीर पुत्र जय ने बुढाना सीओ को एक तहरीर देते हुए बताया कि उक्त सभी किसानों की टयूबवैलों की दीवारें तोडकर कन्टिेक्टर, स्टॉटर, केबिल, कटाउट और अन्य कीमती सामान अज्ञात बदमाशों द्वारा चोरी कर लिया गया है। सभी किसानों के नुकसान की कीमत लगभग एक लाख रुपये है। किसान बीते 31 मार्च की सुबह जब अपनी टयूबवैलों पर गये तो चोरी की घटना की जानक. ारी हुई। किसानों ने उसी समय 112 नम्बर पुलिस को कॉल करके चोरी की सूचना दी। मौके पर 112 नम्बर की पुलिस ने पहुंचकर जांच की। इससे पूर्व भी बीती 16 जनवरी को गांव नसीरपुर में दो किसानों अभिषेक पुत्र चन्दरू और मैनपाल पुत्र ब्रजपाल की टयूबवैल की दीवार तोडकर स्टॉटर, केबिल व कटाउट आदि सामान चोरी किया था। 17 जनवरी को बुढाना पुलिस को तहरीर दी लेकिन पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की। जिसके चलते चोरों के हौंसले बुलंद हो गये और उन्होंने फिर दोबारा चोरी की आठ घटनाएं कर दी।

### 48वें श्रीराम जन्मोत्सव पर दिव्य भजन संध्या का आयोजन

**खतौली।** श्री राम मंदिर होली चौक खतौली पर 48 वे श्री राम जन्मोत्सव के उपलक्ष में दिव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम श्री राम मंदिर के प्रधान अनिल कुमार मेहता द्वारा ज्योति प्रज्वंड की गई। प्रसिद्ध भजन गायक आयुष सोमानी (जयपुर) द्वारा सुंदर-सुंदर भजन सुना कर श्रद्धालुओं को नृत्य करने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। श्री राम मंदिर समिति की ओर से आगामी 5 अप्रैल शनिवार को रात्रि 8:00 बजे से संगीतमय श्री सुंदरकांड का पाठ का आयोजन किया जाएगा। तत्पश्चात 6 अप्रैल रविवार को दोपहर 12 बजे प्रभु श्री राम जी का जन्मोत्सव सभी भक्तों द्वारा मनाया जाएगा। उसके बाद 12 बजे से प्रभु का विशाल भंडारा होगा।कार्यक्रम में हरबंस लाल अरोरा , अनिल मेहता, डॉक्टर अरुण मेहता, सुखदेव छाबड़ा, अंकित अरोरा, राजकुमार नारंग, अशोक रहेजा, मनोज छाबड़ा, सूरज छाबड़ा, मदन छाबड़ा, दीपक रहेजा, मदनलाल रहेजा, मुकेश रहेजा, दर्शन लाल अरोरा, संजीव मेहता, विजय मेहता, भाजपा नगर अध्यक्ष प्रवीण ठकराल, सुभाष आहूजा, मदन मेहता, संदीप नारंग, राजीव रहेजा, संजय अरोरा, कश्मीर नारंग, धर्मेंद्र तोमर,दीपक गोयल , अशीष रहेजा आदि भारी संख्या में श्रद्धालु का सहयोग रहा। जिसमें श्री राम मंदिर महिला संकीर्तन मंडल का पूर्ण सहयोग मिला। सभी श्रद्धालुओं ने एवं समस्त कमेटियों ने आकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

### हत्या की धमकी व गाली गलौच का आडियो वायरल

**बुढाना।** एक दबंग का फोन पर युवक को हत्या और गाली गलौच करने का आडियो वायरल हो रहा है। आडियो में आरोपी के द्वारा पीड़ित को गंदी गालियों और हत्या किए जाने की धमकी बार बार दी जा रही है। जिसके चलते पीड़ित युवक डरा सहमा हुआ है। उसने बुढाना पुलिस से अपनी जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है।मिली जानकारी के अनुसार राजा पुत्र शकील निवासी पुलपार सफीपुर पट्टी ने बताया कि ईद की सायं स्विफ्ट डिजायर में सवार पहुंचे उवैश आदि युवकों ने उसकी बाइक रोकने की कोशिश की तो वह बाइक तेज गति से चलाने लगा तो उन्होंने उसके पीछे अपनी कार दौड़ा दी और गाली गलौच कर उस पर अवैध तमंचे से फायर करना चाहा तो उसने किसी तरह से अपना बचाव कर डायल 112 को सूचना दी तो मौके पर आई पुलिस को देखकर आरोपी हत्या की धमकी देकर भाग खड़े हुए। आज बुधवार को उसके मोबाइल फोन पर आरोपी ने बात करने के दौरान गाली गलौच कर हत्या की धमकी दी। पीड़ित इस धमकी से डरा सहमा हुआ है। हत्या और गाली गलौच की धमकी का आडियो वायरल हो रहा है। तब से पीड़ित काफी डरा हुआ है। अब पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामले की जांच शुरु कर दी है।

### चौधरी बलदेव मैमोरियल एकेडमी शिवालय सदरपुर में कक्षा 8 में छात्रा प्राची आई प्रथम




**बुढाना।** चौधरी बलदेव मेमोरियल एकेडमी शिवालय सदरपुर गाजियाबाद में वार्षिक परिणाम रिजल्ट देख छात्राओं व उनके अभिभावकों ने जश्न मनाया व मिठाई खिलाकर एक दूसरे को बधाई दी। छात्र छात्राओं ने प्रधानाचार्या किरणमती, प्रबंधक भूपेंद्र कुमार, कक्षाओं की अध्यापिका जगवती, ममता तोमर, कोमल, पिंकी थपिरियाल, अनुपम चौधरी, साक्षी, मीनाक्षी, आयुषी, गुंजा देवी, रुबी, कमल व वेद आदि अध्यापकों ने मिठाई खिलाकर अभिवादन किया वग़ोटो भी बनवाये। प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी छात्राओं को प्रस्तुति पत्र दिया और उज्जवल भविष्य की कामना कर बधाई पत्र दिए गए। कक्षा 8 में प्रथम आने वाले छात्र छात्राएं प्राची प्रथम, द्वितीय रोहित, तृतीय दक्ष, कक्षा 7 में मानवी प्रथम, लकी व आदित्य शर्मा द्वितीय, खुशी यादव तृतीय, कक्षा 6 में बुलबुल प्रथम, कशिश सेकंड व माही तृतीय, कक्षा 5 में साहिबा प्रथम, खुशी सेकंड व आंचल तृतीय, कक्षा 4 में दक्ष प्रथम, वैष्णवी व मयंक पांडे द्वितीय, आर्यन तृतीय, कक्षा 3 में सार्थक प्रथम, आदित्य चौधरी द्वितीय, हर्ष तृतीय, कक्षा 2 में तरुण प्रथम, हिमांशु द्वितीय, रोहित व रोहन तृतीय, कक्षा 1 में चरित्र दिवाकर प्रथम, द्वितीय सुहेल तृतीय, यूकेजी में प्रथम मुकुंद, द्वितीय अंशिका, तृतीय भूमि, एलकेजी में आदित्य चौधरी प्रथम, अविका चौधरी द्वितीय, वैष्णवी तृतीय, नर्सरी में शिवम चौधरी प्रथम, विपिन द्वितीय व गणेश तृतीय स्थान पर रहे।

# समाज के कमजोर तबकों की उपेक्षा कर रही है सरकार : राजबीर

**मुस्लिमों के साथ सरकार का सौतेलापन ठीक नहीं**

शाहटाइम्स सवांददाता

**खतौली।** क्षेत्रीय विकास पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजवीर सिंह वर्मा ने मंगलवार को खतौली स्थित दयालपुरम आवास पर एक प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने भाजपा सरकार पर धर्म के नाम पर राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार समाज के कमजोर तबकों की उपेक्षा कर रही है। राजवीर ने कहा कि सोमवार को ईद के अवसर पर वह क्षेत्र के विभिन्न इलाकों का दौरा कर रहे थे।



जब वह आलू मिल क्षेत्र स्थित मलिन मुस्लिम बस्ती में पहुंचे तो उन्होंने वहां के हालात देखकर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि बस्ती में रहने वाले मुस्लिम परिवारों के बच्चों को न तो पर्याप्त भोजन मिल पा रहा है और न ही सुविधा। उन्होंने इसे सरकार की विफलता बताते हुए कहा कि ऐसे हालात में समाज का समुचित विकास संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय विकास पार्टी हमेशा से समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए काम करती आई है और आगे भी मुस्लिम बच्चों की शिक्षा और पोषण के लिए कार्यरत रहेगी। वर्मा ने कहा कि हमारी पार्टी कमजोर तबकों की आवाज उठाती रहेगी और एक समाज व मजबूत समाज के निर्माण के लिए प्रयासरत रहेगी।

# 8 अप्रैल की महापंचायत को लेकर खरड़ में हुई चर्चा

शाह टाइम्स संवाददाता

**बुढ़ाना।** आगामी 08 अप्रैल को बुढाना तहसील परिसर में होने वाली भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट की विशाल पंचायत को पूर्ण रूप से सफल बनाने के लिए बुधवार के दिन बुढाना ब्लाक क्षेत्र के गांव खरड में भारतीय किसान यूनियन के जिला उपाध्यक्ष अनुज बालियान, तहसील अध्यक्ष संजीव पंवार, जिला संगठन मंत्री विकास त्यागी प्रधान के संयुक्त नेतृत्व में डोर टू डोर जनसंपर्क और कई नुक्कड़ सभाएं भी की गयी और सभी से बुढाना तहसील परिसर में आगामी 08 अप्रैल को होने वाली महापंचायत को सफल बनाने का आह्वान किया गया।

सभाओं में ग्रामीणों को भ्रष्ट प्रशासन और मिल प्रशासन की भ्रष्ट नीतियों से अवगत कराया गया तो ग्रामीणों ने भी भाकियू पदाधिक. ारियों के सुर में सुर मिलाकर कहा कि अब प्रशासन की ढिलाई चलने नहीं देंगे। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से भाकियू तहसील उपाध्यक्ष मोहम्मद शहजाद, ईशा राजपूत तहसील महासचिव और जोगियाखेड़ा ग्राम अध्यक्ष अब्दुल्ला सहित सैंकड़ों लोग उपस्थित रहे। गौरतलब है कि भाकियू ने आठ अप्रैल की विशाल पंचायत की घोषणा गांव अलीपुर अटेरना में विगत सप्ताह की थी। तब से ही भाकियू कार्यकर्ता और पदाधिकारी अनुज बालियान, संजीव पंवार, विकास त्यागी प्रधान, भाकियू नगर अध्यक्ष मुहम्मद इसरार के नेतृत्व में कहीं ना कहीं जनसंपर्क करने में लगे हैं।

### अवैध तमन्चे व जिंदा कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**मीरापुर।** ग्राम रसूलपुर गढी में ईद के मौके पर हुए विवाद में पुलिस ने एक युवक को मय तमन्चे व जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

मीरापुर थाना क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर ईद के दिन इम्तियाज पुत्र पीरू व अकरम पुत्र सुभान पक्षो में आपसी विवाद में पथराव व फायरिंग हो गई थी जिके बाद दोनो पक्षो पक्षो सात सात लोगो के विरूद्ध थाना मीरा. पुर में मुकदमा दर्ज करा दिया था। पुलिस ने बुधवार को भैरो मंदिर के पास से कैफ पुत्र अकरम निवासी रसूलपुर गढी को एक तमन्चे व दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी बबलू सिंह वर्मा ने बताया कि झगडे के दौरान कैफ ने अवैध तमन्चे से फायरिंग कर दहशत फेला दी थी। उन्होने बताया कि जल्दी इस सम्बंध में वांछित चल रहे आरो. पियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जायेगा।

# भविष्य निर्धारण के लिए पंख पोर्टल का लाभ उठा रहे हैं हजारों विद्यार्थी

**मुजफ्फरनगर।** पंख पोर्टल से जुड़े 56 हजार विद्यार्थी, घर बैठे ले रहे करियर काउंसलिंग बेहतर शिक्षा के साथ भविष्य निर्धारण के लिए करियर काउंसलिंग की जारूरत को प्रदेश सरकार भी बखूबी समझ रही है। निजी करियर काउंसलिंग कंपनियों से बचाते हुए प्रदेश सरकार के पंख पोर्टल से जनपद के 56 हजार से अधिक छात्र-छात्राओं ने पंजीकरण कर अपने बेहतर भविष्य निर्धारण की नीव रखी है।

पंख पोर्टल में मिलने वाली करियर काउंसलिंग के लिए पोर्टल पर राजकीय विद्यालय के छह हजार और अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों के पचास हजार छात्र-छात्राएं पंजीकृत है। उत्तर प्रदेश सरकार का पंख पोर्टल कक्षा नौंवी से 12वीं तक छात्र-छात्राओं का करियर के प्रति गाइड करने के लिए लांच किया गया था। इस पोर्टल के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ने के साथ पढ़ाई के विषयों से संबंधित जानकारी देकर उन्हें करियर काउंसलिंग दी जाती है। इस पोर्टल के प्रति जागरूकता कायम करने के लिए माध्यमिक शिक्षा विभाग और राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों को पंख पोर्टल के प्रति जागरूक किया, जिसके बाद विद्यार्थियों ने तेजी से पंख पोर्टल पर पंजीकरण किया है। राजकीय इंटर कालेज कम्हेडा के प्रधानाचार्य डा. रणवीर सिंह ने बताया कि जिले में 48 राजकीय विद्यालयों में छह हजार और 71 अशासकीय सहायता प्राप्त के 50 हजार छात्र-छात्राओं ने पोर्टल पर पंजीकरण किया है। पोर्टल पर पंजीकरण करने वाले सभी छात्र-छात्राओं की लागइन आईडी बनी हुई है, जिसे वह स्वयं खोलते हैं।

# एएमयू के छात्र को जौला यूथ क्लब ने किया सम्मानित

**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र के गांव जौला में स्थित डॉक्टर मुबीन राणा के आवास पर आयोजित एक सादे समारोह में उनके पुत्र अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के छात्र मुहम्मद आसिफ राणा को गत दिनों उत्तराखंड राज्य में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में मिले अवार्ड को लेकर छात्र मुहम्मद आसिफ राणा को गांव के काफी लोगों द्वारा जौला यूथ क्लब के तत्वाधान में सम्मानित कर हौसला बढ़ाया गया। जिसमें अन्य स्कूलों व मदारिश में शिक्षा हासिल कर रहे छात्रों ने भी बढ़ चढ़कर भाग लिया। यहां मुफ्ती, प्रोफेसर शादाब व ताहिर ठेकेदार ने अपनी बातें रखी। जिसमे आज कल चल रही एक अलग ही तरह की कौम में बुराई जिस पर मां बाप बच्चों पर खास ध्यान नही दे रहे हैं उस पर चर्चा कर कहा गया कि ज्यादातर बच्चे देर रात तक स्टिंक व न जाने कैसी कैसी एनर्जी ड्रिंक के सहारे सिगरेट व मोबाइल में लगे रहते हैं। इन बच्चों को आज से ही हम सबको मिलकर बचाना है।

हमें अपने बाप होने का फर्ज निभाना है। यहां जौला यूथ क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट मौहम्मद गुलरेज ने कहा कि हमारे यहां बच्चों के अंदर मनोबल की कमी है। जिनका नम्बर पुलिस या आर्मी में नही पड़ता तो वो गांव में संसाधनों की कमी बताकर कोसते हैं ओर इन्ही के बीच से कई लड़के पुलिस व आर्मी में जा चुके हैं। क्या उन्हें नही हुई होगी कोई कमी मगर फिर भी उन्होंने कड़ी मेहनत व लगन से ये सिद्ध किया कि हमे ऐशो आराम नही बल्कि कड़ी मशक्कत से नौकरी हासिल करनी पड़ेगी। उन्होंने ये सब



किया भी। यहां डॉक्टर आसिफ राणा ने घटते शिक्षा स्तर को देखते हुए सबको एक साथ मेहनत करते हुए अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी व जामिया मिल्लिया इस्लामिया दिल्ली जैसी संस्थाओं में दाखिला कराने पर बल दिया। यहां जौला यूथ क्लब के राष्ट्रीय महासचिव जीशान अहमद, राशिद राणा, इरफान खान, राशिद राशा, डॉक्टर शहजान, इसरार मलिक, जौला यूथ क्लब के सदस्यों समेत सेंकड़ो युवा मौजूद थे।

# मेधावियों को किया गया सम्मानित

**मुजफ्फरनगर।** एसडीएस पब्लिक स्कूल तितावी में सत्र 2024-25 वार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया जिसमें बच्चों के अभिभावकों ने अपने बच्चों का रिपोर्ट कार्ड प्राप्त करते हुए बच्चों के शैक्षिक एवं बौद्धिक विकास के बारे में शिक्षकों से चर्चा की सपरीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राएं नर्सरी से तनिश राणा एलके जी से अंश एवं अवि यूकेजी से नेत्र एवं इवांका कक्षा प्रथम से कीर्ति कक्षा द्वितीय से वैदिक कक्षा तृतीय से प्रज्ञा चौधरी कक्षा चतुर्थ से वर्णिका एवं वैष्णवी कक्षा पांच से अपूर्वा कक्षा छ स अदिति एवं ऋषिका कक्षा सात से अध्या कक्षा आठ से श्रुति सुहानी एवं अमृत कक्षा नो से माही कक्षा ग्यारह से रिया चौधरी एवं मनप्रीत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर स्कूल के प्रबंधक डॉ विपिन कुमार जी ने बच्चों को संबंध संबोधित करते हुए कहा कि निरंतर



प्रयास एवं एकाग्रता के साथ किया गया अभ्यास हमेशा सफलता की ओर लेकर जाता है।

उधर स्कूल के प्रधानाचार्य विकास शर्मा ने मेधावी छात्र छात्राओं को पुरस्कृत करते हुए शुभकामनाएं दी और बताया कि बच्चों की सफलता में अभिभावकों अभिभावक एवं अध्यापकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है स्कूल के प्रशासनिक कोऑर्डिनेटर प्रवीण कुमार ने बच्चों का उत्साह वर्धन किया और उनको उज्जवल भविष्य के लिए कामनाएं प्रदान की इस अवसर पर स्कूल का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# किसी भी स्थिति से निपटने को पुलिस ने किया मॉक ड्रिल

शाह टाइम्स संवाददाता

**बुढ़ाना।** वक्फ संसोधन बिल के पास होने के चलते पैदा होने वाली किसी भी स्थिति से निपटने के लिए बुढाना पुलिस द्वारा एसपी देहात आदित्य बंसल के नेतृत्व में मॉक ड्रिल किया गया। ऐसा लग रहा था कि जैसे किसी फिल्म की शूटिंग चल रही हो। इसमें बुढाना सर्किल के पुलिस क्षेत्राधिकारी गजेंद्र पाल सिंह, फुगाना सर्किल की पुलिस हर्षिता सिंह, बुढाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक आनंद देव मिश्र, फुगाना थानाध्यक्ष गजेंद्र सिंह, रतनपुरी थानाध्यक्ष, शाहपुर थानाध्यक्ष और भौराकलां थानाध्यक्ष के अलावा भारी पुलिस बल उपस्थित रहा। बताया जाता है कि बुढाना और फुगाना सर्किल के कई गांव अति संवेदनशील श्रेणी में माने जाते हैं। बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र मे 11 पाइंट बनाये गए हैं। आज रिहर्सल के दौरान ड्रोन कैमरे से निगरानी, 112 पीआरवी, फायर बिग्रेड की गाड़ी, एम्बुलेंस और पुलिस लाइन से आई हुई फोर्स भी उपस्थित रही। बताया जाता है कि बुढाना में वक्फ संशोधन बिल प्रस्तुत किए जाने से पहले एसएसपी डीआईजी अभिषेक सिंह के निर्देश पर बुढाना पुलिस अलर्ट मोड पर आ गई थी। उनकी तरफ से एक अलर्ट जारी हुआ। सभी के पास एक साथ कस्बे में एंटी रॉयट ड्रिल का संदेश पहुंचा तो जो जहां था वहीं से अपने निर्धारित स्थल की ओर भागा। इस दौरान एसपी देहात, दोनों सीओ, थाना व कोतवाली प्रभारी, दरोगा, सिपाही, कार्यालय में तैनात पुलिस कर्मी सभी अपने क्षेत्र के संवेदनशील स्थल पर पहुंचे। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए असलहे, डंडे, बॉडी प्रोटेक्टर, हेलमेट लेकर पुलिस कर्मी पहुंचे।

# महावीर स्वामी का 2625 वां जन्मकल्याणक महा महोत्सव धूमधाम से मनाएंगे

शाहटाइम्स सवांददाता

**खतौली।** गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी जैन समाज चौबीसवें तीर्थकर वर्तमान शासन नायक देवाधिदेव भगवान महावीर स्वामी का 2625 वां जन्मकल्याणक महा महोत्सव बड़ी ही श्रद्धा भक्ति से मनाने जा रहा है। सकल जैन समाज अध्यक्ष सुशील जैन ने बताया कि इस वर्ष यह महोत्सव श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर जैन मंडी के तत्वावधान में और परम् तपस्वी परम् पूज्य आचार्य श्री 108 भारत भूषण जी महाराज के सान्निध्य में 5 अप्रैल से 10 अप्रैल तक जैन समाज की पुरातन उत्सव भूमि इंदिरा मूर्ति के सामने बडा बाजार के किनारे पर पंडाल में आयोजित किया जाएगा। उत्सव समिति के अध्यक्ष सुनील जैन एवम महामंत्री अरुण कुमार जैन ने बताया कि प्रथम दिन घटयात्रा जैन मंडी से प्रारम्भ होकर उत्सव पंडाल की



भूमि का शुद्धिकरण किया जाएगा एवम माता त्रिशला की भव्य गोद भराई का कार्यक्रम किया जाएगा और रात्रि में शोधर्म इंद्र की सभा होगी।द्वितीय दिन जैन मंडी जैन मंदिर से जैन कीर्ति स्तंभ होते हुए बड़े बाजार से होकर रथयात्रा उत्सव पंडाल में पहुंचेगी जहाँ जिनेंद्र भगवान विराजमान किये जायेंगे रात्रि में माँ की ममता नामक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। तृतीय दिन उत्सव पंडाल में जिनेंद्र पूजन, शान्ति धारा, विधान एवम प्रवचन के साथ रात्रि में जम्बू स्वामी का वैराग्य नाटिका का मंचन होगा।चतुर्थ दिवस में भव्य जल कलश यात्रा पंडाल से निशियाँ जी मंदिर तक जाएगी और रात्रि में एक शाम महावीर के नाम कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जाएगा पंचम दिन रात्रि में आत्म कथा रू जीव की यात्रा निगोद से सिद्ध शिला तक का जीवंत प्रस्तुति होगी और अंतिम दिन भगवान महावीर जन्म महोत्सव की भव्य रथयात्रा उत्सव पंडाल से बड़ा बाजार घंटाघर होते हुए जैन मंडी मंदिर पहुंचेगी और रात्रि में अंत. रराष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।रथ यात्रा में जिनेंद्र भक्ति और बैंड बाजो और झांकियों का प्रदर्शन मुख्य आकर्षण होंगे और प्रतिदिन आरती के समय पुण्यार्जक परिवार के घर से उत्सव पंडाल तक भक्ति यात्रा एक अनूठा आकर्षण होगा।प्रेस वार्ता में संयोजक संजय जैन दादरी, प्रदीप जैन,हंस कुमार जैन, मीडिया प्रभारी संजीव जैन, सुनील जैन , संजीव जैन प्रधानाचार्य, राजकुमार जैन प्रवक्ता, पारस जैन सौरभ जैन सभासद जनेश्वर दास जैन, पंडित अशोक जैन आदि उत्सव समिति के सभी सदस्य एवम पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# अलंकार योजना : माध्यमिक विद्यालयों के लिए वरदान शिक्षा का नया सवेरा

**मुजफ्फरनगर।** माध्यमिक विद्यालयों के लिए वरदान शिक्षा का नया सवेरा जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि प्रोजेक्ट अलंकार के अन्तर्गत जनपद मुजफ्फरनगर के 41 राजकीय विद्यालय, 03 संस्कृत माध्यमिक विद्यालय व सनातन धर्म इण्टर कालेज मीरापुर तथा सर्वोदय इण्टर कालेज नूनीखेडा आशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय लाभांवित हुए है।

सत्र 2021-22 मे 24.25 लाख रुपये की धनराशि से राजकीय इण्टर कालेज सिरोली व राजकीय इण्टर कालेज गढी शेखावतपुर लाभांवित हुए। सत्र 2022-23 मे 05 राजकीय विद्यालयो मे 98 लाख धनराशि स्वीकृत होने के पश्चात शौचालय, पुस्तकालय कक्षा, शुद्ध पेय जल की व्यवस्था हुई। सत्र 2023-24 मे 08 करोड 18 लाख की धनराशि से 37 विद्यालयो मे 13 मल्टीपरपज हॉल 05 पुस्तकालय कक्ष व 28 विद्यालय मे शुद्ध पेय जल की व्यवस्था कराई गई। 2024-25 मे 06 करोड 28 लाख रुपये की धनराशि से 22 राजकीय विद्यालय मे बाउंड्रीवॉल का निर्माण हुआ और राजकीय इण्टर कालेज पुरकाजी के लिए 10 लाख 50 हजार रुपये विभिन्न मदो मे स्वीकृत हुए। 2017 से 2025 के बीच 25 नये राजकीय विद्यालयो का संचालन हुआ। 2024-25 मे राजकीय विद्यालयो मे अध्ययनरत सभी 06 हजार छात्र छात्राओ को 500 रुपये प्रति छात्र की दर से 30 लाख रुपये व्यय कर के शासन द्वारा शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। 72 लाख रुपये से 06 कम्प्यूटर लैब का निर्माण हुआ प्रत्येक लैब मे 08 कम्प्यूटर सैट लगाये गये। वर्तमान सत्र मे उपचारात्मक शिक्षण को बढावा देने के उद्देशय से प्रत्येक राजकीय विद्यालय को 19 हजार 500 रुपये धन. राशी आवंटित की गई। सनातन धर्म इण्टर कालेज मीरापुर के प्रधानाचार्य डॉ विकास कुमार ने बताया कि इस योजना के तहत, सरकार विद्यालयों के बुनियादी ढांचे में सुधार, आधुनिक शिक्षा सुविधाओं का विकास और छात्रों के लिए बेहतर सीखने का माहौल बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

FROM THE OFFICE OF THE MICRO AND SMALL ENTERPRISES FACILIATION COUNCIL, MEERUT ZONE, MEERUT, ADDITIONAL COMMISSIONER, INDUSTRY, SURAJKUND ROAD, NEAR HANS CHORAHA MEERUT.
Reference no. 182/2024
In the Matter of-
M/S. CEMEX INDIA P LTD, Gagol Road, Partapur, Meerut 250103
---------------Claimant/Supplier
Versus
M/S. Rajul Technocraft 1, Village And Post Ghasipura, Tehsil Sadar, Muzaffarnagar 251203
------------------Respondent/Buyer
The above claimant has filed a claim petition against the respondents before this council and respondents are hereby directed to appear before the council in person within fifteen days from the date of publishing this notice.
Take notice that in default of your appearance within the period afore said, the claim will be heard and decided in your absence.
Given under the seal of this council on________
By Order - MSEFC, Meerut Zone, Meerut

सम्बन्ध-विच्छेद सूचना
मेरा पुत्र **नितिन उर्फ जोनी** मेरे कहने-सुनने में नहीं है और गलत संगत में पड़ गया है। इसलिए नितिन को मैं अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर उससे संबंध विच्छेद करता हूं। भविष्य में नितिन के द्वारा किए किसी भी कृत्य व लेन-देन के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होगा।
**सतेन्द्र कुमार पुत्र श्री सेवा राम**
निवासी- ग्राम बडसू थाना रतनपुरी परगना व तहसील खतौली जनपद मुजफ्फरनगर।

शाह टाइम्स
स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।
**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर अलर्ट रहा पुलिस-प्रशासन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर कैराना में पुलिस-प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड़ पर नजर आया। इस दौरान कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने पुलिस व पीएसी बल के साथ में कस्बे के संवेदनशील मोहल्लों में पैदल मार्च किया।

बुधवार को संसदीय कार्यमंत्री किरण रिजिजू द्वारा लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक पेश किया गया, जिसे लेकर प्रदेशभर में अलर्ट जारी किया गया था।

विधेयक को लेकर कैराना पुलिस-प्रशासन द्वारा भी अतिरिक्त सतर्कता बरती गई। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बिजेन्द्र सिंह रावत ने पुलिस व पीएसी बल के साथ में कस्बे के मुख्य पानीपत-शामली मार्ग, बाजार बेगमपुरा, चौक बाजार, जोडवां कुआं, जामा मस्जिद, इमामगेट, दरबार खुर्द, तीतरवाड़ा चुंगी व कांधला तिराहे आदि जगहों से पैदल मार्च किया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने लोगो से किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दिए जाने की भी अपील की। उन्होंने असामाजिक तत्वों को सख्ती के साथ में निपटने की चेतावनी दी है। इस दौरान वरिष्ठ उपनिरीक्षक यशपाल सिंह, कस्बे की किलागेट चौकी प्रभारी एसआई आनंद यादव, इमामगेट चौकी प्रभारी एसआई अशोक कुमार समेत भारी पुलिस व पीएसी बल शामिल रहा।

### खुफिया तंत्र रहा चौकन्ना

वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर खुफिया तंत्र भी काफी सक्रिय रहा। जिला मुख्यालय पर बैठे विभाग के उच्चाधिकारी अपने मातहतों से कैराना की पल-पल की गतिविधियों की जानकारी लेते रहे।

वहीं, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी कड़ी निगरानी रखी गई। पुलिस ने एक दिन पूर्व एसडीपीआई के जिम्मेदारों से संवाद करके किसी भी प्रकार से विरोध प्रदर्शन न किए जाने की चेतावनी दी थी। उधर, सीओ श्यामसिंह भी मामले के संवेदनशीलता के मद्देनजर दिनभर कैराना कोतवाली में डेरा डाले रहे।

# दबंगों ने सड़क पर कब्जा कर किया अवैध निर्माण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** तहसील के ग्राम रेडा माजरा मे दबंगों ने सड़क पर अवैध कब्जा कर निर्माण कार्य शुरू कर दिया है जिसे ग्रामीणों को भारी परेशानी हो रही है इस संबंध में ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी को शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। गांव रेडा माजरा में खसरा सं0 144 रास्ते मे दर्ज है आरोप है कि गांव निवासी रमेश पुत्र सिंघा के द्वारा आए दिन उक्त भूमि के कुछ हिस्से पर अवैध रूप से कब्जा करने की नियत से कुछ न कुछ कब्जा करता रहता है तथा अब उक्त रमेश के द्वारा अवैध तरीके से उक्त सड़क खसरा सं0 144 पर जिसमें 09 फीट चौड़ा रास्ता है उस पर अवैध तरीके से निर्माण कार्य शुरु कर दिया है उक्त रास्ते पर लोगों के खिड़की दरवाजे भी लगे हैं यदि उक्त के द्वारा पूरा कब्जा कर लिया गया तो पूरे गॉववालों को परेशानी होगी और झगड़े फिसाद की भी आंशका बनी हुई है। जिसकी सूचना हल्का लेखपाल को दी गई तो मौके पर पहुॅचकर लेखपाल ने अवैध निर्माण को रूकवा दिया गया था परन्तु लेखपाल के जाने के बाद फिर से निर्माण शुरु कर दिया है। सुरेश पुत्र घसीटा ने उप जिला अधिकारी निधि भारद्वाज को शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

# विधायक से पुलिस की अभद्रता बर्दाश्त नहीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** लोनी में धार्मिक कलश यात्रा के दौरान क्षेत्र विधायक के साथ पुलिस के द्वारा किए गए दुर्व्यवहार एवं मारपीट से आहत गुर्जर समाज के लोगों ने राष्ट्रीय गुर्जर महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष के नेतृत्व में उप जिला अधिकारी को ज्ञापन सोपा जिसमें घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है ।



लोनी में धार्मिक कलश यात्रा के दौरान क्षेत्रीय विधायक नंदकिशोर गुर्जर के साथ पुलिस के द्वारा किए गए दुर्व्यवहार एवं मारपीट की घटना से आहत गुर्जर समाज के लोगों ने राष्ट्रीय गुर्जर महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण तोमर के नेतृत्व में तहसील कार्यालय पर प्रदर्शन कर उप जिला अधिकारी निधि भारद्वाज को ज्ञापन सोपा।

जिसमें घटना की निष्पक्ष जांच करते हुए घटना में शामिल सभी दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने, विधायक को सुरक्षा प्रदान करने तथा भविष्य में ऐसे आयोजनों में प्रशासन द्वारा सहयोग किया जाने तथा घटना की साजिश कर्ता अधिकारियों का पर्दाफाश करने की मांग की गई है उन्होंने मांग न मानने पर बड़ा आंदोलन करने की भी चेतावनी दी है ।ज्ञापन देने वालों में ईश्वर सिंह ,तेजपाल सिंह गुर्जर, प्रेम, चमन सिंह ,रामफल, जनक सिंह ,आशुतोष, रमेश, बिजेंदर, चरण सिंह आदि शामिल रहे।

# व्यापार मंडल प्रदेश अध्यक्ष ने सभी जिलों के जिला प्रभारी नियुक्त कर सूची जारी की: गर्ग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने शामली के सुभाष चौक शिव मूर्ति स्थित प्रांतीय मुख्यालय पर उपस्थित पदाधिकारीयों एवं व्यापारियों को जानकारी देते हुए कहा कि 1 अप्रैल को प्रदेश के सभी जिलों के जिला प्रभारीयो की सूची जारी कर दी गई है जिसकी जानकारी सभी पदाधिकारीयों को सोशल मीडिया व्हाट्सएप के माध्यम से भेज दी गई है।

सभी जिला प्रभारी वे जिस जिले के जिला प्रभारी नियुक्त किए गए हैं वे मई व जून माह मे उस जिले का दौरा करेंगे तथा आगामी चुनाव के लिए पहले जिले की नगर इकाइयों के नगर अध्यक्ष व नगर महामंत्री के चुनाव कराए तथा उस जिले की सभी नगर इकाइयों के चुनाव होने के बाद जिले के जिला मुख्यालय पर सभी नगर इकाइयों के नव निर्वाचित नगर अध्यक्ष व नगर महामंत्रीयो द्वारा जिला प्रभारी की उपस्थिति में जिला अध्यक्ष, जिला महामंत्री के चुनाव कराए जाएंगे यह पूरी प्रक्रिया जिला प्रभारी की देखरेख में होगी जिला प्रभारी को निर्देशित किया गया है कि वे मई व जून व15 अगस्त से पहले पहले सभी जिलों के चुनाव संपन्न कर लें इस प्रकार जिला प्रभारीयो द्वारा प्रदेश के सभी जिलों के जिला अध्यक्ष, जिला महामंत्री व नगर इकाइयों के नगर अध्यक्ष नगर महामंत्रियों के चुनाव की सूची जिला प्रभारी द्वारा प्रदेश अध्यक्ष को प्रेषित की जाएगी तत्पश्चात प्रदेश अध्यक्ष 15 अगस्त के बाद प्रदेश का दौरा शुरू करेंगे तथा सभी जिलों में तथा उनके नगर इकाइयों में जाकर व्यापारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे साथ ही यदि किसी जिले में जिला अध्यक्ष ,जिला महामंत्री का या किसी नगर इकाई में नगर अध्यक्ष, नगर महामंत्री का चुनाव नहीं हो पाया है तो उनके द्वारा उनका मनोनयन किया जाएगा इस प्रकार सभी जिलों के जिला अध्यक्ष, जिला महामंत्री व नगरों की इकाइयों के नगर अध्यक्ष नगर महामंत्रियों के चुनाव की प्रक्रिया संपन्न होगी अत: प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने सभी जिला प्रभारीयो को निर्देशित करते हुए कहा है कि वह जिस जिले के जिला प्रभारी नियुक्त किए गए हैं उन जिलों के पदाधिकारीयों से संपर्क करें और भ्रमण करके अपनी जिम्मेदारी का पूरा निर्वाह करें उन्होंने बताया कि सितंबर माह में होने वाले प्रांतीय सम्मेलन में पूरी प्रांतीय कार्यकारिणी के चुनाव, चुनाव अधिकारियों की देखरेख में कराए जाएंगे बैठक में मुख्यत: सुभाष चंद्र धीमान,नरेंद्र अग्रवाल,रवि संगल ,अनुज गोयल, महेश धीमान वैभव गोयल, शिवांग गर्ग, ऋषभ जैन, पवन गोयल आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

# स्कूल चलो अभियान के तहत निकाली रैली




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कांधला क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय नाला नंबर-1 से स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत रैली निकाली गई। इसमें बच्चों ने विभिन्न प्रकार के स्लोगन बोलकर ग्रामीणों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया। रैली का शुभारंभ मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित करने के पश्चात किया गया। साथ ही जिन बच्चों का नवीन नामांकन हुआ है। उनका स्वागत तिलक तथा फूलमाला पहनाकर किया गया। उपस्थित सभी अभिभावकों को सरकार की विभिन्न योजनाओं के विषय में बताया गया। इस अवसर पर संगीता, भावना कुमारी, बबीता रानी, कुलदीप तोमर, अतिन कुमार, अनुज पंवार आदि मौजूद रहे।

# मन्ना माजरा फायरिंग प्रकरण: 17 नामजद व कुछ अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** एक दिन पूर्व क्षेत्र के गांव मन्नामाजरा में वर्चस्व की जंग को लेकर कैराना के दो गुटों के बीच हुए खूनी संघर्ष में पुलिस ने 17 नामजद व कुछ अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध कातिलाना हमला करने समेत संगीन धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया है। वहीं, पुलिस ने घटना में शामिल चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की कार्यवाही से दोनों गुटों में हड़कंप मचा हुआ है।

विगत मंगलवार को क्षेत्र के गांव मन्नामाजरा में दो गुटों के बीच खूनी संघर्ष हो गया था। कैराना से एक गुट के करीब दर्जनभर हथियारबंद युवकों ने गांव में पहुंचकर ताबड़तोड़ फायरिंग करके दहशत फैला दी थी। फायरिंग के दौरान गोली लगने से गांव मन्नामाजरा निवासी राकिब व गांव जहानपुरा निवासी रिजवान के पैर में गोली लगी थी, जबकि कैराना के मोहल्ला आलकलां निवासी परवेज सिर में ईंट लगने से गम्भीर रूप से घायल हुआ था। घटना की सूचना मिलने पर गांव में पहुंची कोतवाली पुलिस ने मौके से दर्जनों खोखा कारतूस व दिल्ली नंबर प्लेट लगी एक स्पोर्ट्स बाइक मौके से बरामद की थी। फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर घटना से जुड़े साक्ष्य एकत्र किए थे। गांव में हुई ताबड़तोड़ फायरिंग से पुलिस महकमें में हड़कंप मच गया था। वहीं, पुलिस ने प्रकरण में उजैफा, सुफियान, बुड्ढा उर्फ मुस्तकीम व याहिया निवासीगण मोहल्ला भूरा चुंगी कस्बा कैराना तथा राकिब, जावेद, शहजाद, मनव्वर व सलीम निवासीगण ग्राम मन्नामाजरा तथा जावेद भाटी, परवेज भाटी व जावेद मूंछ निवासीगण मोहल्ला आलकलां कस्बा कैराना व सादिक, रिजवान चीमा, जावेद व महफूज उर्फ फौजी निवासीगण ग्राम जहानपुरा तथा आमिर निवासी ग्राम इस्सापुर खुरगान व कुछ अज्ञात के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा-109 (1), 191(2), 191(3), 190,7 क्रिमिनल अमेंडमेंट एक्ट तथा आयुध अधिनियम 3/25/27 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। नामजद आरोपियों में शामिल जावेद भाटी व याहिया दोनों गुटों के मुखिया बताए गए है। उधर, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बिजेन्द्र सिंह रावत का कहना है कि मामले में 18-20 लोगो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। शेष आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करके जेल भेजा जाएगा। किसी को भी कानून-व्यवस्था के साथ खिलवाड़ नही करने दिया जाएगा।

**एक दिन पूर्व कैराना के दो गुटों के बीच वर्चस्व की जंग को लेकर हुआ था खूनी संघर्ष, फायरिंग व पथराव में तीन लोग हुए थे घायल पुलिस ने घटना में शामिल चार लोगों को किया गिरफ्तार**



# कृषि पोषक फीडर पर विद्युत आपूर्ति कम करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भारतीय किसान यूनियन प्रधान के पदाधिकारियों ने बुधवार को कलक्ट्रेट में प्रदर्शन कर डीएम कार्यालय में प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होने कृषि पोषक फीडर पर विद्युत आपूर्ति को कम करने का आरोप लगाते हुए समस्या का समाधान करने की मांग की है।

बुधवार को भाकियू प्रधान के पदाधिकारियों ने दिए ज्ञापन में कहा कि प्रदेश के अंदर कृषि में नहरी व्यावस्था के साथ में निजी नलकूप सिंचाई करने के लिए एक महत्वपूर्ण अंग है। जिससे किसान समय से फसलों की सिंचाई करता है। कहा कि 22 मार्च को एक आदेश जारी हुआ, जिससे कृषि पोषक फीडर से विद्युत समय 10 घंटे से घटाकर 7 घंटे कर दिया गया। जिसकी सप्लाई दो भागों में स्वीकृत कर दी गई है। जिसें सवेरे 5:15 बज से 10:15 बजे तक और दोपहर में 4 बजे से शाम 6 बजे तक दी जाएगी। इतने कम समय में कटौती के साथ किसान फसलों की सिंचाई समय से नही कर पाएगा। दूसरी तरफ गर्मी का मौसम शुरू हो गया है और फसलों की कम समय में सिंचाई करनी पडेगी, जिससे फसलों को नुकसान पहुंचेगा। उन्होने सिंचाई के लिए 10 घंटे बिजली आपूर्ति कराने की मांग की। इस अवसर पर राजेन्द्र सिंह, सन्नी निर्वाल, वाजिद राणा, मौहम्मद आरिफ, विशाल पंवार, अजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

# अप्रैल माह शुरू होते ही गर्मी का सितम शुरू, जून में क्या होगा हाल







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** अप्रैल माह शुरू होने के साथ ही गर्मी का सितम भी शुरू हो गया है। दोपहर के समय लू का प्रकोप बढ गया है। गर्म हवाऐं चलने से लोग खासा परेशान है। सवेरे सर्द हवाऐं और दोपहर में गर्म लू का असर लोगों के स्वास्थ्य पर भी देखा जा रहा है। सरकारी से लेकर प्राईवेट अस्पतालों में वायरल बुखार और नजला जुकाम के मरीज बढ गए है। चिकित्सकों ने लोगों से अपने स्वास्थ्य की देखभाल करने की सलाह दी है।

बुधवार को मौसम का अधिकतम तापमान 35 डिग्री सैल्सियस और न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया। सवेरे जब लोग उठे तो सर्द हवाऐं चल रही है, लेकिन जैसे जैसे सूर्यदेव निकला तो सर्द हवाऐं दोपहर होने तक गर्म हवाओं में तबदील हो गई है। दोपहर करीब एक बजे लू चलनी शुरू हो गई थी और धूप की तपिश असहनीय हो रही थी।

गर्मी का प्रकोप इस कदर बढ गया कि धूप में खडा भी नही हो पाया जा रहा है। दोपहर में स्कूल की छुटटी के बाद घर लौट रहे छात्र-छात्राओं को भीषण गर्मी में काफी परेशानियां हुई। महिलाऐं और बुर्जुग धूप की तपिश से बचने के लिए सिर पर कपडा रखकर निकले। मौसम के लगातार बिगड रहे मिजाज को देखते हुए चिकित्सकों ने भी अपने स्वास्थ्य की देखभाल करने की सलाह दी है। प्राईवेट और सरकारी अस्पतालों में वायरल बुखार, खांसी, नजला जुकाम के मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ हैं। अचानक मौसम में हुए बदलाव का असर बच्चों की सेहत पर भी पडा है।

## एक नजर

### पांच अप्रैल को मोहम्मदपुर राई में गरजेंगे राकेश टिकैत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** बुधवार को भारतीय किसान यूनियन की एक महत्वपूर्ण बैठक संगठन के कैराना नगराध्यक्ष एवं कस्बे के मोहल्ला आलकलां निवासी इनाम चौधरी उर्फ कालू के आवास पर आयोजित की गई, जिसमें आगामी पांच अप्रैल को खादर क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर राई में आयोजित होने वाली महापंचायत को सफल बनाने के लिए गहन मंत्रणा हुई। बैठक में मौजूद संगठन के युवा मंडलाध्यक्ष राजेश प्रधान ने बताया कि भाकियू कार्यकर्ता क्षेत्र के लोगो से महापंचायत में पहुंचने के लिए संपर्क कर रहे है। संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत महापंचायत को संबोधित करेंगे। उन्होंने क्षेत्र के बाशिंदों से महापंचायत में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने की अपील की है। इस दौरान अब्बास प्रमुख, ग"यूर अली, पुष्कर सैनी, इमरान चेयरमैन, सुभाष प्रधान, मेहरदीन, इनाम अली, दानिश अली, मोहम्मद अहमद, मिंटू सैनी, शाहरुख, मुख्तियार, इरफान, मोहसीन, नवाब आदि मौजूद रहे।

### दादी जी सेवा संस्थान की बैठक संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** दादी जी सेवा संस्थान रजि. शामली की बैठक हनुमान धाम शामली पर आयोजित की गई। बुधवार को आयोजित बैठक में संस्था के अध्यक्ष ब्रजमोहन शर्मा ने बताया कि 3 अप्रैल को राणी सती झुंझुनू वाली का 23वां विराट वार्षिक महोत्सव मंदिर हनुमान टिल्ला हनुमान धाम के रामलीला मैदान में आयोजित होगा। यह कार्यक्रम सायं 7 बजे से शुरू होगा व दादी जी की इच्छा तक चलेगा। कार्यक्रम में कोलकता से आए कलाकारों द्वारा दादी जी का श्रृंगार किया जाएगा और मंदिर को भव्य रूप से सजाया जाएगा। लाड़ली दादी झुंझुनू वाली का गुणगान विश्व विख्यात भजन सम्राट लखबीर सिंह लक्खा मुम्बई, पंडित निशांत भागवत पाठक शामली व मंच संचालक राजेश गोयल सिरसा से करेंगे। दादी झुंझनू वाली की 108 ज्योति प्रज्जवलित की जाएगी और छप्पन भोग अर्पित किया जाएगा। महाआरती के पश्चात कार्यक्रम का समापन होगा। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक राजन बत्रा, महामंत्री गौरव गर्ग, कोषाध्यक्ष अमन गोयल, राहुल शर्मा, दीपक कौशिक, मयंक संगल, अभिषेक मित्तल, देवांशु संगल, कमल चौहान, डिंपल अंकुर सोनू चावला, प्रदीप ऐरन, पराग संगल, अखिल गर्ग आदि मौजूद रहे।

### सड़क निर्माण अधर में लटका, गंदगी और जलभराव से मोहल्लेवासी परेशान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़ी पुख्ता।** कस्बे के मोहल्ला रैदासपुरी में सड़क निर्माण कार्य अधूरा पड़ा होने के कारण स्थानीय निवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर जगह-जगह रोड़े बिखरे हुए हैं और नालियों का गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है, जिससे आमजन के आवागमन में दिक्कतें बढ़ गई हैं। मंगलवार को मोहल्ले के निवासी हिंदू महासभा मंडल अध्यक्ष योगी बाबा कमलनाथ, सभासद कर्मवीर, खिलारी, रिंकू, रिशिपाल, कलू राणा, विक्की, सतपाल, संतोष, डॉ। रवि दीपक आदि ने बताया कि सड़क निर्माण का कार्य पिछले एक महीने से अधूरा पड़ा है। सड़क को खोदकर छोड़ दिया गया है, जिससे लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क पर भरे गंदे पानी और कीचड़ के कारण मच्छर-मक्खियों की भरमार हो गई है, जिससे डेंगू, मलेरिया और अन्य संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ गया है। लोगों को मजबूरन इसी गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है, जिससे वे आए दिन फिसलकर चोटिल भी हो रहे हैं।

### ससुराल पक्ष के लोगों पर पुत्री व दो अन्य लोगों से मारपीट का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** पीड़ित युवती के पिता ने ससुराल पक्ष के लोगों पर घर पर आकर उसकी पुत्री तथा दो अन्य लोगों के साथ मारपीट करने की तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। बुधवार को ग्राम पटनी प्रतापुर निवासी आकिल ने थाने में दी तहरीर में बताया कि उसने अपनी पुत्री की शादी करीब 4 वर्ष पूर्व कासिम पुत्र हारून निवासी गांव भड़ी चौसना के साथ हैसियत के मुताबिक दान दहेज देकर की थी। पीड़ित ने बताया कि करीब एक माह पूर्व पुत्री को मारपीट कर घर से निकाल दिया था, जिसमें बाद में फैसला भी हो गया था। मंगलवार को उसका दामाद कासिम तथा 5, 6 लोगों को साथ लेकर उनके घर पहुंचा तथा गाली गलौज करते हुए मारपीट कर फरार हो गए, जिसमें उसकी पुत्री शबाना वह सोनम तथा आसिफ घायल हो गए। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।

### विवेक प्रेमी को लेकर डीएम से मिले व्यापारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** बुधवार को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल की वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अंकित गोयल के नेतृत्व में शामली गांधी चौक के दुकानदारों ने जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान से उनके कैंप कार्यालय पर मुलाकात की। अंकित गोयल ने जिलाधिकारी को बताया कि व्यापारी नेता विवेक प्रेमी कि अभी तक जमानत नहीं हो पाई है। इसमें पुलिस को न्यायालय में उसके ऊपर से गुंडा एक्ट व जिला बदर हटाने के कागजात दाखिल करने हैं। जिससे जमानत हो सके। इस पर जिलाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक रामसेवक गौतम से फोन पर बात कर तीन दिन के अंदर सभी पेपर दाखिल करने को कहा। जिससे जल्द ही विवेक प्रेमी की जमानत हो सके। जिलाधिकारी ने शहर में सभी व्यापारियों से शांति बनाए रखने की अपील की। कहा कि किसी भी अफवाह पर ध्यान ना दें। शामली में कानून के मुताबिक सब कार्य होंगे। कोई भी व्यक्ति कानून तोड़कर किसी प्रकार की अवैधानिक कार्रवाई नहीं कर पाएगा। इस पर सभी व्यापारियों ने जिलाधिकारी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अंकित गोयल, संजीव बंसल, अनिल जैन, राजीव तायल, अमित जैन, आशीष अग्रवाल, रवि जैन, अनिल गुप्ता, अनुराग जैन, राहुल गोयल आदि मौजूद रहे।

**सूचना नाम-परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम त्रुटिवश JAI PRKASH SAINI दर्ज है, जो कि गलत है। जबकि सही व शुद्ध नाम जय प्रकाश सैनी JAY PRAKASH SAINI है। इसी नाम से मुझे जाना-पहचाना व पुकारा जाए।

JAYPRAKASH SAINI
S/0 ANTRAM SAINI
VILLAGE JHARKHERI
KAIRANA PS
KAIRANA DISTT
SHAMLI
UTTARPRADESH-
247774 INDIA

**सूचना नाम-परिवर्तन**

मैंने अपने पुत्र अनिकेत दीक्षित जन्मतिथि 15.4.2012 का नाम बदलकर मनुदीक्षित कर दिया है और जन्म प्रमाण पत्र भी संशोधन करा लिया है।

**देवेंद्र कुमार शर्मा**
**पुत्र ब्रह्मदत्त शर्मा**
निवासी लक्ष्मणपुरी कालोनी निकट स्टेट बैंक कालोनी, दिल्ली रोड सहारनपुर, मो- 9759284646

# मुठभेड़ में गौकशी का आरोपी गिरफ्तार



**बेहट।** बेहट सर्किल के गांव शेरपुर के जंगल में बीती रात थाना बिहारीगढ़ पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गौकशी के एक आरोपी आरोपी को घायलावस्था में गिरफ्तार किया है पुलिस ने उस के कब्जे से अवैध तमंचा तथा गोकशी मे प्रयुक्त होने वाले उपकरण भी बरामद किए है। आरोपी के साथ गौकशी के मामले में शामिल दूसरा आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया पुलिस ने उसकी तलाश के लिए काम्बिंग भी की मगर कोई सफलता हाथ नहीं लगी है। पुलिस ने घायल आरोपी को इलाज हेतु सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक थाना बिहारीगढ़ प्रभारी निरीक्षक जावेद खान क्षेत्र मे देर रात गश्त कर रहे थे , तभी मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि कुछ लोग शेरपुर के जंगल की ओर गौकशी के इरादे से जा रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर संदिग्ध व्यक्तियों को आवाज देते हुए रुकने का इशारा किया तो बदमाशों ने पुलिस को आता देख जवाब में पुलिस पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग शुरू कर दी और भागने लगे तो आत्मरक्षा में पुलिस की तरफ से की गई जवाबी फायरिंग में एक आरोपी के पैर में गोली लग गई जबकि दूसरा व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाते हुए मौके से फरार हो गया । पुलिस ने उसे पकड़ने के लिए कांबिंग भी की मार पुलिस को कोई सफलता नहीं मिली। पुलिस ने घायल अवस्था में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर का तथा एक जिंदा तथा एक खाली कारतूस भी बरामद किया है पुलिस ने आरोपी के इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने गिरफ्तार आरोपी का नाम पता सेहदुल पुत्र आलिम निवासी गांव खेडी शिक. ोहपुर थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार बताया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक ने घटना के संबन्ध मे बताया कि गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ गौकशी के मुकदमे पहले से दर्ज है पुलिस उसके आपराधिक मामलों की जांच-पड़ताल कर रही है। फरार आरोपी को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिए जायगा।

# चप्पे-चप्पे पर अलर्ट रही पुलिस




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** संसद में वक्फ बिल के पेश होने की तैयारियों के बीच पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कमर कस ली है। इसी कड़ी में थाना फतेहपुर के अंतर्गत आने वाले कस्बा छुटमलपुर में थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल ने व्यापक पैदल मार्च निकाला।

थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार ने स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि संसद में वक्फ बिल पेश होने जा रहा है और सरकार के निर्देशों के अनुरूप सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी व्यक्ति को अराजकता फैलाने या माहौल बिगाड़ने की कतई इजाजत नहीं दी जाएगी। थाना प्रभारी ने कहा, ष्कोई भी शख्स, चाहे वह कितना भी रसूख वाला क्यों न हो, अगर कानून-व्यवस्था को भंग करने की कोशिश करेगा, तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इस पैदल मार्च के दौरान पुलिस ने कस्बे के हर कोने में अपनी मौजूदगी दर्ज कराई, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। स्थानीय लोगों के बीच भी इस बात की चर्चा है कि प्रशासन की यह तैयारी किसी भी संभावित तनाव को नियंत्रित करने में प्रभावी साबित होगी।

# श्रीराम लीला महोत्सव के लिए बल्ली पूजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड।** नगर में चैत्र माह की दुर्गाष्टमी 5 अप्रैल से चलने वाले 18 दिवसीय श्रीरामलीला महोत्सव का शुभारम्भ विधिवत रूप से श्रीरामलीला महोत्सव के प्रधान हरीश गर्ग, महामंत्री वरुण मित्तल, कोषाध्यक्ष बिजेंद्र नारायण, संरक्षक मनोज गोयल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंकज जैन एवम सभी साथियों द्वारा रामल. ीला के मंच पर बल्ली पूजन करके किया गया। कार्यक्रम में पंडित विपिन शर्मा द्वारा पूजन के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया।

नगर में चैत्र मास में होने वाले रामलीला महोत्सव की तैयारी शुरू कर दी गई है। रामलीला महोत्सव चैत्र माह की दुर्गा अष्टमी 5 अप्रैल से आरंभ होकर 22 अप्रैल को भगवान राम के राजतिलक के साथ संपन्न किया जाएगा। नगर में प्राचीन काल से ही भगवान राम के जन्मोत्सव के अवसर पर रामलीला मंचन का आयोजन चौत्र मां की दुर्गा अष्टमी से आरंभ किया जाता है। श्री राम रामल. ीला मंडल के डायरेक्टर पवन गुप्ता, प्रवीण कुमार, कोषाध्यक्ष पंकज सिंघल ने बताया कि रामलीला महोत्सव की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। बल्ली पूजन के अवसर पर हरीश गर्ग, वरुण मित्तल, विजेंद्र नारायण, पंकज जैन, मनोज गोयल, शरद जैन, विजय त्यागी, अक्षय सिंघल,अनिल गोयल, प्रवीण कुमार, पंकज सिंघल, पवन गुप्ता, पिंटू, मास्टर श्याम अधिक काफी संख्या में राम भक्त उपस्थित रहे।

## थ्रीव्हीलर की टक्कर से बाइक सवार घायल

**नागल।** थाना क्षेत्र के खटौली गांव के निकट हाईवे पर थ्री व्हीलर की टक्कर लगने से बाइक सवार एक युवक घायल हो गया।

मिली जानकारी के मुताबिक थाना देहात कोतवाली के गांव टपरी निवासी आस मोहम्मद अपनी पल्सर बाइक से देवबंद से स्टेट हाईवे से होते हुए वापस अपने गांव लौट रहा था। दोपहर करीब दो बजे जैसे ही वह गांव खटोली रोड के निकट पेट्रोल पंप के पास पहुंचा तो गलत साइड से आ रहे एक थ्री व्हीलर ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। घटना में बाइक सवार युवक घायल हो गया। सूचना मिलने पर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भिजवाया। चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखकर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# टेलर की बेटी ने हासिल की उपलब्धि



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** क्षेत्र के गांव भैंसराउ के निवासी ट्रेलर मास्टर शहजाद अंसारी की बेटी जैनब ने अपनी मेहनत और लगन से एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है।

एएचपी इंटर कॉलेज छुटमलपुर से जैनब ने अपनी कक्षा 6 की वार्षिक परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता प्राप्त की है। जैनब ने कुल 800 अंकों में से 409 अंक हासिल किए और कक्षा 6 की परीक्षा में उत्तीर्ण हुई हैं। उनके इस प्रदर्शन ने उनके शिक्षकों और परिवारजनों का ध्यान आकर्षित किया है। विशेष रूप से हिंदी साहित्य में उनकी रुचि और अच्छे प्रदर्शन ने सभी को प्रभावित किया है। जैनब की इस उपलब्धि ने यह साबित कर दिया कि कम उम्र में भी कड़ी मेहनत और लगन से बड़े सपने देखे और पूरे किए जा सकते हैं। जैनब के पिता शहजाद अंसारी, जो पेशे से ट्रेलर मास्टर हैं, ने अपनी बेटी की इस सफलता पर गर्व व्यक्त किया। उन्होंने कहा, ष्जैनब ने दिन-रात मेहनत की और हमें गर्व करने का मौका दिया। हमारा परिवार आर्थिक रूप से ज्यादा सक्षम नहीं है, लेकिन उसने अपनी लगन से यह साबित कर दिया कि मेहनत से कुछ भी हासिल किया जा सकता है।ष जैनब की माँ ने भी अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि उनकी बेटी ने पूरे गांव का नाम रोशन किया है। जैनब की स्कूल के प्रिंसिपल ने भी उनकी तारीफ की और कहा, ष्जैनब एक मेहनती और अनुशासित छात्रा है। उसने अपनी पढ़ाई में अच्छा प्रदर्शन किया और स्कूल की गति. विधियों में भी सक्रिय रूप से भाग लिया।जैनब ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और अपनी कड़ी मेहनत को दिया। उसने बताया कि उसे हिंदी साहित्य पढ़ना बहुत पसंद है और वह भविष्य में शिक्षिका बनना चाहती है। उसने कहा, ष्मुझे हिंदी साहित्य की कहानियाँ और कविताएँ बहुत पसंद हैं। जैनब की इस उपलब्धि से गांव भैंसराउ में खुशी का माहौल है। गांव के लोग और रिश्तेदार उनके घर बधाई देने के लिए आ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जैनब की सफलता गांव की अन्य लड़कियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। जैनब की मेहनत और लगन की कहानी बयां करती है कि सही मार्गदर्शन और कठिन परिश्रम से किसी भी उम्र में सफलता हासिल की जा सकती है।

## ठगी करने वाले को ग्रामीणों ने पकड पुलिस को सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** कस्बे के पांडौली रोड पर बर्तनो की सफाई व कलाई चढाने की आड में ठगी करने वाले एक व्यक्ति को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया।

मिली जानकारी के मुताबिक बुधवार सुबह करीब नौ बजे बर्तनों की सफाई व कलाई करने के बहाने एक व्यक्ति महताब नामक ग्रामीण के घर पर आया। उस समय घर मे महताब की पत्नी व लडकियां मौजूद थी। इस दौरान उसने महिला से कहा कि वह चांदी की पाजेब भी साफ कर देगा और महिला से पाजेब लेकर किसी केमिकल मे डाली तो उसमे से उठे धुंए से महिला बेहोश हो गई। अपनी मां को बेहोश देखकर लड़कियों ने शोर मचा दिया। शोर सुनकर पडोस के लोग भी आ गए जिससे वह भागने लगा। लोगो ने उसे पकड लिया और मारपीट कर पुलिस के हवाले कर दिया। बताया जाता है कि पकडा गया व्यक्ति बिहार का रहने वाला है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

# कैंब्रिज इंटरनेशनल का परीक्षाफल घोषित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तल्हेडी बुजुर्ग।** कस्बे के कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, इस दौरान स्कूल में उच्च श्रेणी प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह भेंट कर पुरस्कृत किया गया।

बुधवार को तल्हेडी बुजुर्ग कस्बे के सीबीएसई बोर्ड से मान्यता प्राप्त कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक परीक्षा फल घोषित किया गया।इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक प्रमोद त्यागी, प्रधानाचार्य मनोज गुप्ता और उप प्रधानाचार्य सोमनाथ त्यागी ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात स्कूल में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। जिसमें कक्षा प्ले में शिवाय चौधरी,मनन त्यागी, नर्सरी में अविका व शुभांकित त्यागी, कक्षा एक में अद्विका,वीरा त्यागी, कक्षा 2 ए में शिवाय कटारिया ,कक्षा 2 बी में शर्लिन ,कक्षा 3 में आराध्या व विवान वत्स, कक्षा तीन भी में नित्यश्री व इशानी, कक्षा 4 ए में अविका शर्मा ,कक्षा 4 बी में अविका ,कक्षा 5 ए में अथर्व त्यागी, कक्षा 5 बी में पूजा, कक्षा 6 ए में सोनाक्षी ,कक्षा 6 बी में अक्षिता व अविरल, कक्षा 7 ए में सार्थक ,कक्षा 7 बी में अश्वनी मलिक व दिव्या ,कक्षा 8 ए में सत्कार सिंह, कक्षा 8 बी में निधि शर्मा, कक्षा 9 ए में वंश शर्मा ,कक्षा 9 बी में अनन्या सिंह ,कक्षा 11 पीसीएस में श्रद्धा, वैष्णवी धीमान ने सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा विद्यालय परिसर की अन्य गतिविधियों में विशेष स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों प्री प्राइमरी में सानवी सिंह, प्राइमरी में पुलकित मौर्य व चित्रांश ,जूनियर वर्ग में वेदांशी,अर्णव और सीनियर वर्ग में वाणी चौधरी को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। स्कूल प्रबंधक प्रमोद त्यागी व प्रधानाध्यापक मनोज गुप्ता ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वर्ष भर बच्चे कड़ी मेहनत करते हैं। जिसके परिणाम स्वरूप उन्हें यह प्रतिफल प्राप्त हुआ है। उन्होंने सभी बच्चों को मेहनत और लगन से शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर स्कूल प्रांगण में अभिभावकों सहित समस्त अध्यापकगण उपस्थित रहे।

# हत्या में प्रयुक्त खून से सनी तलवार बरामद

**चिलकाना।** क्षेत्र में चर्चित अर्जुन हत्याकांड के दूसरे हत्यारोपी को जेल से रिमांड पर लाने के बाद पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त खून से सनी दूसरी तलवार बरामद की है।

ज्ञात हो कि विगत 14 मार्च को होली के दिन राजकीय इंटर कॉलेज गुमटी के निकट पुरानी रंजिश चलते बड़गांव निवासी युवक अर्जुन पुत्र बबलू की तलवार से काटकर हत्या कर दी गई थी। वहीं एक अन्य युवक राजन उर्फ राज्जा पर तलवार से कंई घातक वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया था। चीख पुकार सुनकर बचाव को आये ग्रामीणों ने एक हत्यारोपी बादल पुत्र नीरज का पीछा कर खून से सनी तलवार सहित पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया था। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर तीन आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर पकड़े गए आरोपी बादल को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया था। वहीं कुछ दिन बाद दूसरे हत्यारोपी सुमित पुत्र बबलू ने न्यायालय के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया था। आज बुधवार को पुलिस की सशक्त पैरवी के चलते न्यायालय के आदेशोपरांत आत्मसमपर्ण करने वाले आरोपी सुमित पुत्र बबलू को रिमांड पर लाया गया था।


## सहारनपुर नगर निगम सम्पत्ति अनुभाग

### ई-निविदा

पत्रांक: 01/ सम्प.अनु. /न.नि. सहा./2024-25 दिनांक : 02, अप्रैल, 2025

सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है, कि वित्तीय वर्ष 2025-26 व 2026-27 के लिये ठेका नगर पथ विक्रेता वसूली हेतु ई-निविदा आमन्त्रित की जा रही है, ऑफरदाता ऑनलाईन टैण्डर प्रक्रिया में भाग ले सकते है:-

| क्र.सं | पत्र. सं. | ठेके का नाम | जमानत राशि | वर्ष 2024-25 में ठेका धनराशि (जी.एस.टी. सहित) | न्यूनतम ऑफर (मय जी.एस.टी.) वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु। (प्रतिवर्ष) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | NZ6/ 2025 | ठेका नगर पथ विक्रेता | 11 लाख 10 हजार | 1,11,00,000/- | 1,11,00,000/- |

निविदा शर्ते निम्नवत है:-

2. प्रत्येक ठेके के निमित्त तकनीकी निविदा में निम्नलिखित प्रपत्र प्रस्तुत करने होंगे:-

✔ आधार कार्ड, पैन कार्ड, जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, नगर आयुक्त महोदय को सम्बोधित अंकन 100 रू. के नोटरी शपथ पत्र (फोटो सहित) जिसमें यह तथ्य अंकित होगा कि वह किसी भी संस्था का बकायेदार नही है, और न ही कभी ब्लैक लिस्टेड हुआ है, निविदा के साथ अपलोड करने होंगे।

✔ निविदादाता की हैसियत 40 लाख रूपये होनी चाहिये व पिछले 03 वित्तीय वर्ष की औसतन टर्नओबर 40 लाख रू. होनी चाहिये, जो कि सी.ए. द्वारा निर्गत होनी चाहिये, संलग्न करनी होगी।

✔ निविदा में केवल फर्म, पार्टनर फर्म, कम्पनी ही प्रतिभाग कर सकते है, Joint Venture प्रतिभाग नही कर सकते है, पार्टनरशिप फर्म की स्थिति में समस्त पार्टनर के आधार कार्ड, पैन कार्ड, चरित्र प्रमाण पत्र संलग्न करने होंगे।

✔ ठेके की निमित्त निर्धारित जमानत धनराशि व टैण्डर शुल्क अंकन 1000+180= 1180/- रू. (जी.एस.टी. सहित) ई-टैण्डरिंग के माध्यम से जमा करनी होगी।

2-ठेके से संबंधित सभी शर्ते सम्पत्ति अनुभाग में देखी / पढ़ी जा सकती है, व सूचना व शर्ते नगर निगम की वेबसाईट www.saharanpurnagarnigam.com व एन.आई.सी. की वेबसाईट www.saharanpur.nic.in पर भी उपलब्ध है।

3- ठेका बिना कारण बताये स्वीकार / अस्वीकार करने का अधिकार नगर आयुक्त नगर निगम सहारनपुर में निहित होगा।

4- जिन ठेकेदारों द्वारा गत वर्षों के ठेके की समस्त धनराशि नगर निगम कोष में जमा नही करायी गयी है, उनका ऑफर मान्य नही होगा, तथा जिन ठेकेदारों को नगर निगम द्वारा डिफाल्टर घोषित/ब्लैकलिस्टेड किया हुआ है, वह भी निविदा में भाग नही ले सकेगें।

5- ऑनलाईन निविदा दिनांक 07.04.2025 को अपरान्ह 12:00 बजे तक ऑनलाईन के माध्यम से डाली जायेगी, एवम् तद्दिनांक को सायं 03:00 बजे निविदा गठित समिति एंव निविदा दाताओं के समक्ष खोली जायेगी।

**कर अधीक्षक ( सम्पत्ति )**
**नगर निगम सहारनपुर।**

**प्रभारी अधिकारी ( सम्पत्ति )**
**नगर निगम सहारनपुर।**


# कोर्ट के आदेश पर भूमि की पैमाईश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** नगर के एक व्यक्ति ने सिविल कोर्ट देवबंद में अवैध रूप से भूमि बेचे जाने के संबंध में एक वाद दायर किया था जिसके बाद सिविल कोर्ट के आदेश पर नियुक्त कमीशन ने उक्त भूमि की पैमाइश की। उक्त भूमि का मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया है।

नगर निवासी बशीर जमाल अहमद ने नितिन आदि के विरुद्ध सिविल कोर्ट देवबंद में वाद दायर करते हुए कहा था कि पीठ बाजार में मनिहारान पंचायत की भूमि है। उसके कुछ हिस्से का एक व्यक्ति किराएदार था। उक्त किराएदार के परिजनों ने किराए की भूमि सहित बाकी भूमि अवैध तरीके से अन्य लोगों को बेच दी है। मामले की सुनवाई के बाद सिविल कोर्ट देवबंद द्वारा एक कमीशन गठित किया गया और कोर्ट के निर्देश पर कमीशन धर्मपाल सिंह एडवोकेट ने रामपुर मनिहारान स्थित उक्त भूमि पर पहुँच कर भूमि की पैमाइश की व कुछ स्थानीय लोगों से वार्ता भी की। कमीशन द्वारा फोटो वीडियो आदि भी बनाई गई। सिविल कोर्ट देवबंद द्वारा गठित कमीशन एडवोकेट धर्मपाल सिंह ने पूछने पर बताया कि सिविल कोर्ट के आदेश पर भूमि की पैमाइश की गई है जिसकी रिपोट न्यायालय में पेश की जाएगी।


## पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि., अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

अल्पकालीन ई- निविदा संख्या:-01 / डब्लू/2025-26:- वि.वि. खण्ड-बेहट के कार्यक्षेत्र में पूर्ण जमा योजना के अन्तर्गत कराये जाने वाला कार्य।

उपरोक्त ई-निविदा का प्रथम भाग खुलने की दिनांक 17.04.2025 को 12:00 बजे तक जमा की जायेगी तथा इसका प्रथम भाग उसी दिन 14:30 बजे के बाद खोला जायेगा। निविदा की विस्तृत जानकारी एंव निविदा में यदि कोई संशोधन अथवा निविदा खुलने की तिथि में विस्तार होता है तो इसकी सूचना ई-टेण्डर वैबसाईट www.etender.up.nic.in तथा निगम की वैबसाईट www.pvvnl.org पर उपलब्ध करायी जायेगी।

**अधीक्षण अभियन्ता**
**विद्युत वितरण मण्डल - प्रथम**
**सहारनपुर**

राष्ट्र हित में बिजली बचायें
बिजली चोरी की सूचना हेल्पलाईन नम्बर पर दें : 1800-180-3002 (मेरठ), 1800-180-8752 (लखनऊ)

पत्रांक 15/वि.वि.म.प्र./स.पुर/ निविदा दिनांक 02.04.2025


# झांकियों संग निकाली भव्य रथ यात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** सकल दिगम्बर जैन समाज द्वारा आयोजित छः दिवसीय विशाल वार्षिक रथयात्रा महोत्सव के अवसर पर नगर में आकर्षक झांकियों व बैंड बाजों के साथ श्री जी की भव्य रथयात्रा निकाली गयी। यात्रा का मार्ग में जगह जगह बड़ी गर्म जोशी के साथ स्वागत किया गया।

बुधवार को सकल दिगम्बर जैन समाज द्वारा प्रबंध कारिणी समिति के तत्वाधान में आयोजित विशाल वार्षिक छः दिवसीय रथयात्रा का बड़ी धूम धाम के साथ शुभारम्भ किया गया। श्री 1008 सुपाश्र्वनाथ बड़ा जैन मंदिर परिसर से श्री जी के रथ सहित अन्य बोलियों के बाद श्री जी की रथयात्रा का शुभारंभ किया गया। रथयात्रा में श्री जी के जीवन से ओतप्रोत झांकियां जहां दर्शकों के आकर्षण का केन्द्र बनी हुई थी वहीं बैंड बाजे धार्मिक धुनो से वातावरण को धर्ममय बना रहे थे। जैन समाज के लोगों ने रथयात्रा का जगह जगह भव्य स्वागत किया। रथयात्रा नगर के विभिन्न स्थानों व हाइवे से होते हुए प्राचीन जैन बाग में पहुँची जहां श्रद्धालुओं द्वारा श्री जी का जलाभिषेक कर विराजमान किया गया। इससे पूर्व प्रातः मन्दिर में श्रद्धालुओं द्वारा अभिषेक, शान्ति धारा, नित्य नियम पूजा की तदोपरांत सुपाश्र्वनाथ बड़े जैन मंदिर में दीप प्रज्वलित किया गया।

इस दौरान प्रधान मनोज जैन, डॉ राजेश जैन,निपुण जैन महामंत्री, संजय जैन मंत्री, अभिषेक जैन, शशांक, वीरेश जैन, भूपेंदर जैन,प्रशांत जैन, अनुराग जैन, प्रदीप जैन, सोनू जैन, विपुल जैन, राकेश जैन, राहुल जैन, संजय जैन सहित समाज के समस्त महिला पुरूष उपस्थित रहे।

## मेमोरंडम ऑफ अन्डर स्टेंडिंग साईन

**गंगोह।** शोभित विश्वविद्यालय और हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय, श्रीनगर गढ़वाल (उत्तराखंड) के साथ शिक्षण, अनुसंधान व अध्ययन में सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग साइन किया गया।

मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग पर कुलसचिव प्रो. डॉ. महिपाल सिंह व प्रो. हेमवती नंदन डायरेक्टर रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेल द्वारा हस्ताक्षर किये गए। इस मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग के दौरान कुलपति प्रो. डॉ. रणजीत सिंह, ए.वी.आई.पी.एस डायरेक्टर प्रो. डॉ. भूपेंद्र चौहान व प्रो. डॉ. मदन कौशिक एवं हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल की ओर से प्रो. मुकेश मैथानी विटनेस मौजूद रहे। कुलपति ने हेमवती नंदन बहुगुणा प्रो. मुकेश मैथानी को शुभकामनाएं दी और आशा व्यक्त की यह समझौता हमारे छात्रों, शोधकर्ताओं और शिक्षकों के लिए नई संभावनाएं खोलेगा, जिससे उनके ज्ञान और कौशल में वृद्धि होगी। यह समझौता न केवल शैक्षिक और शोध गतिविधियों को प्रोत्साहित करेगा, बल्कि इसके माध्यम से विभिन्न संस्थानों के बीच सहयोग और संसाधनों का आदान-प्रदान भी संभव होगा। छात्रों को नई शिक्षा और प्रशिक्षण के अवसर मिलेंगे, जबकि शोधकर्ताओं को अपने अनुसंधान को और अधिक विस्तार देने के लिए नई दिशा मिलेगी।

# भाकियू क्रांति का पूर्ति कार्यालय पर प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** क्षेत्र में उपभोक्ताओं के राशन कार्ड काटे जाने व नए राशनकार्ड न बनाए जाने को लेकर आक्रोशित भारतीय किसान यूनियन क्रांति द्वारा पूर्ति कार्यालय पर प्रदर्शन कर नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

बुधवार को यहां तहसील परिसर में पहुंचे भारतीय किसान यूनियन क्रांति एकता के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी विक्रम सिंह के नेतृत्व में दर्जनों किसानों ने प्रदर्शन कर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित एक मांग सौंपा। चौधरी विक्रम सिंह ने आपूर्ति निरीक्षक पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि कार्यालय में गरीब लोगों के बिना सुविधा शुल्क के राशन कार्ड नही बनाए जाते। उनका खुला शोषण किया जा रहा है। किसानों ने तहसील में स्टांप विक्रेताओं पर भी ओवर चार्जिंग का आरोप लगाते हुए कहा कि 10 रुपये का स्टांप 20 रुपये में बेचा जा रहा है। जिससे आम जनता को उसका आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है।

किसानों ने गन्ने का मूल्य 500 प्रति कुंतल किए जाने व किसानों की ट्यूबवेल पर मीटर न लगाया जाने तथा क्षेत्र में बढ़ते अपराधों पर सख्ती से अंकुश लगाया जाने, 60 वर्ष से ऊपर के नागरिकों को वृद्धा पेंशन दिलाई जाने के साथ साथ लेखपालों को गांव जाकर किसानों की समस्याओं के समाधान के आदेश दिए जाने व सौर ऊर्जा पर किसानों को 100% सब्सिडी दिए जाने की मांग रखी है। भारतीय किसान यूनियन क्रांति एकता के नेताओं ने कहा कि अगर उनकी मांगों को जल्द पूरा नहीं किया गया तो वे उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# भूमि के हिस्से को लेकर दो पक्ष भिड़े पुलिस–प्रशासन ने 12 को किया पाबंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** ऊन तिराहे पर स्थित भूमि के टुकडे को लेकर दो पक्षो में तनातनी बनी हुई है। जिसको लेकर मंगलवार की देरशाम को दोनों पक्षों के डेढ दर्जन महिला–पुरूष आमने सामने आ गए और कहासुनीं करने लगे।जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुॅची और दोनो पक्षो को समझाकर शांत किया। वही भूमि स्वामी की शिकायत पर एसडीएम ने पुलिस को शान्ति व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए।



चौसाना चौकी क्षैत्र के गांव बल्लामाजरा के खसरा नम्बर 298 के ऊन तिराहे स्थित भूमि के एक टुकडे को लेकर लम्बे समय से विवाद चला आ रहा है। जिजौंला निवासी ग"यूर का आरोप है कि भूमि पैतृक सम्पत्ति है और वारिसान दर्ज है। वही चौसाना निवासी एहसान का दावा है कि उसने भूमि को बल्लामजरा निवासी सरफराज से खरीदी है। मंगलवार की देर शाम को ग"यूर पक्ष भूमि पर बने कमरे पर दरवाजा लगा रहे थे,आरोप है कि उसी दौरान एहसान अपने एक दर्जन साथियो के संग मौके पर पहुॅचा और गेट पर लात मारकर तोडने का प्रयास किया। जिसके बाद विवाद बढ गया और विवाद की नियत से मौके पर भीड जमा हो गई। सूचना पुलिस को मिली तो पुलिस ने दोनो पक्षो को समझा बुझाकर शांत किया। हालाकि मौके पर सुबह से शाम तक शरारती तत्वो के जमा होने की शिकायतें पुलिस को मिल रही है। वही चौकी प्रभारी ज्ञानेंद्र सिह का कहना है कि इस मामले मे अब तक 12 महिला–पुरूषों को पाबंद किया जा चुका है। उपजिलाधिकारी मैडम के निर्देशन मे राजस्व टीम भूमि की जॉच की जा रही हैं। पुलिस मौके पर जमा दोनो पक्षो को हटवा रही है। निगरानी भी की जा रही है।

..................................

ऊन तिराहे पर भूमि का विवाद संज्ञान मे है। जिसकी जॉच की जा रही है। पुलिस को शान्ति व्यवस्था के मददेनजर निर्देशित किया गया है कि दोनो पक्षों को मौके से हटाया जाए। जॉचोपरांत ही कब्जा कराया जाएगा।

**निधि भारद्वाज,**
**उपजिलाधिकारी ऊन**

# बहुत बड़ा हादसा होने से टला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के धीमानपुरा स्थित पुराने बस स्टेंड में पडे कूडे में देर रात्रि शराबी युवकों ने आग लगा दी। कूडे के ढेर में लगी आग ने धीरे धीरे उग्र रूप धारण कर लिया और आग आसपास खडे पेडों तक में फैल गई। बराबर में पेट्रोल पंप होने से लोगो में हडकंप मच गया। सूचना पाकर फायर बिग्रेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया।



शहर के धीमानपुरा स्थित पुराना बस स्टेंड इन दिनों शराबी युवकों का अडडा बना हुआ है। यहां शराब पीने के शौकीन लोग वहां जाकर बैठ जाते है और दिनभर शराब का सेवन करते है। यही नही वहां मौजूद एक दुकानदार द्वारा शराबी युवकों को बढावा दिया जाता है। मंगलवार देर रात्रि बस स्टेंड में शराब पी रहे युवकों ने पडे कूडे के ढेर में आग लगा दी। आग ने धीरे धीरे भीषण रूप धारण कर लिया। आसपस खडे सूखे पेडों ने भी आग पकड ली। जिसके बाद बरामद में ही मौजूद पेट्रोल पंप की दीवार होने से लोगों में हडकंप मच गया और मामले की सूचना दकमल विभाग के अधिकारियों को दी गई। सूचना पाकर दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घंटों प्रयास कर आग पर काबू पाया गया। जिससे एक बडा हादसा होने से टल गया। इससे पूर्व में धीमानपुरा में ही एसएफ फूड रेस्तरां में भी लापरवाही से आग लग गई थी।

# शिक्षण संस्थानों में हवन पूजन के साथ नया सत्र शुरू, किताबों के दाम आसमान पर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** नया शिक्षा सत्र शुरू हो गया है लेकिन किताबों के बढे रेट से अभिभावक परेशान है प्राइवेट विद्यालयों ने किताबें व ड्रेस खरीदने हेतू दुकानदारो से साठगांठ कर रखी है जिससे अभिभावकों की जेब पर और अधिक डाका पड़ रहा है। नया शिक्षा सत्र शुरू हो गया है अभिभावक बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाने हेतु प्राइवेट विद्यालयों का रुख कर रहे हैं लेकिन प्राइवेट विद्यालय अभिभावकों की जेब पर डाका डाल रहे हैं विद्यालयों ने किताबें व कॉपियां खरी. दने हेतु दुकानदार से साठगांठ कर रखी है प्राइवेट विद्यालयों की किताबें उन्हीं दुकानों पर मिलती है जिनके साथ उनकी साठगांठ है इस वर्ष किताबों के दाम बढे हैं इसके अलावा विद्यालय बार–बार प्रकाशन बदलकर मनमाने दाम वसूल रहे हैं जबकि नियम अनुसार एनसीईआरटी की किताबें विद्यालय में लगाई जानी चाहिए फीस में भी हर वर्ष बढ़ोतरी की जाती है जबकि नियमों अनुसार 3 साल में बढ़ोतरी होनी चाहिए इसके अलावा विद्यालय कंपोजिट ग्रांट के नाम पर भी अभिभावकों से धनराशि वसूलते हैं क्षेत्र में नामचीन विद्यालयों द्वारा दुकान तय कर रखी है उन पर ही ड्रेस व किताबें मिल रही है तथा मोटा कमीशन लेकर अभिभावको की जेब पर डाका डाला जा रहा है इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी विकास कुमार ने बताया कि विद्यालय में एनसीईआरटी की किताबें ही होनी चाहिए तथा फीस 3 वर्ष से पहले नहीं बढ़नी चाहिए अगर किसी विद्यालय की शिकायत आती है तो कार्रवाई की जाएगी।



सरस्वती बालिका विद्या मंदिर



सर्व हितकारी कन्या इं. का.



इंदिरा गांधी मैमो. इं. का.

## हवन पूजन के साथ नव संवत्सर का शुभारंभ

**शामली।** शहर के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में मां सरस्वती के पूजन और यज्ञ आहुति द्वारा नव सत्र का शुभारंभ किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय के प्रबंधक डा। रवि बंसल, प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार, व बालिकाओं ने हर्षोल्लास के साथ मां सरस्वती, ओम, मां भारती का पूजन किया। विद्यालय के शिक्षक कपिल कुमार ने मंत्र उच्चारण किया तथा समस्त विद्यालय परिवार ने हवन में पूर्णाहुति दी। छात्राओं ने मां भगवती की स्तुति कर सभी के लिए मंगल कामना की। तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक संजीव कुमार, संदीप कुमार, अमित कुमार, कविता रानी, अनीता रानी, सुरभि रानी, उपासना रानी, वंदना रानी, दिव्या रानी, रेनू रानी, साक्षी रानी, पंकज रानी, आकांक्षा रानी, मोनिका रानी, रवि कुमार, विकास कुमार, मोहित कुमार, धर्मेंद्र कुमार, राहुल कुमार, नीलम रानी, गीता रानी आदि मौजूद रहे।

**शामली।** शहर के मेपल्स एकेडमी में नए सत्र का शुभारंभ हो गया। सवेरे हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के प्रबंधक मुकेश कुमार संगल, प्रधानाचार्य डा। मुकेश कुमार शर्मा, उप प्रधानाचार्य मोंशमी दास ने यज्ञ में आहुति प्रदान की। इस दौरान मां सरस्वती की पूजा अर्चना के बाद बच्चों को नए सत्र की बधाई दी गई और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

**गढ़ी पुख्ता।** सर्व हितकारी कन्या इंटर कॉलेज में सत्र 2025–26 के शुभारंभ पर हवन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विद्यालय के नए भवन में संपन्न हुआ, जहां पंडित राम मोहन शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन करवाया। इस दौरान पूरे विधि–विधान से आहुतियां डाली गईं।

हवन के अवसर पर पंडित राम मोहन शर्मा ने नवरात्रि के पावन अवसर पर माता के नौ स्वरूपों का वर्णन किया और उनकी महिमा पर प्रकाश डाला।विद्यालय के प्रबंधक नरेश कुमार सैनी, अध्यक्ष नीरज जैन एवं प्रधानाचार्य संगीता सैनी ने हवन को संपन्न कराया। अध्यक्ष नीरज जैन ने इस मौके पर कहा कि शिक्षा सिर्फ किताबों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि यह जीवन के हर क्षेत्र में मार्गदर्शक होनी चाहिए। वहीं, प्रबंधक नरेश सैनी ने सभी छात्राओं व विद्यालय परिवार को नए सत्र की शुभकामनाएं देते हुए इसके मंगलमय रहने की कामना की।इस अवसर पर संगीता सैनी, दीप्ति अरोड़ा, आशा शर्मा, मिंटो रानी, एकता सैनी, अभिषेक अरोड़ा, धर्मपाल शर्मा, संदीप कुमार, अंशु शर्मा, श्वेता, स्वाती, सीमा रानी, शाहिद सहित अनेक शिक्षक–शिक्षिकाएं एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

## इंदिरा गांधी मेमोरियल इंटर कॉलेज में पुरस्कार वितरण समारोह

**झिंझाना।** बावरिया कॉलोनी स्थित इंदिरा गांधी मैमोरियल इण्टर कॉलेज में गृह परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र–छात्राओं के लिए पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कॉलेज के परीक्षाफल में बालि. काओं ने बाजी मारी।

कक्षा 8 की दिव्या ने पिछले वर्ष और इस वर्ष भी 97।79 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कॉलेज टॉप किया। गृह परीक्षाओं में कक्षा नर्सरी से कक्षा 11 तक प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले 78 मेधावी छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया गया।

विद्यालय के नन्हें मुन्ने नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी के बच्चों को भी पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के स्टूडेंट ऑफ द ईयर का अवार्ड सिमरन पुत्री चरण सिंह कक्षा 11 को दिया गया तथा बेस्ट डिसिपिलिन का अवार्ड आरव शर्मा कक्षा 3 ने हासिल किया, वहीं कक्षा 8 कहकशा ने बाजी मारी, इसी कड़ी में जीवन कक्षा 9 को दिया गया।

इन अवॉर्ड के अलावा एकेडमी एक्सीलेंट अवार्ड यूकेजी की छात्रा अमकिता ने 1650 अंकों में से 1639 अंक (99.33 प्रतिशत) प्राप्त करने पर दिया गया, वहीं कक्षा 1 से कक्षा 5 तक एकेडमी एक्सीलेंट अवार्ड कक्षा 1 की ईशू बाजी मारी। कक्षा 8 की दिव्या, कक्षा 9 की छात्रा अनीशा रानी ने हासिल किया, वही कॉलेज की टॉपर दिव्या को बेस्ट एक्सीलेंट अवार्ड से नवाजा गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि गायत्री शर्मा एवं अहमदगढ़ पुलिस चौकी प्रभारी जितेंद्र कुमार त्यागी, कॉलेज के प्रधानाचार्य जय करण अंसल, प्रबंधिका राजेश्वती, उप प्रधानाचार्य विजय कुमार अंसल, सहायक अध्यापक सुनील पंवार द्वारा सामूहिक रूप से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम का संचालक विजय कुमार अंसल और विनोद द्वारा किया।

# लापता बालक का गन्ने के खेत में मिला शव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** घर से लापता बालक का गन्ने के खेत में शव पडा मिलने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेने के बाद उसकी शिनाख्त आठ साल के बेटे साजिद के रूप में जैसे हुई परिजनों में कोहराम मच गया। और आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर लोगों ने रेलवे रोड पर हंगामा करते हुए जाम लगा दिया। कोतवाल के आश्वासन के बाद लोगों ने जाम खोला।

मोहल्ला पठानपुरा निवासी राशिद का बेटा साजिद 25 मार्च को घर के बाहर खेलते समय लापता हो गया था। तलाश के बाद भी जब उसका सुराग नहीं लगा तो राशिद ने परिजन महिलाओं के साथ कोतवाली पहुंचे बेटे की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई थी। इस मामले में राशिद ने ससुरालियों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट भी दर्ज कराई हुई थी। जांच में जुटी पुलिस को बुधवार को भायला मार्ग स्थित एक किसान ने सूचना दी गई खेत में किसी बच्चे का शव पड़ा हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। शिनाख्त कराई तो उसकी पहचान राशिद के बेटे साजिद के रूप में हुई। इससे परिवार में मातम पसर गया। बालक के शरीर पर कई जगह घाव बने हुए हैं।

जिसके चलते राशिद ने उसकी हत्या की आशंका जताई है। हालांकि पुलिस का कहना है कि शरीर पर कुत्तों जैसे नोंचने के निशान हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने बाद ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा। शाम करीब सात बजे जब शव देवबंद पहुंचा तो सैकड़ों लोगों ने शव को सुभाष चौक (रेलवे रोड) पर रखकर जाम लगा दिया। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बीनू सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों को उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

करीब दस मिनट बाद लोगों ने जाम खोला और शव को लेकर चले गए। पुलिस का कहना है कि दर्ज रिपोर्ट में नामजद एक आरोपी को पुलिस ने हिरासत में लिया हुआ है। पूछताछ जारी है। जल्द ही इसका खुलासा कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

> महिला किन्नर से हुई थी शादी, शुरू हो गया था विवाद
> देवबंद। कुछ महीने पूर्व राशिद की पहली पत्नी की मौत हो गई थी। उससे राशिद के तीन बच्चे हैं। इसमें मृतक साजिद सबसे छोटा था। 20 अक्तूबर 2024 को राशिद ने मोहल्ला बड़जियाउलहक के समीप ही एक परिवार की लड़की से शादी रचा ली थी। लेकिन शादी की रात ही राशिद को जानकारी हुई कि लड़की महिला किन्नर है। परिवार के लोगों को जानकारी होने पर दोनों पक्षों के बीच विवाद हो गया। बातचीत के बाद राशिद ने बच्चों की खातिर दूसरी पत्नी को अपने पास रख लिया। लेकिन कुछ दिन बाद वह परिवार के ही एक व्यक्ति के साथ चली गई। राशिद का आरोप था कि लगातार उसे बच्चों को मारने की धमकियां मिल रही थीं। राशिद ने मामले में कई लोगों पर नामजद रिपोर्ट भी दर्ज कराई हुई है।

# वैगन आर कार में लगी अचानक आग



**देवबन्द।** वैगन आर कार में अचानक आग लग गई। कार में सवार लोग कार का शीशा तोडकर बाहर निकले लेकिन इसी दौरान पीछे से आ रही बाइक जलती कार से टकरा गई इसमें बाइक सवार युवक घायल हो गये। कासिमपुर भायला रेलवे फाटक मार्ग पर जलती कार के पीछे से आ रही बाइक के सवार घटना से घबरा गए। इस दौरान उनकी बाइक कार से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार दोनों युवक घायल हो गए। घायल युवकों की पहचान खड़ंजा अहमदपुर निवासी भाई अनस और आरिफ के रूप में हुई। घटना के समय वहां से गुजर रहे राज्य मंत्री बृजेश सिंह ने सड़क के बीच जलती कार को देखा। उन्होंने तुरंत अपना काफिला रुकवाया। मंत्री ने अपने सुरक्षा कर्मियों की मदद से घायल युवकों को नगर के सरकारी अस्पताल भिजवाया। साथ ही उन्होंने पुलिस को मौके पर बुलाकर घटना की जांच के आदेश दिए। कार किसके द्वारा चलाई जा रही थी, इस बारे में कोई जानकारी सामने नहीं आई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पांच दिवसीय रोवर्स रेंजर्स शिविर का शुभारंभ




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के वीवी पीजी कॉलेज में चल रहे पांच दिवसीय रोवर्स रेंजर शिविर के दूसरे दिन का शुभारंभ प्राचार्य प्रोफेसर सुधीर कुमार द्वारा ध्वजारोहण के साथ किया गया। उन्होंने कहा कि रोवर्स रेंजर्स को प्रार्थना गीत को जीवन में उतारने का संदेश दिया। उन्होंने आगे बताया कि राष्ट्र की प्रगति में युवाओं का बड़ा योगदान होता है। यह युवा ही भारत को विश्व पटल पर आगे ले जा सकते हैं। शिविर के प्रथम सत्र में गीता रानी ने रोवर्स रेंजर्स को सर्वप्रथम स्काउटिंग का इतिहास लिपिबद्ध करवाया। उन्होंने शिविर में उपस्थित रोवर्स रेंजर्स को 6 टोलियों में विभाजित किया। इन टोलियों के नाम विभिन्न राज्यों के नाम पर रखे गए। जैसे कि उत्तर प्रदेश, जम्मू कश्मीर, बिहार, गुजरात आदि रोवर्स रेंजर्स से यह कहा गया कि सभी इन राज्यों की विशेषताओं के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे और उनके रहन–सहन खान–पान को भी सबके सामने प्रस्तुत करेंगे। इस प्रक्रिया में पंजाब टीम द्वारा प्रस्तुत किया गया पोस्टर प्रथम स्थान पर रहा। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में गीता रानी ने रोवर्स रेंजर्स को रोवर्स रेंजर्स के नियम तथा प्रतिज्ञा लिपिबद्ध करवाई तथा रोवर्स रेंजर्स को विभिन्न प्रकार की मीनारें बनाना सिखाई। कार्यक्रम में रोवर्स प्रभारी निर्भय कुमार सिंह, डा। अनुप्रीता मौजूद रहे।

# उलेमाओं ने की संसद में वक्फ संशोधन बिल पेश किए जाने की निंदा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** संसद में वक्फ संशोधन बिल पेश किये जाने पर विश्व विख्यात इस्लामिक शिक्षण संस्था दारुल उलूम के मोहतमिम मौलाना मुफ्ती अबुल कासिम नोमानी ने निंदा करते हुए कहा कि अगर यह बिल मंजूर हो जाता है तो यह हिंदुस्तान की तारीख का स्याह (काला) दिन होगा।

दारुल उलूम के मोहतमिम मौलाना अबुल कासिम नोमानी ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि वक्फ बिल संसद में मंजूर हो जाता है तो ये मिल्लत इस्लामिया (मुस्लिम समुदाय) की पीठ पर खंजर घोंपना वाला कदम होगा। उन्होंने दो टूक कहा कि यह खालिस धार्मिक मामला है। इसमें सरकार का हस्तक्षेप नाकाबिले कबूल (नामंजूर) है। इस बिल से संसद में उन पार्टियों का भी असली चेहरा सामना आ जाएगा जो लोकतंत्र और मुस्लिम परस्त होने का राग अलापती हैं। मौलाना अबुल कासिम ने कहा कि हम इस बिल की कड़ी निंदा करते हैं यह बिल किसी कीमत पर मुस्लिमों कबूल नहीं होगा।









**वहीं,** जमीयत उलमा–ए–हिंद के राष्ट्रीय अध्यक्ष और दारुल उलूम के सदर मुदर्रिस मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि संसद में बिल पेश कर सरकार पूरी तरह बेनकाब हो ही गई है। साथ ही खुद को धर्मनिरपेक्ष कहने वाले दलों के लिए भी परीक्षा की घड़ी आ गई है। अब उन्हें तय करना होगा कि वे देश के संविधान और धर्मनिरपेक्षता के साथ खड़े हैं या उन लोगों के साथ जो इसे खत्म करने पर तुले हुए हैं। मौलाना मदनी ने कहा कि हम पहले ही यह घोषणा कर चुके हैं कि यदि इस बिल को रोकने के लो. कतांत्रिक प्रयास विफल हो गए तो वे इसके खिलाफ कानूनी संघर्ष शुरू करेंगे। यह विधेयक देश के संविधान पर सीधा प्रहार है जो न केवल सभी नागरिकों को समान अधिकार प्रदान करता है बल्कि उन्हें पूर्ण धार्मिक स्वतंत्रता की गारंटी भी देता है। उन्होंने कहा कि हमारी सभी संसद सदस्यों से अपील है कि वे अपने विवेक का उपयोग करते हुए इस विधेयक के खिलाफ मतदान कर संविधान और धर्मनिरपेक्षता की रक्षा करें।

**उधर,** जमीयत उलमा–ए–हिंद के अध्यक्ष व पूर्व राज्यसभा सदस्य मौलाना महमूद मदनी ने वक्फ संशोधन बिल पेश किए जाने पर कहा कि यह असांवैधानिक है और मूल अधिकारों का उल्लंघन करना है। वक्फ संशोधन विधेयक के संसद में पेश किए जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए मौलाना महमूद मदनी ने कहा कि सरकार संख्यात्मक बहुमत के बल पर बिल को पारित कराने की कोशिश कर रही है। यह रवैया बहुसंख्यकवादी मानसिकता पर आधारित है और लो. कतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। आरोप लगाया कि इस बिल को जबरन संसद में लाया गया है। जिसका उद्देश्य अल्पसंख्यकों के अधिकारों को छीनना है, जो किसी भी हाल में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से यह बिल तैयार किया गया है और जिस मंशा व रवैये के साथ इसे पेश किया जा रहा है वह मुसलमानों के खिलाफ एक नकारात्मक रुख को दर्शाता है। मदनी ने यह भी कहा कि हम पहले ही कह चुके हैं कि पुराने कानून में सुधार की जरूरत थी। लेकिन इसके बजाए सरकार ने ऐसे संशोधन पेश किए हैं जो समस्याओं का समाधान करने के बजाए उन्हें और जटिल बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह बिल पूरी तरह अस्वीकार्य है और हम इसे पूरी तरह खारिज करते हैं। इसके खिलाफ हमारी लड़ाई जारी रहेगी और हम हर सांवैधानिक और शांतिपूर्ण तरीके से इस अन्याय के खिलाफ अपनी आवाज उठाते रहेंगे। जमीयत दावतुल मुसलीमीन के संरक्षक व प्रसिद्ध आलिम मौलाना कारी इस्हाक गोरा ने कहा कि यह मुसलमानों के अधिकारों पर हमला है। मुसलमान पहले से ही चाहते थे कि वक्फ से जुड़े मसलों का बेहतर समाधान किया जाए। लेकिन सरकार ने इस बिल के जरिए हालात को और भी खराब करने का प्रयास किया है। जबकि जरूरत इस बात की थी कि मुसलमानों से मशविरा कर वक्फ जायदादों की बेहतरी के लिए ठोस कदम उठाए जाते। उन्होंने कहा कि वक्फ संपत्तियां मुसलमानों की अमानत हैं जो मस्जिदों, मदरसों, कब्रिस्तानों और समाजी भलाई के लिए वक्फ की गई हैं। इस पर किसी भी प्रकार का सरक. ारी नियंत्रण मुसलमानों के अधिकारों का उल्लंघन होगा।

## दिशा में जया व पायल रही प्रथम

**धामपुर।** दिशा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशनस के बीबीए तृतीय सेमेस्टर का परीक्षाफल रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली द्वारा घोषित किया गया। जिसमें छात्रा जया सिंह पुत्री विनय कुमार एवं छात्रा पायल सैनी पुत्री प्रीतम सैनी ने **70.57%** अंक पाकर संयुक्त रूप से इंस्टीट्यूट मे प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्रा फबीहा शमशी पुत्री नदीम शमशी **69.86%** अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर रहीं। छात्रा सानिया पुत्री मतीर अहमद **69.57%** अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहीं। संस्थान महासचिव मुकेश कुमार अग्रवाल, अनिरूद्ध अग्रवाल, रजिस्ट्रार राजीव कुमार, परीक्षा नियंत्रक गौरव सिंह, विभागाध्यक्ष ब्रजनेश सिसौदिया, डा. एकता मलिक, नाजिश, राजेश कुमार, निधि चौहान, डा. समीर अहमद आदि ने विद्यार्थियों को शुभकामनॉए दीं तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की एवं सभी छात्र/छात्राओं को अधिक से अधिक प्रयत्न कर कामयावी की ऊचाईयों को छुने के लिए प्रेरित किया गया।

## प्रशासनिक भवन का उद्घाटन

**धामपुर।** भारत स्वरूप अकेडमी में नये प्रशासनिक भवन व भारत स्वरूप अकेडमी जिनके नाम पर यह स्कूल है। उनकी मूर्तियों का अनावरण किया गया। कार्यक्रम समारोह के मुख्य अतिथि डा. सोमपाल सिंह एवं डा. वीके मौर्य, विद्यालय के संस्थापक पुखराज सिंह, चौयरमेन डा. लोकवीर सिंह, प्रधानाचार्य परीक्षित कुमार द्वारा कार्यक्रम शुभारम्भ दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

**सूचना**

मेरा पुत्र निशान्त सिंघल मेरे कहने सुनने में नहीं है और हमारे साथ दुर्व्यवहार करता है इसलिए मैने उससे अपने समस्त सम्बन्ध विच्छेद करते हुए उसे अपनी चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। मेरा व मेरे परिवार का उससे कोई मतलब या वास्ता किसी भी प्रकार का नही रह गया है। वह अपने किये का स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी या मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नही होगी। दिनांक 18.09.2024 को पूर्व में भी सम्बन्ध विच्छेद का प्रकाशन कराया जा चुका है।

**पवन कुमार पुत्र रघुनाथ प्रसाद निवासी मौहल्ला हनुमान रोड शामली थाना शामली जिला-शामली**

# केकेआर और हैदराबाद की नजर जीत पर

**केकेआर की बल्लेबाजी एक बड़ी चिंता का विषय है, जिसमें उनका मध्य क्रम विफल रहा है**



**कोलकाता, वार्ता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 15वें मैच में ईडन गार्डन्स में आमने-सामने होंगे, जिसमें दोनों टीमें जीत के साथ फॉर्म में वापसी करना चाहेंगी। इस सीजन केकेआर की बल्लेबाजी एक बड़ी चिता का विषय रही है, जिसमें उनका मध्य क्रम विफल रहा है। क्विटन डी कॉक एकमात्र लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी रहे हैं, जबकि सुनील नरेन अभी भी सलामी बल्लेबाज के रूप में अपनी भूमिका के साथ तालमेल बिठा रहे हैं। वेंकटेश अय्यर, रिकू सिंह और आंद्रे रसेल प्रभावशाली पारी खेलने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। मुंबई इंडियंस के खिलाफ टीम की हालिया हार, जहां वे सिर्फ 116 रन पर ढेर हो गए, ने उनकी कमजोरियों को और उजागर कर दिया है। दूसरी ओर, एसआरएच के पास एक शक्तिशाली बल्लेबाजी इकाई है जो कुछ ही ओवरों में खेल को अपने कब्जे में ले सकती है। हालांकि, पिछले दो मैचों में उनके आक्रामक रवैये ने उलटा असर दिखाया है। ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा की भूमिका इस मैच में महत्वपूर्ण होगी, जबकि हेनरिक क्लासेन और अनिकेत वर्मा ने मध्य और निचले क्रम में तेजी लाने की अपनी क्षमता दिखा चुके है। एसआरएच आईपीएल 2024 के फाइनल में केकेआर से अपनी दिल तोड़ने वाली हार के बाद हिसाब चुकता करने के लिए उत्सुक होगा। उस हार की याद पैट कमिस की टीम के लिए अतिरिक्त प्रेरणा का काम करेगी, जो शुरू से ही मैच पर हावी होने की कोशिश करेगी। अपनी बल्लेबाजी की समस्याओं के बावजूद, केकेआर का गेंदबाजी आक्रमण एक मजबूत पक्ष बना हुआ है। सुनील नरेन और वरुण चक्रवर्ती बीच के ओवरों में महत्वपूर्ण होंगे। ईडन गार्डन्स में नरेन का रिकॉर्ड 6-33 की इकॉनमी से 60 मैचों में 71 विकेट उन्हें एक दुर्जेय खतरा बनाता है। स्पेंसर जॉनसन, वैभव अरोड़ा और हर्षित राणा की तेज गेंदबाजी तिकड़ी ने भी विपक्षी बल्लेबाजों को रोकने में अच्छा प्रदर्शन किया है

**हैदराबाद के पास शक्तिशाली बल्लेबाजी इकाई है जो खेल को अपने कब्जे में ले सकती है**

जबकि एसआरएच की बल्लेबाजी उनकी सबसे बड़ी ताकत रही है, उनके गेंदबाजी आक्रमण में निरंतरता के लिए संघर्ष करना पड़ा है। मोहम्मद शमी और पैट कमिस को केकेआर के बल्लेबाजों को रन बनाने से रोकने के लिए जल्दी ही अपनी लय हासिल करनी होगी। पिछले मैच में प्रभावित करने वाले युवा लेग स्पिनर जीशान अंसारी ईडन गार्डन्स की पिच पर अहम खिलाड़ी साबित हो सकते हैं। हर्शल पटेल एकमात्र लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले गेंदबाज रहे हैं, जिन्होंने डेथ ओवरों में अपनी विविधता का प्रभावी ढंग से इस्तेमाल किया है। ईडन गार्डन्स में पारंपरिक रूप से बल्लेबाजों को तरजीह मिलती है, जहां पहली पारी में औसत स्कोर 167 रन रहा है। हालांकि, हाल के उच्च स्कोर वाले मैचों से पता चलता है कि पहले बल्लेबाजी करने वाली टीमों को 190-200 के बीच स्कोर बनाने का लक्ष्य रखना चाहिए। छोटी बाउंड्री पावर हिटर्स के लिए अतिरिक्त लाभ प्रदान करती हैं। बारिश की रुकावट के बिना मौसम गर्म रहने की उम्मीद है।

दोनों टीमें जीत के लिए बेताब हैं, इसलिए मुकाबला काफ़ी करीबी होने की उम्मीद है। अगर केकेआर हेड, अभिषेक शर्मा और क्लासेन को जल्दी रोक लेता है, तो उनके पास वापसी करने का एक अच्छा मौका है।

हालांकि, अगर एसआरएच की बल्लेबाज़ी लय में आ जाती है, तो वे जीत सकते हैं। एसआरएच का संभावित एकादश: ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा, ईशान किशन, नितीश कुमार रेढी, हेनरिक क्लासेन (विकेटकीपर), अनिकेत वर्मा, अभिनव मनोहर, पैट कमिस (कप्तान), जीशान अंसारी, हर्षल पटेल, मोहम्मद शमी इम्पैक्ट प्लेयर: एडम ज़म्पा/वियान मुल्डर **केकेआर का संभावित एकादश:** क्विटन डी कॉक (विकेटकीपर), सुनील नरेन, अजिक्य रहाणे (कप्तान), वेंकटेश अय्यर, रिकू सिंह, आंद्रे रसेल, रमनदीप सिंह, स्पेंसर जॉनसन, हर्षित राणा, वैभव अरोड़ा, वरुण चक्रवर्ती इम्पैक्ट प्लेयर: अंगकृष रघुवंशी।

# डफी टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर



**दुबई, वार्ता।** वेलिगटन में पाकिस्तान के खिलाफ आखिरी मैच में अपनी टीम की शानदार जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज जैकब डफी ने आईसीसी पुरुष टी20 गेंदबाजी रैंकिग में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। डफी ने वेस्टइंडीज के स्पिनर अकील होसेन को शीर्ष स्थान से हटाकर यह मुकाम हासिल किया। डफी ने पिछले सप्ताह सात पायदान की छलांग लगाई थी और एडम जाम्पा के साथ संयुक्त रुप से पांचवें स्थान पर पहुंच गए थे और इस सप्ताह उन्होंने होसेन के अलावा वानिदु हसरंगा, आदिल राशिद और वरुण चक्रवर्ती को पीछे छोड़ दिया।

उन्होंने 18 रन देकर दो विकेट लिए, जिसमें सलामी बल्लेबाज हसन नवाज और तीसरे नंबर के बल्लेबाज ओमैर यूसुफ का विकेट शामिल है। बेन सीयर्स भी गेंदबाजों की सूची में 21 पायदान ऊपर चढ़कर 46वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि टिम सीफर्ट ने 38 गेंदों पर छह चौकों और 10 छक्कों की मदद से नाबाद 97 रन की पारी खेलकर बल्लेबाजों की सूची में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ आठवीं रैंकिग हासिल की है। उनके सलामी जोड़ीदार फिन एलन एक पायदान ऊपर चढ़कर 15वें स्थान पर पहुंच गए हैं। पाकिस्तान के बाएं हाथ के स्पिनर सूफियान मुकीम 25 पायदान की छलांग लगाकर 86वें स्थान पर पहुंच गए हैं। इस रैंकिग में न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच नेपियर में खेला गया पहला वनडे भी शामिल है, जिसे घरेलू टीम ने 73 रन से जीता था। मार्क चैपमैन ने 111 गेंदों पर 13 चौकों और छह छक्कों की मदद से 132 रन की मैच विजयी पारी खेली, जिससे वह 24 पायदान की छलांग लगाकर 78वें स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं पाकिस्तान के बल्लेबाज सलमान आगा 58 रन की पारी के बाद छह पायदान की छलांग लगाकर 37वें स्थान पर पहुंच गए हैं। वनडे गेंदबाजी रैंकिग में पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस राउफ 38 रन देकर दो विकेट चटकाने के बाद नौ पायदान की छलांग लगाकर 16वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि नसीम शाह एक पायदान की छलांग लगाकर 42वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### एलएसजी के गेंदबाज दिग्वेश पर जुर्माना

**लखनऊ, वार्ता।** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के गेंदबाज दिग्वेश सिंह पर मंगलवार रात भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी एकाना क्रिकेट स्टेडियम में पंजाब किग्स के खिलाफ मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और उन्हें एक डिमेरिट अंक भी मिला है। दिग्वेश सिंह ने अनुच्छेद 2-5 के तहत लेवल 1 के अपराध को स्वीकार किया और मैच रेफरी की सजा को स्वीकार कर लिया। आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए मैच रेफरी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होता है। इस बीच पंजाब किग्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लखनऊ सुपर जायंट्स को आठ विकेट से हरा दिया। उन्होंने 172 रनों के लक्ष्य को सिर्फ 16-2 ओवर में हासिल कर लिया। प्रभसिमरन सिंह और श्रेयस अय्यर ने तेज अर्धशतक जड़कर 22 गेंद शेष रहते आसान जीत सुनिश्चित की। इस जीत के साथ, पंजाब किग्स ने लीग में अपना अपराजेय क्रम जारी रखा और सीजन की शुरुआत में खुद को मजबूत दावेदार के रूप में स्थापित किया।

### ब्रिटेन की जोन्स कोलंबिया में कोर्ट पर गिर कर चोटिल

**बोगोटा, वार्ता।** ब्रिटेन की खिलाड़ी फ्रैन जोन्स को कोलंबिया में मैच के दौरान गिर गई जिसके बाद व्हीलचेयर पर उन्हे कोर्ट से बाहर निकाला गया। 24 वर्षीय खिलाड़ी बोगोटा में निर्णायक तीसरे सेट के नौवें गेम में सर्विस करने का प्रयास कर रही थीं, तभी वह फर्श पर गिर गईं। ब्रिटिश नंबर पांच खिलाड़ी जोन्स कोलसैनिटास कप के पहले दौर के मैच को पूरा नहीं कर पाईं। कोलसैनिटास कप के बयान में कहा गया कि शारीरिक समस्या के कारण फ्रांसेस्का जोन्स ने जूलिया रीरा के खिलाफ मैच से नाम वापस ले लिया है। हम ब्रिटिश टेनिस खिलाड़ी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। इस बीच, हीथर वॉटसन पहले दौर में इरीना श्यामनोविच से सीधे सेटों में हारने के बाद चार्ल्सटन ओपन से बाहर हो गई हैं। ब्रिटिश नंबर सात को बेलारूसी विश्व नंबर 215 ने 7-6 (10-8) 6-4 से हराया।

### धीमी ओवर गति के लिए पाकिस्तान पर लगा जुर्माना

**दुबई, वार्ता।** ।किस्तान पर नेपियर में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गये पहले एकदिवसीय मैच में धीमी ओवर गति के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) एलीट पैनल के मैच रेफरी जेफ क्रो ने मोहम्मद रिजवान की अगुआई वाली पाकिस्तान की टीम निर्धारित समय सीमा में दो ओवर कम फेंकने का दोषी पाये जाने पर यह जुर्माना लगाया है। आईसीसी मीडिया बयान में कहा गया कि रिजवान ने अपराध और जुर्माना स्वीकार कर लिया है इसलिए इस पर औपचारिक सुनवाई की आवश्यकता नहीं रह गई।

# हॉकी इंडिया ने महिला राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए की 40 संभावितों की घोषणा



**मौजूदा कोर समूह की 28 खिलाड़ियों ने अपना स्थान बरकरार रखा है**

**बेंगलुरु, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने यहां साई में चल रहे सीनियर महिला राष्ट्रीय कोचिग शिविर के लिए बुधवार को 40 सदस्यीय कोर समूह की घोषणा की। 23 मार्च को शुरू हुए इस शिविर में शुरू में 65 संभावित खिलाड़ी शामिल थे। पिछले दो सप्ताह के उनके प्रदर्शन के आधार पर अब समूह को घटाकर 40 खिलाड़ी कर दिया गया है।

मौजूदा कोर समूह की 28 खिलाड़ियों ने अपना स्थान बरकरार रखा है, वहीं 15वीं सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप में उनके प्रभावशाली प्रदर्शन और शुरुआती राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर में उनके प्रयासों के आधार पर कोर समूह के बाहर से 12 नए खिलाड़ियों का चयन किया गया है। गोलकीपिग विभाग में सविता, बिचू देवी खारीबाम, बंसरी सोलंकी और माधुरी किडो जैसे चार जाने-पहचाने नाम हैं, जिन्होंने कोर समूह में अपना स्थान बरकरार रखा है। उनके साथ असम हॉकी की समीक्षा सक्सेना भी हैं, जिन्हें राष्ट्रीय चैंपियनशिप में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया है। डिफेंस में, मौजूदा कोर ग्रुप के आठ खिलाड़ियों महिमा चौधरी, निक्की प्रधान, सुशीला चानू पुखरामबम, उदिता, इशिका चौधरी, ज्योति छत्री, ज्योति और अक्षता अबासो ढेकाले को बरकरार रखा गया है। इस बीच, हॉकी बंगाल से अंजना डुंगडुंग और मणिपुर हॉकी से सुमन देवी थौदाम को टीम में शामिल किया गया है। मिडफील्ड इकाई में वैष्णवी विठल फाल्के, नेहा, सलीमा टेटे, मनीषा चौहान, अजमीना कुजूर, सुनेलिता टोप्पो, लालरेमसियामी, शर्मिला देवी और बलजीत कौर जैसे अनुभवी नाम शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, चार नए खिलाड़ियों- हॉकी बंगाल से सुजाता कुजूर, हॉकी झारखंड से महिमा टेटे और अलबेला रानी टोप्पो और यूपी हॉकी से पूजा यादव ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद शिविर में अपनी जगह बनाई है। फॉरवर्ड में टीम ने दीपिका सोरेंग, नवनीत कौर, संगीता कुमारी, दीपिका, रुतुजा दादासो पिसल, ब्यूटी डुंगडुंग और मुमताज खान को बरकरार रखा है, जिन्होंने लगातार दमदार प्रदर्शन किया है। उनके साथ पांच नई आक्रामक प्रतिभाएं ओडिशा से दीपिका टोप्पो, हॉकी मध्य प्रदेश से ऋतिका सिंह, हॉकी कर्नाटक से अन्नू और चंदना जगदीश और हॉकी महाराष्ट्र से काजल सदाशिव अटपडकर शामिल है।

# बेंगलुरु ने गुजरात को 170 रन का टारगेट दिया

**लियम लिविंगस्टन 54 रन बनाकर आउट सिराज को 3 विकेट मिले**



**बेंगलुरु, वार्ता।** रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबीद्ध ने आईपीएल 2025 के 14वें मैच में गुजरात टाइटंस (जीटीद्ध को 170 रन का टारगेट दिया है। एम चिन्नास्वामी स्टेडियंम में गुजरात ने टास जीतकर गेंदबाजी चुनी।

बेंगलुरु ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 169 रन बनाए। लियम लिविंगस्टन (54 रनद्ध ने अर्धशतकीय पारी खेली। जितेश शर्मा ने 33 और टिम डेविड ने 32 रन बनाए। मोहम्मद सिराज ने 3 विकेट झटके। साई किशोर को 2 विकेट मिला। अरशद खान, प्रसिद्ध कृष्णा और ईशांत शर्मा ने एक-एक विकेट झटके। पारी की आखिरी बाल पर प्रसिद्ध कृष्णा ने टिम डेविड (32 रन) को बोल्ड कर दिया। बेंगलुरु ने 20 ओवर में 169 रन बनाए। 19वें ओवर में बेंगलुरु ने 7वां विकेट गंवाया। यहां लियम लिविंगस्टन (54 रन) को मोहम्मद सिराज ने जोस बटलर के हाथों कैच कराया। उन्होंने फिल साल्ट और देवदत्त पडिक्कल को बोल्ड किया। 18वें ओवर में लियम लिविंगस्टन ने फिफ्टी पूरी कर ली। उन्होंने राशिद खान के ओवर में 3 छक्के मारे। 15वें ओवर में बेंगलुरु ने छठा विकेट गंवाया। यहां क्रुणाल पंड्या (5 रन) को साई किशोर ने काट एंड बोल्ड किया। 14वें ओवर में लियम लिविंगस्टन को जीवनदान मिला। राशिद खान के ओवर की दूसरी बाल पर जोस बटलर स्टंपिंग करने से चूक गए। यहां लिविंगस्टन 21 रन पर खेल रहे थे। इस ओवर की आखिरी बाल पर क्रणाल पंड्या ने चौका लगाकर टीम को 100 पार पहुंचाया। बेंगलुरु ने 13वें ओवर में पांचवां विकेट गंवाया। साई किशोर ने जितेश शर्मा को लान्ग आन पोजिशन पर कैच कराया।

जितेश ने 33 रन बनाए। 13वें ओवर में जितेश शर्मा और लियम लिविंगस्टन ने पांचवें विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप कर ली। ओवर की पहली गेंद पर लिविंगस्टन ने सिंगल लिया और 50 रन की साझेदारी पूरी की। बेंगलुरु का चौथा विकेट 42 रन के स्कोर पर गिरा था। 11वें ओवर में लियम लिविंगस्टन को जीवनदान मिला। साई किशोर के ओवर की चौथी बाल पर लिविंगस्टन ने आगे निकलकर बड़ा शाट खेला। लान्ग आन पर खड़े राहुल तेवतिया के पास बाल गई, लेकिन उन्होंने आसान-सा कैच छोड़ दिया।

# पंजाब किंग्स ने लखनऊ को आठ विकेट से हराया

**अर्शदीप ने तीन विकेट लिए, प्रभसिमरन ने 69 व अय्यर ने नाबाद 52 रन बनाए**



**लखनऊ, वार्ता।** अर्शदीप सिंह (तीन विकेट) के बाद प्रभसिमरन सिंह (69), कप्तान श्रेयस अय्यर (नाबाद 52) और नेहाल वढेरा (नाबाद 43) रनों की आतिशी पारियों के दम पर पंजाब किग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 13वें मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स को 22 गेंदे शेष रहते आठ विकेट से हरा दिया। पंजाब किग्स की यह लगातार दूसरी जीत है और वह अंक तालिका में चार अंक के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गई है।

172 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब किग्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ही ओवर में प्रियांश आर्य (आठ) का विकेट गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तार श्रेयस अय्यर ने प्रभसिमरन सिंह के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिए 84 रन जोड़े। 11वें ओवर में दिग्वेश राठी ने प्रभसिमरन को आउटकर मैच का अपना दूसरा विकेट लिया। प्रभसिमरन ने 34 गेंदों में नौ चौके और तीन छक्के लगाते हुए (69) रनों की पारी खेली। पंजाब किग्स ने 16-2 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 177 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से जीत लिया। श्रेयस अय्यर ने 30 गेंदों में तीन चौके और चार छक्के लगाते हुए (नाबाद 52) रन बनाए। वहीं नेहाल वढेरा ने 25 गेंदों में तीन चौके और चार छक्कों की मदद से (नाबाद 43) रनों की पारी खेली। लखनऊ सुपर जायंट्स की ओर से दिग्वेश राठी ने दो विकेट लिए। इससे पहले निकोलस पूरन (44) और आयुष बडोनी (41) के जानदार पारियों के बाद अब्दुल समद के फर्राटा प्रदर्शन की मदद से लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने पंजाब किग्स के खिलाफ सात विकेट पर 171 रन का स्कोर खड़ा किया आईपीएल के इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी ऋषभ पंत का बल्ला आज भी नहीं चला। एडम मार्करम (32) के बाद क्रीज पर आये कप्तान पंत का इस्तकबाल लखनऊ के दर्शकों ने खड़े होकर और शोर मचा कर किया मगर पंत आज भी प्रशंसकों की उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे और मात्र दो रन के निजी स्कोर पर ग्लेन मैक्सवेल के हाथों अपना विकेट गंवा बैठे। इससे पहले भी मौजूदा सत्र के दो मैचों में पंत सस्ते में आउट हुए थे। अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम पर टॉस हार कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी एलएसजी की शुरुआत फीकी रही। पहले पॉवर प्ले में मेजबान टीम के तीन अहम विकेट मिचेल मार्श (0), एडन मार्करम (32) और ऋषभ पंत (2) मात्र 35 रन के कुल स्कोर पर पवेलियन की राह पकड़ चुके थे। ऐसे कठिन समय में निकोलस पूरन और बडोनी ने सूझबूझ भरी बल्लेबाजी करते हुए पिच पर टिके रहने की रणनीति अपनाई।

# उम्मीद नहीं थी अंतिम एकादश का बनूंगा हिस्सा: नेहल वढेरा



**लखनऊ, वार्ता।** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ पंजाब किग्स की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले नेहल वढेरा को मंगलवार को मैच से पहले उम्मीद नहीं थी कि वह अंतिम एकादश में अपनी जगह बना पाएंगे। पंजाब किग्स (पीबीकेएस) ने मंगलवार को इकाना क्रिकेट स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स पर आठ विकेट से शानदार जीत के साथ टाटा आईपीएल 2025 सीजन में अपनी शानदार शुरुआत जारी रखी है। एलएसजी को 171/7 के कुल स्कोर पर रोककर, पीबीकेएस ने केवल 16-2 ओवर में दो विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया था। लगातार दूसरी जीत ने उन्हें अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंचा दिया है। 25 गेंदों पर नाबाद 43 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेलने वाले नेहल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि जिस तरह से प्रभसिमरन और अय्यर बल्लेबाजी कर रहे थे, वह जबरदस्त था। वे एक ही प्रवाह के साथ आगे बढ़े और गेंद लगातार कनेक्ट होती रही और बाद में, जब मैं आया, तो मेरे मन में एक स्पष्ट विचार था कि अगर गेंद मेरी रेंज में है, तो मैं 100 प्रतिशत खेलूंगा। और अगर गेंद मेरी रेंज में नहीं है, तो मैं बस एक या दो रन लूंगा।

# कोवेंट्री का आईओसी अध्यक्ष चुना जाना सराहनीय: वोस

**लॉज़ेन, स्विटज़रलैंड, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय घुड़सवारी महासंघ (एफईआई) के अध्यक्ष इंगमार डी वोस ने मंगलवार को क्रिस्टी कोवेंट्री के नए अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) अध्यक्ष के रूप में चुनाव की सराहना करते हुए इसे दुनिया के लिए एक स्पष्ट संदेश बताया।

दो दिवसीय एफईआई फ़ोरम के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में डी वोस ने कहा कि पहले दौर में चुनाव जीतने के लिए क्रिस्टी कोवेंट्री को बधाई, जो मुझे लगता है कि यह बाहरी दुनिया को एक बहुत ही स्पष्ट संदेश देता है कि आईओसी में एक तरह की आम सहमति है। जिम्बाब्वे की ओलंपियन कोवेंट्री 20 मार्च को ग्रीस में 144वें आईओसी सत्र में अपने चुनाव के बाद आईओसी की पहली महिला अफ्रीकी अध्यक्ष बनीं। डी वोस ने कहा कि उन्होंने मतदान से पहले कोवेंट्री के साथ व्यापक चर्चा की। हमने नए अध्यक्ष के लिए हमारी प्राथमिकताओं के बारे में बात की। वह मूल रूप से इस बात पर सहमत थीं कि ध्यान फिर से खेल पर आना चाहिए। आईओसी का मुख्य पेशा ओलंपिक खेलों का आयोजन करना है और हमारा मानना है कि लोगों को इस दिशा में और अधिक आगे बढ़ना चाहिए। 2025 एफईआर फ़ोरम ने 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक के लिए योग्यता प्रणाली, जंपिग, इवेंटिग, ड्राइविग और पैरा-ड्राइविग के लिए नियम अपडेट और एक रणनीतिक ड्रेसेज एक्शन प्लान सहित प्रमुख विषयों को संबोधित किया। लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक और पैरालिपिक टीम और व्यक्तिगत स्पर्धाओं के लिए योग्यता अवधि जर्मनी के आचेन में 2026 एफईआर विश्व चैंपियनशिप के साथ शुरू होगी और 31 दिसंबर, 2027 को समाप्त होगी। एफईआई महासचिव सबरीना इबानेज़ ने कहा कि हमने इस बारे में अपने राष्ट्रीय और क्षेत्रीय महासंघों के साथ स्पष्ट परामर्श किया है, और फिर हम इस वर्ष योग्यता के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगे और अगले वर्ष नियमों के लिए हमारे राष्ट्रीय और क्षेत्रीय महासंघों द्वारा हमारी आम सभा 2026 में में अनुमोदन किया जाएगा। 2026 तक एफईआई अध्यक्ष के रूप में अपना तीसरा और अंतिम कार्यकाल पूरा कर रहे डी वोस ने संगठन की स्थिरता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। 61 वर्षीय बेल्जियम निवासी ने कहा कि मुझे लगता है कि मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण बात एफईआई को अच्छे हाथों में छोड़ना है।

## रॉब वाल्टर ने दक्षिण अफ्रीका के मुख्य कोच का पद छोड़ा

**केपटाउन, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के सफेद गेंद के मुख्य कोच रॉब वाल्टर ने निजी कारणों का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। वाल्टर ने आज सोशल मीडिया पर अपने इस्तीफे की जानकारी देते हुए कहा कि प्रोटियाज को कोचिग देना एक अविश्वसनीय सम्मान की बात है और हमने साथ मिलकर जो हासिल किया है, उस पर मुझे बेहद गर्व है। खिलाड़ी, सहयोगी स्टाफ और दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट समुदाय इस पूरी यात्रा में शानदार रहे हैं। हालांकि अब मेरे लिए पद छोड़ने का समय आ गया है, लेकिन मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि टीम आगे बढ़ती रहेगी और और भी ऊंचाइयों को छुएगी। वाल्टर के कार्यकाल के दौरान दक्षिण अफ्रीका ने 2024 में अपने पहले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप फाइनल में पहुंचकर इतिहास रचा था। दक्षिण अफ्रीका ने इस दौरान लगातार आठ मैच जीत थे।

# रोनाल्डो ने गार्डियोला के लिए किया आग्रह

**रोनाल्डो ने राष्ट्रीय टीम के प्रबंधक पद के लिए मैनचेस्टर सिटी के पेप गार्डियोला के कार्यकाल को आगे बढ़ाने का आग्रह किया है**



**कियारियो डी जेनेरियो, वार्ता।** ब्राजील के पूर्व स्ट्राइकर रोनाल्डो ने ब्राजील फुटबॉल परिसंघ (सीबीएफ) से राष्ट्रीय टीम के प्रबंधक पद के लिए मैनचेस्टर सिटी के पेप गार्डियोला के कार्यकाल को आगे बढ़ाने का आग्रह किया है।

उधर, गार्डियोला ने बार-बार खुद को सेलेकाओ से जोड़ने की अटकलों का खंडन किया है। उन्होने पिछले साल नवंबर में दो साल के लिए मैनचेस्टर सिटी से जुड़ने के अनुबंध विस्तार पर हस्ताक्षर किए थे। हालांकि रोनाल्डो ने सीबीएफ से 54 वर्षीय गार्डियालो को न छोड़ने का आह्वान किया, जिन्हें व्यापक रूप से अब तक के सबसे महान प्रबंधकों में से एक माना जाता है। रोनाल्डो ने ब्राजील के बैंड टीवी से कहा कि मैं कोशिश करूंगा, लेकिन यह वास्तव में सीबीएफ की तुलना में बहुत तेजी से किया जाना चाहिए। मैं गार्डियोला, जॉर्ज जीसस और एबेल फेरेरा को लक्ष्य बनाऊंगा। उन्होंने कहा कि ग्रेमियो के पूर्व प्रबंधक रेनाटो गौचो के नाम पर भी विचार किया जाना चाहिए। रोनाल्डो ने कहा कि यदि उनमें से कोई भी काम नहीं करता है, तो मेरे पास रेनाटो गौचो को लाने की योजना होगी, जो मुझे लगता है कि विश्व कप तक एक तत्काल समाधान प्रदान कर सकता है। वह ऐसे व्यक्ति हैं जो बहुत आसानी से टीम के विश्वास को जीत सकते हैं और मौजूदा स्थिति को बदल सकते हैं। ब्राजील पिछले शुक्रवार से प्रबंधक के बिना है, जब विश्व कप क्वालीफायर में अर्जेंटीना से टीम की 4-1 की हार के बाद डोरिवल जूनियर को बर्खास्त कर दिया गया था। पांच बार के विश्व कप विजेता वर्तमान में दक्षिण अमेरिकी क्षेत्र क्वालीफाइंग स्टैंडिग में चौथे स्थान पर हैं।

# संसद में पेश किए गए वक्फ संशोधन बिल का जताया विरोध

## मैं राम का वंशज हूं मुझे मंदिर ट्रस्ट में करें शामिल: इमरान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**सहारनपुर।** संसद में पेश किये गये वक्फ बिल पर कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने कहा कि मैं राम जी का वंशज हूं और मुझे मंदिर ट्रस्ट (अयोध्या राम मंदिर) में शामिल किया जाए।

इमरान मसूद ने कहा कि वक्फ बोर्ड में गैर मुस्लिमों की क्या भूमिका है? प्रॉपर्टी वक्फ इसलिए की जाती है ताकि इसकी कमाई यतीमों और मिस्कीनों के काम आ सकें। इससे बेसहारों को सहारा मिलता है। यूपी में सरकार ने 78 फीसदी वक्फ की संपत्ति विवादास्पद कर घोषित कर दी है और कल को कोई भी आकर मालिकाना हक का दावा कर देगा.

सांसद ने गैर मुस्लिमों की नियुक्ति पर कहा कि वक्फ में 22 सदस्य होंगे। 12 से अधिक गैर मुस्लिम होंगे। ऐसे में उनको क्या पता वक्फ क्या है। मुझे राम मंदिर ट्रस्ट में करा दीजिए. मैं भी राम जी का वंशज हूं। एनडीए के सहयोगियों के संदर्भ में इमरान मसूद ने कहा कि अगर आज टीडीपी व जेडीयू ने इस मुद्दे पर मुस्लिमों का साथ नहीं दिया तो मुसलमान कभी माफ नहीं करेगा।

इमरान मसूद ने कहा कि हम चर्चा के लिए तैयार हैं। सरकार बार-बार कह रही है कि मुसलमानों को कुछ नहीं होगा, लेकिन उन्होंने एक प्रावधान किया है कि कोई भी संपत्ति जो सरकारी संपत्ति है, जिसमें सरकार की हिस्सेदारी है, विवादित है, वह संपत्ति तब तक वक्फ नहीं मानी जाएगी जब तक कि उसकी जांच किसी नामित अधिकारी द्वारा न की जाए, विवादित संपत्ति वक्फ नहीं रहेगी।

## फूट डालो राज करों की नीति अपना रही भाजपा: मुजतबा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय महासचिव व उत्तराखण्ड प्रभारी मुजतबा मलिक एडवोकेट ने कहा कि भाजपा सरकार फूट डालो राज करों की नीति अपना रही है।

संसद में पेश किये गये वक्फ संशोधन बिल पर मुजतबा मलिक ने कहा कि वक्फ संशोधन बिल की आड में भाजपा फूट डालना चाह रही है। जिस समुदाय ने देश की आजादी की लडाई लडी और 1857 में मंगल पाण्डे के साथ अपने प्राणों की आहुति दी आज भाजपा सरकार उसी समुदाय की छवि को धूमिल करने में जुटी है। उन्होने सवाल उठाते हुए कहा कि जब लोग अंग्रेजों को याचिकाएं लिख रहे थे और भारत छोडों आंदोलन का समर्थन नही कर रहे थे उस समय समुदाय ने भारत छोडो आंदोलन का समर्थन किया था। इतना ही नही 1924 में जिन्ना के दो राष्ट्र सिद्धांत को पूरी तरह खारिज करने वाला भी यही समुदाय था। वक्फ संशोधन बिल की आड में अब भाजपा इस समुदाय को निशाना बनाकर उसकी छवि को धूमिल करने का प्रयास कर रही है जिसे कभी बर्दाश्त नही किया जायेगा।

## वक्फ संशोधन बिल मूल अधिकारों का उल्लंघन: मौलाना महमूद मदनी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**सहारनपुर।** जमीयत उलमा ए हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी ने कहा कि संसद में पेश किया वक्फ संशोधन बिल असंवैधानिक है और मूल अधिकारों का उल्लंघन करता है।

मौलाना महमूद मदनी ने आज संसद में वक्फ संशोधन बिल पेश होने के बाद यह बात अपनी प्रतिक्रिया में कही। उन्होंने कहा कि सरकार अपनी संख्यात्मक बहुमत के बल पर इसे पारित कराने की कोशिश कर रही है। यह रवैया बहुसंख्यकवादी मानसिकता पर आधारित है और लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। इस बिल को जबरन संसद में लाया गया है, जिसका उद्देश्य अल्पसंख्यकों के अधिकारों को छीनना है, जो किसी भी हाल में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से यह बिल तैयार किया गया है और जिस मंशा व रवैये के साथ इसे पेश किया जा रहा है वह मुसलमानों के खिलाफ एक नकारात्मक रुख को दर्शाता है।

मौलाना मदनी ने कहा हम पहले ही कह चुके हैं कि पुराने कानून में सुधार की जरूरत थी, लेकिन इसके बजाय सरकार ने ऐसी संशोधन पेश किए हैं, जो समस्याओं का समाधान करने के बजाय उन्हें और जटिल बना रहे हैं। उन्होंने कहा यह बिल पूरी तरह अस्वीकार्य है और हम इसे पूरी तरह खारिज करते हैं। इसके खिलाफ हमारी लड़ाई जारी रहेगी और हम हर संवैधानिक और शांतिपूर्ण तरीके से इस अन्याय के खिलाफ अपनी आवाज उठाते रहेंगे।

## कार्रवाई की मांग

**चिलकाना।** थाना पर तहरीर देकर एक व्यक्ति ने 4 लोगों द्वारा उसके साथ लाठी डंडों से मारपीट करते हुए उसे अदमरा करके बंधक बनाकर उसकी जेब से पैसे निकालने का आरोप लगाया है। पीड़ित व्यक्ति ने कानूनी कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

ग्राम धौलाहेड़ी निवासी आदिश पुत्र राशिद ने थाना पर तहरीर देकर बताया है कि वह सोमवार की शाम को ग्राम पठेड के बाजार में मिठाई लेने के लिए गया था। तभी वहाँ ग्राम बरथाकायस्थ पठेड निवासी 4 लोगों ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से मारपीट कर उसे अधमरा कर दिया। जिसके बाद यह चारो लोग उसे बंधक बनाकर अपने घर पर ले गए तथा उसकी जेब से उसके पैसे भी निकाल लिए।

जब उसकी तबीयत बिगड़ने लगी तो उक्त लोगों ने उसके चचेरे भाई को फोन करके वहां बुलाकर पीड़ित को उसको सौंप दिया।

## ईद मिलन से भाईचारे का संदेश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**सहारनपुर।** कौमी एकता कमेटी ने ईद मिलन समारोह आयोजित आपसी सदभाव व भाईचारे का संदेश दिया।

आईटीसी राम मंदिर परिसर में स्वर्गीय राव मुख्तार की याद में आयोजित ईद मिलन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईटीसी के सीनियर इंजीनियर अजय यादव, सीनियर मैनेजर रविंद्र कुमार, सीनियर ट्रेडिशनल लीडर एडवोकेट प्रदीप कुमार व पूर्व विधायक सुरेंद्र कपिल तथा विशिष्ट अतिथि सागर रहे। संयोजक सिगरेट वर्कर्स यूनियन के सचिव धर्मवीर सिंह ने बताया कि हर साल यहां पर ईद मिलन समारोह का आयोजन किया जाता है।

इस दौरान मंदिर के अध्यक्ष सुदेश कुमार, पत्रकार डा. शाहिद जुबेरी, वन जन यूनियन के अध्यक्ष अशोक चौधरी, कोआॅपरेटिव सोसाइटी के वाइस चेयरमैन पंकज कुमार, सिगरेट वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष बृजेश कुमार, ट्रेजर अजीम अहमद, संचालक मोहम्मद शकील, कोऑपरेटिव सोसाइटी के सचिव मोहम्मद खालिद अहमद आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता तिलकराज भाटिया ने की।

## नगर आयुक्त का विभागों में आकस्मिक निरीक्षण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**सहारनपुर।** नगरायुक्त संजय चौहान ने आज सुबह स्मार्ट सिटी कार्यालय और नगर निगम के अनेक विभागों का आकस्मिक निरीक्षण किया। अनेक अधिकारी व कर्मचारी अनुपस्थित मिले। उन्होंने अनुपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। नगरायुक्त ने जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र कार्यालय की सभी पत्रावलियों का संचालन डिजीटल मोड में करने के लिए सॉफ्टवेयर/ऐप विकसित करने के निर्देश दिए ताकि एक क्लिक पर सभी आवेदनों की ताजा स्थिति ज्ञात हो सके।

नगरायुक्त/स्मार्ट सिटी सीईओ संजय चौहान आज सुबह औचक निरीक्षण के लिए स्मार्ट सिटी पहुंचे। उन्होंने सभी सीटो पर पहुंचकर अधिकारियों/कर्मचारियों की उपस्थिति की जानकारी ली। उन्होंने सभी अधिकारियों/ कर्मचारियों की उपस्थिति केवल बायोमेट्रिक मशीन में ही कराने के आदेश दिए। नगरायुक्त ने जोनल ऑफिस स्थित थर्ड फ्लोर पर बने हॉल का भी निरीक्षण किया और उसे स्मार्ट सिटी के प्रोजेक्ट म्यूजियम, आरएनडी सेंटर व रिसोर्स सेंटर के रुप में विकसित करने का सुझाव दिया। उन्होंने बाहर बालकनी में सुरक्षा की दृष्टि से रेलिंग लगाने के भी निर्देश दिए। नगरायुक्त इसके बाद जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र कार्यालय पहुंचे और आवेदन प्राप्त करने से लेकर प्रमाण पत्र जारी करने तक समस्त प्रक्रिया की जानकारी लेते हुए कार्यालय की समस्त पत्रावलियों का संचालन डिजीटल मोड में करने के लिए साफ्टवेयर/ऐप विकसित करने के निर्देश दिए ताकि एक क्लिक पर सभी आवेदनों की ताजा स्थिति ज्ञात हो सके। उन्होंने वहां मौजूद प्रमाण पत्र के आवेदकों से भी जानकारी ली कि उन्हें प्रमाण पत्र आवेदन या प्राप्त करने में कोई परेशानी तो नहीं हुई। नगरायुक्त ने निर्माण विभाग का निरीक्षण करते हुए फाइलो को व्यवस्थित रुप से रखने निर्माण विभाग की सीढ़ियों पर रंग रोगन कर व्यवस्थित करने तथा भविष्य में रख-रखाव ठीक रखने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को जोनल ऑफिस के ग्राउण्ड फ्लोर का कार्य एक सप्ताह में पूरा करने के भी निर्देश दिए।

## दुर्गा मंदिरों में लगातार बढ़ रही श्रद्धालुओं की संख्या

**गंगोह।** क्षेत्र के दुर्गा मंदिरों में लगातार चल रहे पूजा-पाठ ने वातावरण को भक्ति भाव से परिपूर्ण बना दिया है। मंदिरों में चल रहे जागरण व आरती में श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ रही है।

बुधवार को चौत्र मास के नवरात्रों का चौथा दिन था। दुर्गा मंदि. रों में चौथे स्वरूप कूष्मांडा की भी पूजा की गई। बुधवार को भी मंदिरों में पूजा पाठ से ही शुरूआत की गई। मंदिरों में आयोजित संध्या कालीन आरती व भजन संध्या में भी भारी भीड़ इकट्ठा हो रही है। माता वैष्णो देवी धाम में अखंड़ ज्योति के साथ रोजाना महा आरती का आयोजन किया जा रहा है। नव रात्रों को लेकर पीठ बाजार स्थित मां काली मंदिर में भी रोजाना मां का गुणगान भजनों के द्वारा किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में भी दुर्गा पूजन भक्ति भाव से किया जा रहा है। विभिन्न गांवों से श्रद्धालु बड़ी संख्या में देवी दर्शन को शाकुंभरी व अन्य स्थानों पर जाने लगे हैं। नवरात्रों के कारण क्षेत्र का वातावरण लगातार भक्ति मय होता जा रहा है।

## देश सेवा में समर्पित रहे जसबीर का स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गंगोह।** भारतीय सेना के फिटनेस कोच के रुप में लम्बे समय तक देश सेवा में समर्पित रहें जसबीर सिंह का ढोल ढमाके के साथ स्वागत किया।

गांव पहुंचने पर जिंदाबाद और भारतमाता व भारतीय सेना जिंदाबाद के नारों के बीच जसबीर को सुनील, भगतसिंह मोहडा, आनन्द स्वामी, डॉ. परविन्द्र आदि ने फूलमालाओं से लाद दिया। इसके बाद गाडी में सवार जसबीर सिंह को पूरे गांव में घुमाया गया। सबसे आगे गांव के युवा बैंड बाजे की धुनों पर नाचते गाते चल रहे थे। महिलाओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। इसके बाद जसबीर बॉडी बिल्डिंग सिखाने वाले अकरम अजीज के आवास पर पहुंचकर उनका आशीर्वाद लिया। यहां भी गंगोह का नाम रोशन करने वाले जसबीर सिंह का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। अकरम अजीज, सभासद शादाब मलिक, कृष्णपाल, मुनव्वर, आशिफ अली, आजाद, किशोर शर्मा, मौलवी अजीम, अरविन्द कुमार आदि रहे। उन्होंने युवाओं को नशे से दूरी बनाने की नसीहत दी। मिस्टर इंडिया, मिस्टर एशिया व तीनों सेनाओं की 8 बार चैम्पियनशिप और वर्ल्ड चेम्पियनशिप जीती। फिटनेस कोच के रुप में सेना में भर्ती होकर लगातार देश की सेवा में समर्पित सेनानियों को फिटनेस के गुर सिखाए।

## छह अप्रैल को बंद रहेंगी मुर्गा, मांस, मछली की दुकाने

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**सहारनपुर।** रामनवमी के पावन पर्व पर 6 अप्रैल को नगर निगम सीमा क्षेत्र में मुर्गा, मांस व मछली आदि की दुकानें पूरी तरह बंद रहेंगी। पशु वधशाला को भी बंद रखने के निर्देश दिए गए है। प्रदेश शासन के निर्देश पर निगम के पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी डॉ.संदीप मिश्रा ने आज ये आदेश जारी किये।

निगम के पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी डॉ. संदीप मिश्रा द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि रामनवमी के पवित्र पर्व पर धार्मिक भावनाओं/शांति व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत 6 अप्रैल को रामनवमी पर पशु वधाशालाओं में किसी प्रकार के पशुओं का वध न करने और दुकानों/भोजनालय में मांस आदि का विक्रय न होने का आदेश प्राप्त हुआ है।

अत: 6 अप्रैल रविवार को नगर निगम सीमाक्षेत्र में समस्त पशुवधशाला, मुर्गा, मांस व मछली आदि की दुकानें पूरी तरह बंद रहेंगी। यदि ऐसी कोई भी दुकान खुली पायी गयी तो दोषी लोगों/दुकानदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।

## आवंटित दुकान में कैन्टीन खोले जाने का विरोध



**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**सहारनपुर।** नगर में आबादी के बीचोंबीच शराब के ठेके खोले जाने को लेकर विरोध थमने का नाम नहीं ले रहा है।

आज दिल्ली रोड पर देसी शराब की आवंटित दुकान में कैंटीन खोले जाने को लेकर क्षेत्र की महिलाएं डॉ. नीलू राणा के नेतृत्व में महिलाएं सड़कों पर उतारी और ठेके के बोर्ड को उखाड़ फेंका और वहां धरना भी दिया। इसके बाद सभी प्रदर्शनकारी जिला मुख्यालय पहुंचे और अपर जिलाधिकारी प्रशासन को ज्ञापन दिया, जिस पर उन्होंने ठेका हटाए जाने का आश्वासन दिया। आज दिल्ली रोड पर आवंटित देसी शराब का ठेका और कैंटीन के विरोध में क्षेत्रवासी सड़क पर उतर आए और ठेका खोले जाने को लेकर विरोध करने लगे। इस दौरान आसपास के दुकानदार भी महिलाओं के साथ धरने के समर्थन में आ गए। क्षेत्रीय पार्षद संजय गर्ग ने भी प्रदर्शन करने वाली महिलाओं का समर्थन करते हुए कहा कि यहां ठेका खोला जाना पूरी तरह अनुचित है। इस दौरान गुस्साए लोगों ने आबकारी विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और हंगामा किया। विरोध करने वाले लोगों का नेतृत्व कर रहे क्षेत्रीय पार्षद संजय गर्ग एवं भाजपा नेत्री डॉक्टर नीलू राणा ने बताया कि शराब की देसी दुकान खोली जा रही थी। साथ में कैंटीन खोली जा रही है और यहां पर आसपास कई स्कूल हैं, जो ठेके के सामने भी है और आसपास गलियों में भी हैं। देसी शराब की दुकान के पास बराबर-बराबर बैंक, सराफा महिलाओं की दुकान भी है, जहां वह खुद अपना व्यापार करती है अगर यहां देशी शराब का ठेका ओर कैंटीन खुल गया तो महिलाओं का व्यापार करना भारी हो जाएगा और आसपास स्कूल के बच्चे और लड़कियां भी यहां से गुजरती है उसे पर इन पर क्या प्रभाव पड़ेगा या उनसे छेड़छाड़ की घटना होगी तो इसका जिम्मेदार कौन होगा, सबसे ज्यादा यहां आसपास की महिलाओं को खतरा है। इसलिए हम लोग यहां पर देशी शराब के ठेके को खुलने नहीं देंगे और इसी को लेकर वह लोग विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि आवंटित देसी शराब की दुकान और कैंटीन को हटाया जाए। प्रदर्शनकारियों में स्वाति गुप्ता, स्मृति छाबड़ा, डॉ नेहा राणा, पार्षद दिग्विजय सिंह राणा, राहुल छाबड़ा, कार्तिक खुराना, गुलशन मेहता, रवि मक्कड़, राहुल कार्तिक, रजनी, मोहन, अमित गुप्ता, अशोक नारंग, अंजू मेहता, शीला नारंग, सिमरन काम्बोज, शानू, कैलाश सैनी, मीणा अरोड़ा, ऋतु सिंगल, सरोज वर्मा, प्रियंका मित्तल, अंजू बंसल, मनीष वर्मा, सुमन, प्रमोद कुमार जैन, रोहित गुप्ता शाहिद आदि रहे।

## रिजल्ट पाकर खिले बच्चों के चेहरे

**गंगोह।** रामकृष्ण मेहता इण्टर कालेज का वार्षिक गृह परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। परीक्षाफल शत् प्रतिशत रहा।

प्रधानाचार्य रोहिताश कुमार ने परीक्षा परिणाम की घोषणा की। घोषित परीक्षा परिणाम के अनुसार कक्षा 6, 7, 8 में क्रमश: राशि पांचाल, वर्षा जैन और आरजू ने प्रथम जबकि पल्लवी, प्रिया और तन्वी ने द्वितीय स्थान तथा अंनत, मदीना नूर और सावन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 9 में सारा प्रथम, आयु द्वितीय और शान कुरैशी तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 11 में विज्ञान वर्ग से आंचल ने प्रथम, इकरा चौधरी ने द्वितीय तथा अखिल चौहान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य वर्ग से लवी शर्मा प्रथम, कोमल शर्मा द्वितीय तथा इन्दू तृतीय स्थान पर रहे। राष्ट्रीय बाक्सिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले छात्र अरमान और राज्य स्तरीय एथलेटिक्स में प्रतिभाग करने वाले छात्र मोन्टी कुमार, जिला विज्ञान प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्रों जैद, प्रिंस, अरशद और शादाब तथा मण्डलीय विज्ञान प्रतियोगिता तथा राज्य स्तरीय वाद विवाद प्रतियोगिता में भाग लेने वाली छात्राओं इकरा अंसारी, इकरा चौधरी, वंशिका और सुमैया को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया। पूर्व छात्रों शोबान, वंशिका, विभांशू और जागरूक अभिभावकों धीर सिंह, मान सिंह, जुबैदा अंजुम को चादर तथा शाल ओढाकर सम्मानित किया गया।

विद्यालय में शत प्रतिशत हाजिरी के लिए कक्षा 9 के छात्र आयान और अध्यापक सुशील सैनी को पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि गंगोह कोतवाल पीयुष दीक्षित ने छात्रों के साथ अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि छात्रों को अपने लक्ष्य पर फोकस रखना होगा, तभी सफलता आपके कदम चूमेगी। डा. रीतू वर्मा प्राचार्य राजकीय डिग्री कॉलेज गंगोह ने परीक्षा परिणाम पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुये छात्र-छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनायें दी। प्रबंधक ईश्वर गोयल ने अनुशासन में रहकर कडी मेहनत करने पर छात्रों और अध्यापकों को बधाई दी। प्रधानाचार्य रोहिताश कुमार ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए छात्र छात्राओं को अपने शुभ आशीष दिये और आगामी सत्र में दृढ निश्चय के साथ लगनशील होकर कठिन परिश्रम करके सफलता के उच्च मापदण्ड स्थापित करने की प्रेरणा दी। उपाध्यक्ष अरविंद पाल कपूर, अनूप भटनागर, राकेश सिंघल, रविशंकर गर्ग, उपनिरीक्षक राखी शर्मा, महिला कांस्टेबल मानवती, अरविंद टेबक, रमेशचन्द गर्ग, अफजल खान ने परीक्षा परिणाम पर अपनी खुशी व्यक्त की।

## मां स्कन्द माता की पूजा-अर्चना



**सहारनपुर।** राधा विहार स्थित महाशक्ति पीठ वैष्णवी महाकाली मंदिर में चैत्र नवरात्र में शतचंडी महायज्ञ में पंचम दिन मां स्कंदमाता की पूजा-अर्चना की गई।

राधा विहार स्थित महाशक्ति पीठ वैष्णवी महाकाली मंदिर में चौत्र नवरात्र में शतचंडी महायज्ञ में पंचम स्कंदमाता पूजा अवसर पर स्वामी कालेंद्रानंद महाराज ने कहा कि स्कंदमाता सृष्टि के पांच तत्वों का संरक्षण करती हैं। स्कंदमाता सभी जीवो का कल्याण करती है। श्री रामकृष्ण विवेकानंद संस्थान तत्वाधान में आयोजित क्षेत्र नवदुर्गा पूजा महोत्सव एवं शतचंडी महायज्ञ में मां भगवती स्कंदमाता की विधिवत पूजा की गई और मां भगवती के शक्ति रूपों का पूजन किया गया मां भगवती का पंचामृत से महा स्नान किया गया और स्कंदमाता का महा अभिषेक क्या गया। स्कंदमाता की महिमा का वर्णन करते हुए स्वामी कालेंद्रानंद महाराज ने कहा कि स्कंदमाता भगवान शिव की शक्ति अंश कार्तिकेय का पालन पोषण करने के कारण मां पार्वती का नाम ही स्कंदमाता पड़ा। स्कंदमाता सभी जीवों का भरण पोषण करने वाली सभी जीवों को पुत्रवत धारण कर सभी का कल्याण करती हैं। स्कंदमाता की पूजा करने से धन-धान्य की प्राप्ति होती है और पुत्र सुख विशेष रूप से प्राप्त होता है। इस अवसर पर पंडित ऋषभ शर्मा, पंडित योगेश तिवारी, रमेश शर्मा, राजेंद्र धीमान, अश्विनी काम्बोज, सागर गुप्ता, राकेश राय, सुचेता, बबीता, कुसुम, राजबाला, कमला, रेखा, पूनम आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

## कुट्टू का आटा खाने से चार लोगों की बिगड़ी तबियत

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**तीतरों।** कुट्टू का आटा खाने से एक परिवार के चार लोगों की तबियत बिगड़ गई जिन्हें चिकित्सालय में कराया गया है। गांव कोलाखेड़ी निवासी प्रताप कश्यप कस्बे के मेन बाजार में दुकान करने वाले एक दुक. ानदार से कुट्टू का आटा खरीदकर लाए थे उसी आटे से बने व्यंजन खाने के कुछ देर बाद प्रताप कश्यप व प्रताप कश्यप के बेटे सुशील के तीन बच्चों बेटी प्राची व पायल ओर बेटे अर्पित को उल्टी लगने लगी इसके बाद उनकी तबियत ज्यादा ज्यादा बिगड़ गई तो परिजनों के हाथ पैर फूल गए। परिजन उन्हें चिकित्सालय में ले गए। जहां पर सभी का उपचार चल रहा है। बताते चले कि कुट्टू के आटे को लेकर प्रशासन द्वारा लगातार छापे की कार्यवाही की जा रही है।

## जगन्नाथ स्कूल के मेधावी बच्चे पुरस्कृत




**गंगोह।** श्री जगन्नाथ सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज गृह परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। विद्यालय का परीक्षाफल 98.4 प्रतिशत रहा। विद्यालय प्रबंध समिति ने प्रत्येक कक्षा मे प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कार राशि, ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

परीक्षा फल की घोषणा प्रधानाचार्य शुभम गुप्ता ने की। सम्मानित होने वाले छात्र छात्राओं मे कक्षा 6, 7, 8, 9, 11 (वाणिज्य वर्ग), 11 (कला वर्ग), 11 (विज्ञान वर्ग) मे क्रमानुसार सिद्धान्त कश्यप, लविश सैनी, राशि, शिवांशी शर्मा, वंशिका, आरती देवी, अंशिका गोयल ने प्रथम स्थान, अर्णव जैन, अन्नू, वंशिका, दिव्या सैनी, अभिनव मित्तल, नेहा, वसुन्धरा ने द्वितीय स्थान तथा इशिका, आर्या सैनी, सुगन्धा परमार, वर्तिका, फैसल, प्रार्ची चौधरी, काव्या तृतीय स्थान पर रहे। प्रबंधक नीरज अग्रवाल ने कहा कि विद्यालय सदैव आपके उज्ज्वल भविष्य के लिए संकल्पबद्ध है। आप निरन्तर इसी प्रकार प्रगति करते रहे, यही हम सबका प्रयास रहता है। अध्यक्ष उमेश गोयल ने सभी छात्र छात्राओं को अपना आशीर्वाद प्रदान किया और इसी प्रकार निरन्तर सफलताओं के कीर्तिमान स्थापित करने के लिए प्रेरित किया। पदाधिकारी राकेश तायल ने कहा कि सफलता पर घमण्ड न करे और असफलता पर हतोत्साहित न हो, दोनो स्थितियों मे धैर्य रखने वाला ही आगे बढता है। सुनील गर्ग, संजय कांत गुप्ता ने भी छात्र छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। अंत मे प्रधानाचार्य शुभम गुप्ता ने कार्यक्रम मे आये हुये अतिथियों तथा आगन्तुकों का आभार प्रकट किया।

# सम्पादकीय

गुरुवार, 3 अप्रैल 2025

## वक्फ बिल पर रार

आज बुधवार को वक्फ संशोधन बिल लोक सभा पटल पर रखा गया। अगर यह बिल दोनों सदनों से पारित हो जाता है, तो इसे राष्ट्रपति के पास मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। राष्ट्रपति की सहमति के बाद यह कानून बन जाएगा और वक्फ बोर्ड के प्रबंधन, संपत्तियों के नियमन और अन्य प्रस्तावित बदलाव लागू हो जाएंगे। आज इस बिल को पटल पर रखने के बाद बीजेपी के किरण रिजिजू ने इसकी उपलब्धियां गिनाई, तो विपक्ष ने इस पर हंगामा कर दिया। कांग्रेस सहित इंडिया गठबंधन के सांसदों ने इसका विरोध किया, तो एक बार संसद में हंगामा हो गया। इस बिल के जरिये बीजेपी यह जताने का प्रयास कर रही है कि वह गरीब मुसलमानों की हितैषी है। इससे पहले कभी सरकार का ध्यान इन पर नहीं गया। न तो इनकी शिक्षा का कोई अच्छा इंतजाम है और न ही रोजगार का। इन्हें इनके हाल पर जीवन जीने के लिए छोड़ रखा है। अब सरकार को इनका ख्याल कैसे आ गया, इस पर मंथन करने की जरूरत है। सरकार का मानना है कि मालदार मुसलमानों ने गरीब मुसलमानों की जमीन पर कब्जा कर रखा है। यदि यह बिल पास हो जाता है, तो उनकी जमीन उनको वापस मिल जाएगी। मोदी सरकार के पिछले दस साल और वर्तमान में अभी तक गरीब मुसलमानों के लिए क्या किया गया है, इस बात को ये गरीब लोग ही अच्छा जानते हैं। सरकार और विपक्ष दोनों ने इस मुद्दे पर अपनी कमर कस ली है, जिससे संसद में तीखी बहस और हंगामे की संभावना जताई जा रही है। आज लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने इस पर चर्चा के लिए 8 घंटे का समय निर्धारित किया है। हालांकि, विपक्ष ने 12 घंटे की मांग की थी, जिसे सरकार ने ठुकरा दिया। लोकसभा से पारित होने के बाद, विधेयक को राज्यसभा में पेश किया जाएगा। राज्यसभा में एनडीए के पास अभी बहुमत नहीं है, इसलिए वहां इसे पास कराने के लिए सरकार को सहयोगी दलों और कुछ अन्य सांसदों का समर्थन जुटाना होगा। यहां देरी या संशोधन की संभावना बढ़ सकती है। विपक्षी इस बिल का कड़ा विरोध कर रहे हैं। विपक्ष इसे असंवैधानिक और अल्पसंख्यकों के अधिकारों पर हमला बता रहा है। क्या यह बिल मुस्लिम समुदाय को कमजोर करने की साजिश है। आज सरकार इन गरीबों की जमीन के बारे में सोच रही है, लेकिन भारत की जो जमीन चीन ने हथिया रखी है, उसके बारे में सरकार ने अभी तक कोई सुध नहीं ली है। इसके बावजूद इस बिल को लाकर उथल-पुथल पैदा करना चाहती है। आज देश में गरीब मुसलमान दयनीय हालत में जी रहे हैं। उनके रहने के लिए मकान नहीं हैं। स्कूलों में उनके बच्चों के एडमिशन नहीं हो पाते, जिसके कारण उनके बच्चे अनपढ़ रह जाते हैं और इसके बाद उनके सामने मजदूरी करने के अलावा और कोई रास्ता नहीं रह जाता। गरीब मुसलमानों की चिकित्सा के लिए अच्छे अस्पताल नहीं हैं। जिला चिकित्सालयों में इतनी अव्यवस्थाएं हैं कि मरीज के साथ गए तीमारदार खुद मरीज हो जाते हैं। भारत में वक्फ बोर्ड के पास 9.40 लाख एकड़ जमीन है।

## सरकार देश में भय का माहौल बना रही



मोदी सरकार देश में भय का माहौल बना रही है और व्यक्तियों के बीच भेदभाव कर रही है, आप्रवास एवं विदेशी विषयक विधेयक 2025 का कांग्रेस विरोध करती है, इससे देश में भय का माहौल बनेगा और यह संविधान की मूल भावना के विरुद्ध होगा, यह अधिकारियों को प्रताड़ना का अधिकार देता है, व्यक्तियों के बीच भेदभाव करता है, यह विदेशियों को मनमाने ढंग से देश से बाहर करने का अधिकार सरकार को देता है, यह विधेयक आव्रजन अधिकारी को असीमित अधिकार देता है, उसके निर्णय के विरुद्ध अपील भी नहीं की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि यह अधिकारी किसी भी व्यक्ति को विदेश जाने से रोक सकता है, यह विधेयक भारत के लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए संकट है। फिलहाल यह विदेशियों के लिए हैं, लेकिन जल्दी ही भारतीय नागरिकों पर भी इसकी छाया पड़ेगी।

**अभिषेक मनु सिंघवी**
**राज्यसभा सदस्य, कांग्रेस**

# न्यायपालिका में भ्रष्टाचार कोई नई बात नहीं...

**2022 में एक जिला जज के यहां छापेमारी में लाखों रुपये मिले, जिसमें भ्रष्टाचार के संदेह को बढ़ाया, 2017 में सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश तक को एक याचिका में शामिल किया गया, जिसमें मेडिकल कॉलेजों को अनुमति देने में कथित रिश्वतखोरी का आरोप था**



**विनीत नारायण**

भारत के इतिहास में पहली बार सर्वोच्च न्यायालय के जस्टिस रामस्वामी पर अनैतिक आचरण के चलते 1993 में संसद में महाभियोग प्रस्ताव लाया गया था। पर कांग्रेस पार्टी ने मतदान के पहले लोकसभा से बहिर्गमन करके उन्हें बचा लिया। 1997 में मैंने भारत के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश जस्टिस जे एस वर्मा के अनैतिक आचरण को उजागर किया तो सर्वोच्च अदालत, संसद व मीडिया तूफान खड़ा हो गया था। पर अंततः उन्हें भी सज़ा के बदले तत्कालीन सत्ता व विपक्ष दोनों का संरक्षण मिला।

2000 में एक बार फिर मैंने भारत के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश डॉ. एएस आनंद के छह ज़मीन घोटाले उजागर किए तो अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ये मामला चर्चा में रहा व तत्कालीन क़ानून मंत्री राम जेठमलानी की कुर्सी चली गई। पर तत्कालीन बीजेपी सरकार ने विपक्ष के सहयोग से उन्हें सज़ा देने के बदले भारत के मानवाधिकार आयोग का अध्यक्ष बना दिया। इसलिए मौजूदा विवाद जिसमें जस्टिस यशवंत वर्मा के घर जले नोटों के बोरे मिले, कोई चौंकाने वाली घटना नहीं है। न्यायपालिका को देश के लोकतांत्रिक ढांचे का आधार माना जाता है, जो संविधान की रक्षा और कानून के शासन को सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार है। सर्वोच्च न्यायालय, उच्च न्यायालय और अधीनस्थ न्यायालयों की एकीकृत प्रणाली के साथ यह संस्था स्वतंत्रता और निष्पक्षता के सि( ांतों पर खड़ी है। दुर्भाग्य से हाल के दशकों में न्यायाधीशों पर भ्रष्टाचार के बढ़ते आरोपों ने इसकी साख पर सवाल उठाए हैं। किसी न्यायाधीश के घर पर बड़ी मात्रा में नगदी मिलना एक गंभीर मुद्दा है। ऐसी घटनाओं से न सिर्फ़ न्यायपालिका पर कई सवाल उठते हैं बल्कि न्याय की आशा रखने वाली आम जनता का न्यायपालिका से विश्वास भी उठने लगता है।

भारत की न्यायपालिका का आधार संविधान में निहित है। अनुच्छेद 124 से 147 सर्वोच्च न्यायालय को शक्तियां प्रदान करते हैं, जबकि अनुच्छेद 214 से 231 उच्च न्यायालयों को परिभाषित करते हैं। यह प्रणाली औपनिवेशिक काल से विकसित हुई है, जब ब्रिटिश शासन ने आम कानून प्रणाली की नींव रखी थी। स्वतंत्रता के बाद, न्यायपालिका ने संवैधानिक व्याख्या, मूल अधिकारों की रक्षा और जनहित याचिकाओं के माध्यम से अपनी प्रगतिशील भूमिका निभाई है। 1973 के केशवानंद भारती मामले में मूल संरचना सि( ांत और 2018 के समलैंगिकता की अपराधमुक्ति जैसे फैसले इसकी उपलब्धियों के उदाहरण हैं। हालांकि न्यायपालिका की छवि आमतौर पर सम्मानजनक रही है, लेकिन भ्रष्टाचार के आरोप इसकी विश्वसनीयता को चुनौती दे रहे हैं। 2010 में कलकत्ता हाई कोर्ट के जस्टिस सौमित्र सेन पर वित्तीय अनियमितताओं के आरोप लगे, जिसके बाद उन पर महाभियोग की प्रक्रिया शुरू हुई। यह स्वतंत्र भारत में पहला ऐसा मामला था। हाल के वर्षों में कुछ निचली अदालतों के न्यायाधीशों के घरों से असामान्य मात्रा में नकदी बरामद होने की खबरें सामने आई हैं। 2022 में एक जिला जज के यहां छापेमारी में लाखों रुपये मिले, जिसने भ्रष्टाचार के संदेह को बढ़ाया। 2017 में सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश तक को एक याचिका में शामिल किया गया, जिसमें मेडिकल कॉलेजों को अनुमति देने में कथित रिश्वतखोरी का आरोप था। हालांकि ये आरोप सि( नहीं हुए, लेकिन इसने संस्थान की छवि को काफ़ी हद तक प्रभावित किया। कई मामलों में वकील और कोर्ट स्टाफ पर पक्षपातपूर्ण फैसलों के लिए पैसे लेने के आरोप भी लगे हैं, जिससे यह संदेह पैदा होता है कि क्या न्यायाधीश भी इसमें शामिल हो सकते हैं। ये घटनाएं अपवाद हो सकती हैं, लेकिन इनका प्रभाव व्यापक है।

भ्रष्टाचार के ये आरोप न केवल जनता के भरोसे को कम करते हैं, बल्कि न्यायिक प्रक्रिया की पवित्रता पर भी सवाल उठाते हैं। न्यायाधीशों पर भ्रष्टाचार के आरोपों के साथ-साथ कई अन्य चुनौतियां भी हैं जो भारत की न्यायपालिका की वर्तमान स्थिति को परिभाषित करती हैं। आँकड़ों की मानें तो मार्च 2025 तक, देश भर में 4.7 करोड़ से अधिक मामले लंबित हैं। सर्वोच्च न्यायालय में 80,000 से अधिक और उच्च न्यायालयों में 60 लाख से अधिक मामले विचाराधीन हैं। यह देरी भ्रष्टाचार के लिए अवसर पैदा करती है, क्योंकि लोग त्वरित न्याय के लिए अनुचित साधनों का सहारा ले सकते हैं। देश भर में न्यायाधीशों के स्वीकृत 25,771 पदों में से लगभग 20: रिक्त हैं। इससे मौजूदा जजों पर दबाव बढ़ता है और पारदर्शिता बनाए रखना मुश्किल हो जाता है। न्यायाधीशों की नियुक्ति प्रक्रिया पर भी विवाद हुए हैं। कोलेजियम प्रणाली, जो न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए जिम्मेदार है, पर अपारदर्शिता और भाई-भतीजावाद के आरोप लगते रहे हैं। 2015 में राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (एनजेएसी) को असंवैधानिक ठहराने के बाद भी इस मुद्दे पर बहस जारी है। इतना ही नहीं न्यायिक जवाबदेही की कमी बाई एक गंभीर मुद्दा है। क्योंकि न्यायाधीशों को हटाने की प्रक्रिया जटिल है और महाभियोग दुर्लभ है। इसके अलावा, आंतरिक अनुशासन तंत्र कमजोर है, जिससे भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण नहीं हो पाता। देखा जाए तो बड़ी संख्या में ग्रामीण और गरीब आबादी को कानूनी सहायता और जागरूकता की कमी का सामना करना पड़ता है। यह असमानता भी भ्रष्टाचार को बढ़ावा देती है।

न्यायाधीशों पर भ्रष्टाचार के आरोपों का समाज पर प्रभाव बहुआयामी है। समय समय पर होने वाले सर्वेक्षण और सोशल मीडिया पर चर्चाएँ यह दर्शाते हैं कि लोग न्यायपालिका को पक्षपाती और भ्रष्ट मानने लगे हैं। यह लोकतंत्र के लिए खतरा है, क्योंकि न्यायपालिका पर भरोसा कम होने से कानून का सम्मान घटता है। जब किसी फैसले पर पैसे या प्रभाव से प्रभावित होने की आशंका उठती है, तो यह निष्पक्षता के सिद्धांत को कमजोर करता है। भ्रष्टाचार के आरोप सरकार और अन्य संस्थानों के लिए हस्तक्षेप का बहाना बन सकते हैं, जिससे न्यायिक स्वतंत्रता खतरे में पड़ती है। कई लोग मानते हैं कि 'न्याय बिकता है' और गरीबों के लिए यह पहुंच से बाहर है। ऐसा नहीं है कि भ्रष्टाचार से निपटने के लिए कुछ नहीं किया जा रहा। 1 जुलाई 2024 से लागू भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम में पारदर्शिता और तकनीक पर जोर दिया गया है। डिजिटल साक्ष्य और समयब) सुनवाई से भ्रष्टाचार के अवसर कम हो सकते हैं। वर्चुअल सुनवाई और ऑनलाइन केस प्रबंधन से प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया जा रहा है, जिससे बिचौलियों की भूमिका कम हो सकती है।सर्वोच्च न्यायालय ने न्यायाधीशों के लिए आचार संहिता को सख्त करने की बात कही जा रही है, हालांकि इसे लागू करने में चुनौतियां हैं।



# वैज्ञानिकता से परिपूर्ण भारतीय पंचांग की कालगणना

**इस बार विक्रम संवत् 2082 का शुभागमन भारतीय जीवन दर्शन की सबसे सुन्दर वसंत ऋतु में 30 मार्च 2025 का हुआ है जिसे सिद्धार्थ संवत्सर के नाम से जाना जाएगा, इस समय प्रकृति पतझड़ के माध्यम से अपने पुराने व जीर्ण-शीर्ण पत्रों रुपी वस्त्रों का त्यागकर हरितिमा युक्त कोपलों व पल्लवों रुपी नवीन वस्त्रों को धारण कर अपना श्रृंगार करती है जिसमें पशु-पक्षियों में नवजीवन का संचार होता है और कोयल पंचम स्वर में गायन कर मानव-मन को हर्ष और उल्लास से उल्लासित करती है**



**डॉ. चन्द्रप्रकाश शर्मा**

धन्य है ऋषियों की ज्ञान परंपरा और उसकी परिणति है कालगणना की वैज्ञानिक दृष्टि से सटीकता एवं शुद्धता और उसी का आधार है भारतीय पंचांग जिसका संबंध ऋतु परिवर्तन, नव संवत्सर के शुभागमन पर विभिन्न धार्मिक पर्वों के आयोजन से है। पंचांग परंपरागत भारतीय कालदर्शक है। पंचांग दो शब्द पंच+अंग से मिलकर बना है जिसका शाब्दिक अर्थ है पांच अंग अर्थात पंचांग में वार, तिथि, नक्षत्र, करण और योग पांच चीजों का विशेष रूप से उल्लेख होता है। इसके अलावा पंचांग से त्योहार, ग्रहण आदि घटनाओं और शुभ मुहूर्त की जानकारी प्राप्त होती है। वैदिक साहित्य-ऋग्वेद, यजुर्वेद और अन्य प्राचीन ग्रंथो में वर्ष के लिए संस्कृत शब्द संवत्सर का प्रयोग किया गया है।

संवत्सर नाम वत्स से पड़ा है क्योंकि प्रत्येक ऋतु के चक्र को वत्स कहते हैं। ऋतु परिवर्तन का कारण सूर्य है इसलिए भारत में छह ऋतुएं-वसंत, ग्रीष्म, वर्षा, शरद, हेमंत, शिशिर होती है। इसी वत्स के कारण वर्ष का नामकरण संवत्सर हुआ। नव संवत्सर का प्रारंभ चौत्र शुक्ल प्रतिपदा से होता है। इस बार विक्रम संवत् 2082 का शुभागमन भारतीय जीवन दर्शन की सबसे सुंदर वसंत ऋतु में 30 मार्च 2025 को हुआ है जिसे सिद्धार्थ संवत्सर के नाम से जाना जाएगा। इस समय प्रकृति पतझड़ के माध्यम से अपने पुराने व जीर्ण-शीर्ण पत्रों रुपी वस्त्रों को त्यागकर हरितिमा युक्त कोपलों व पल्लवों रुपी नवीन वस्त्रों को धारण कर अपना श्रृंगार करती है जिससे पशु-पक्षियों में नवजीवन का संचार होता है और कोयल पंचम स्वर में गायन कर मानव-मन को हर्ष और उल्लास से उल्लासित करती है। गांव-देहात में महिलाएं वसंत ऋतु के गीत गुनगुनाकर हृदयस्थ खुशी के भावों को प्रकट करती हैं। नव संवत्सर से नवरात्रि का श्रीगणेश होता है। नवरात्रि शक्ति जागरण का पर्व है जिसमें शारीरिक, मानसिक व आध्यात्मिक शक्तियों को जाग्रत कर ऋतु परिवर्तन के साथ अनुकूलन करने की क्षमता का विकास होता है ताकि हम हर क्षेत्र में प्रगतिपथ पर आरुढ़ हो सकें।

भारतीय ऋषियों ने पंचांग की रचना की जो पूर्णतः वैज्ञानिक है क्योंकि समय निर्धारण के लिए ऋषियों ने सटीक समय मापन पद्धति को विकसित कर अपनाया जिससे आज के खगोलविज्ञानी भी सहमत है और वे भी मानते हैं कि हजारों वर्ष पहले विकसित ऋषियों की समय मापन पद्धति पूर्णतः शुद्ध व सटीक है क्योंकि भारतीय कालगणना का सूक्ष्मतम अंश परमाणु है तथा महत्तम ब्रह्मा की आयु है। यह हमारे लिए गर्व की बात है कि नई पीढ़ी तक नववर्ष पर पंचांग की वैज्ञानिकता और महत्ता का ज्ञान पहुंच रहा है। भारत के महान गणितज्ञ भास्कराचार्य ने आज से हजारों साल पहले लिखे अपने ग्रंथ में भारतीय ईकाइयों की विशद विवेचना की है।

उनके अनुसार एक विपल आज के 0.4 सेकंड के बराबर है तथा त्रुटि का मान सेकंड का 33750वां भाग है। एक पल में 60 विपल अर्थात 24 सेकंड होते हैं। 60 पल में एक घटी अर्थात 24 मिनट होते हैं। ढाई घटी का एक होरा होता है जिसका मान एक घंटा है। 2 घंटे की एक लग्न होती है ए3 होरा का एक प्रहर होता है। 24घंटे अर्थात एक अहोरात्र में 60 घटी या 12 लग्न या 24 होरा या 8 प्रहर होते हैं। इस होरा से ही अंग्रेजी का हावर बना है। दिन के प्रथम होरा और उसके स्वामी ग्रह के आधार पर दिनों का नामकरण हुआ। सृष्टि का प्रारंभ चौत्र शुक्ल प्रतिपदा रविवार के दिन हुआ। इस दिन के प्रथम होरा का स्वामी ग्रह सूर्य था इसलिए इस दिन का नाम रविवार, उसके अगले दिन के प्रथम होरा का स्वामी चंद्रमा तो सोमवार और अगले दिन प्रथम होरा का स्वामी मंगल था तो मंगलवार हुआ।

इसी प्रकार शेष वारों के नाम प्रथम होरा के स्वामी ग्रह के आधार पर बुधवार, गुरुवार, शुक्रवार, शनिवार निर्धारित हुए। पंचांग का निर्माण भूत, भविष्य, वर्तमान की गणना के लिए किया गया जैसे 7 दिनों को मिलाकर सप्ताह, चार सप्ताह का एक मास, दो मास की एक ऋतु, 6 ऋतुओं का एक वर्ष, 100 वर्षों की एक शताब्दी, 360 वर्ष का एक दिव्य वर्ष, 12,000 दिव्य वर्ष का एक महायुग होता हैं। चारों युग-सतयुग, त्रेतायुग, द्वापरयुग और कलियुग को मिलकर एक महायुग बनता है। 71 महायुग से 1 मन्वंतर और 14 मन्वंतरों से एक कल्प बनता है। एक कल्प ब्रह्मा का एक दिन है। धार्मिक एवं शुभ कार्यों के समय हम संकल्प मंत्र पढ़ते हैं--ऊं विष्णु विर्ष्णुविर्ष्णुः द्वितीय परार्ध श्री श्वेत वाराहकल्पेवैवस्वतमन्वन्तरे अष्टाविंशति तमे कलियुगे कलि प्रथमचरणे भारतवर्षे भरत खण्डे जम्बूद्वीपे आर्यावर्तेक देशान्तर्गते सिद्धार्थ संवत्सरे। इस मंत्र से हमें ज्ञात होता है कि इस समय 28वीं चतुर्युगी के कलियुग का प्रथम चरण, ब्रह्मा का द्वितीय परार्ध, श्वेतवाराह कल्प, वैवस्त मन्वंतर और सिद्धार्थ संवत्सर चल रहा है। 30 कल्प,14 मन्वंतर और 60 संवत्सर होते हैं। ब्रह्मा की 100 वर्ष की आयु 31नील10 खरब 40अरब वर्ष है। पंचांग में तिथि, वार, नक्षत्र, करण और योग इन पांच चीजों का मुख्य रूप से उल्लेख है। एक दिन को तिथि कहा गया है जो पंचांग के आधार पर 19 घंटे से 26 घंटे तक की होती है। चंद्र मास में 30 तिथियां होती हैं जो दो पक्ष-शुक्ल पक्ष और कृष्ण पक्ष में बंटी है। शुक्ल पक्ष में प्रतिपदा से चतुर्दशी और पूर्णिमा मिला कर 15 तिथि, वहीं कृष्ण पक्ष में प्रतिपदा से चतुर्दशी और अमावस्या मिलकर 15 तिथि होती हैं। आकाश में तारामंडल के विभिन्न रूपों में दिखाई देने वाले आकार को नक्षत्र कहते हैं। मूलतः 27 नक्षत्र माने गए हैं-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी से लेकर रेवती तक 27 नक्षत्र हैं। चंद्रमा इन 27 नक्षत्र में भ्रमण करता है। 12 मासों के नाम आकाशमंडल के 12 नक्षत्रों के नाम पर रखे गए हैं जिस मास की पूर्णिमा को चंद्रमा जिस नक्षत्र में होता है उसी के नाम पर उस मास का नाम रखा गया है।

# गणेश शंकर विद्यार्थी की लेखनी से कांपती थी ब्रिटिश सरकार...

**26 अक्टूबर 1890 को उत्तर प्रदेश में इलाहाबाद के अतरसुइया मोहल्ले में एक स्कूल हैडमास्टी जयनारायण के घर जन्मे विद्यार्थी जी प्रारम्भिक शिक्षा उर्दू तथा अंग्रेजी में हुई इलाहाबाद में शिक्षण के दौरान ही उनका झुकाव पत्रकारिता की और हुआ, हिन्दी साप्ताहिक 'कर्मयोगी' के सम्पादन में वे पंडित सुन्दर लाल की सहायता करने लगे**





**योगेश कुमार गोयल**

गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकारिता जगत के ऐसे महान पुरोधा थे, जिनकी लेखनी से ब्रिटिश सरकार इस कदर भयभीत रहती थी कि क्रांतिकारी लेखन के लिए उन्हें अंग्रेज सरकार द्वारा पांच बार सश्रम कारावास और अर्थदंड की सजा दी गई। उनके लेखों में ऐसी गजब की ताकत थी कि उनकी पत्रकारिता ने ब्रिटिश शासन की नींद हराम कर दी थी। जब उनकी कलम चलती थी तो ब्रिटिश हुकूमत की जड़ें हिल जाती थी। बेमिसाल क्रांतिकारी पत्रका. रिता के कारण ही गणेश शंकर विद्यार्थी और उनका अखबार 'प्रताप' आज के दौर में भी पत्रकारिता जगत के लिए आदर्श माने जाते हैं। वह एक निर्भीक पत्रकार, समाजसेवी, महान क्रांतिकारी और स्वतंत्रता सेनानी थे। वे स्वयं तो एक उच्च कोटि के पत्रकार थे ही, उन्होंने अनेक युवाओं को लेखक, पत्रकार तथा कवि बनने की प्रेरणा और ट्रेनिंग दी। कांग्रेस के विभिन्न आन्दोलनों में भाग लेने तथा ब्रिटिश सत्ता के अत्याचारों के विरुद्ध 'प्रताप' में निर्भीक लेख लिखने के कारण वे पांच बार जेल गए। जब भी उन्हें अंग्रेज सरकार द्वारा गिरफ्तार किया जाता तो उनकी अनुपस्थिति में 'प्रताप' का सम्पादन माखनलाल चतुर्वेदी तथा बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' सरीखे साहित्य के दिग्गज संभाला करते थे।

26 अक्तूबर 1890 को उत्तर प्रदेश में इलाहाबाद के अतरसुइया मोहल्ले में एक स्कूल हैडमास्टर जयनारायण के घर जन्मे विद्यार्थी जी की प्रारम्भिक शिक्षा उर्दू तथा अंग्रेजी में हुई। इलाहाबाद में शिक्षण के दौरान ही उनका झुकाव पत्रकारिता की ओर हुआ। हिन्दी साप्ताहिक 'कर्मयोगी' के सम्पादन में वे पंडित सुन्दर लाल की सहायता करने लगे। कानपुर में अध्यापन के दौरान उन्होंने कर्मयोगी सहित कई और अखबारों में लेख लिखे और पत्रकारिता के जरिये स्वाधीनता आन्दोलन से गहरे जुड़ गए। कुछ समय बाद उन्होंने पत्रकारिता, सामाजिक कार्यों तथा स्वाधीनता आन्दोलन से जुड़ाव के चलते 'विद्यार्थी' उपनाम अपना लिया और गणेश शंकर से 'गणेश शंकर विद्यार्थी' हो गए। उनकी उत्कृष्ट लेखनशैली से प्रभावित होकर हिन्दी पत्रकारिता जगत के पुरोधा पं. महावीर प्रसाद द्विवेदी ने 1911 में अपनी साहित्यिक पत्रिका 'सरस्वती' में उपसम्पादक के पद पर कार्य करने का ऑफर दिया किन्तु विद्यार्थी जी को ज्वलंत समाचारों, समसामयिक तथा राजनीतिक विषयों में ज्यादा दिलचस्पी थी, इसलिए उन्होंने द्विवेदी जी का प्रस्ताव स्वीकारने के बजाय महामना पं. मदन मोहन मालवीय के हिन्दी साप्ताहिक 'अभ्युदय' में नौकरी ज्वाइन की। 9 नवम्बर 1913 को उन्होंने एक क्रांतिकारी पत्रकार के रूप में कानपुर से स्वयं 'प्रताप' नामक पत्रिका निकालना शुरू कर दिया। प्रताप के जरिये विद्यार्थी जी किसानों, मजदूरों और ब्रिटिश अत्याचारों से कराहते गरीबों का दुख-दर्द उजागर करने लगे। ब्रिटिश शासनकाल की उत्पीड़न और अन्याय की क्रूर व्यवस्था के खिलाफ आवाज उठाना उनकी पत्रकारिता का सबसे महत्वपूर्ण अंग था, जो ब्रिटिश हुकूमत को फूटी आंख न सुहाया और इसीलिए अपनी इसी क्रांतिकारी पत्रकारिता का खामियाजा उन्हें कई मुकद्दमों, भारी जुर्माने और कई बार जेल जाने के रूप में भुगतना पड़ा। 1920 में उन्होंने 'प्रताप' का दैनिक संस्करण निकालना शुरू कर दिया, जो मूलतः किसानों, मजदूरों और पीड़ितों का हिमायती समाचारपत्र बना रहा। उन्होंने 'प्रताप' के अलावा 'प्रभा' नामक एक साहित्यिक पत्रिका तथा एक राजनीतिक मासिक पत्रिका का भी प्रकाशन किया। घटना जनवरी 1921 की है, जब रायबरेली के एक ताल्लुकदार सरदार वीरपाल सिंह ने किसानों पर गोलियां चलावाई थी। 'प्रताप' के संपादक गणेश शंकर विद्यार्थी ने उस घटनाक्रम का पूरा विवरण अपने अखबार में छापा, जिसके लिए उन्हें तथा 'प्रताप' छापने वाले शिवनारायण मिश्र पर मानहा. नि का मुकद्दमा दर्ज किया गया और उन्हें जेल हो गई। 16 अक्टूबर 1921 को विद्यार्थी जी ने स्वयं गिरफ्तारी दी और 22 मई 2022 को जेल से रिहा हुए। जेल में रहते हुए उन्होंने एक डायरी लिखी और रिहाई के बाद उन्होंने उसी पर आधारित 'जेल जीवन की झलक' नामक एक ऐसी श्रृंखला छापी, जिसे अत्यधिक पसंद किया गया और 'प्रताप' के साथ पाठकों का काफिला जुड़ता गया। उसके बाद तो अंग्रेजों ने उन्हें वक्त-बेवक्त लपेटने का कोई अवसर नहीं छोड़ा लेकिन विद्यार्थी अपने क्रांतिकारी विचारों से जरा भी नहीं डिगे।जेल से रिहाई के कुछ ही समय बाद भड़काऊ भाषण देने के आरोप में उन्हें ब्रिटिश सरकार द्वारा फिर गिरफ्तार कर लिया गया और 1924 में तब रिहा किया गया, जब उनका स्वास्थ्य बहुत खराब हो गया था। 1925 में राज्यसभा विधानसभा चुनाव में वे कानपुर से चुने गए और कांग्रेस के कानपुर अधिवेशन की स्वागत-समिति के प्रधानमंत्री भी नियुक्त हुए लेकिन 1929 में उन्होंने पार्टी की मांग पर त्यागपत्र दे दिया, जिसके बाद वे 1930 में उत्तर प्रदेश कांग्रेस समिति के अध्यक्ष चुन लिए गए और उन्हें प्रदेशभर में सत्याग्रह आन्दोलन का नेतृत्व करने की अहम जिम्मेदारी दी गई। उसी दौरान उन्हें फिर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया और गांधी-इरविन पैक्ट के बाद 9 मार्च 1931 को उनकी जेल से रिहाई हुई। स्वाधीनता संग्राम के उस दौर में हिन्दू-मुस्लिम एक-दूसरे के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग कर रहे थे लेकिन ब्रिटिश हुकूमत ने दोनों समुदायों की भावनाओं को भड़काने का ऐसा खेल खेला कि जगह-जगह हिन्दू-मुस्लिम साम्प्रदायिक दंगे भड़कने लगे और देशभर में साम्प्रदायिक हिंसा फैलने लगी। कानपुर शहर भी साम्प्रदायिक दंगों की आग में झुलस उठा। गणेश शंकर विद्यार्थी का मन इन दंगों से बड़ा व्यथित हुआ और वे स्वयं इन दंगों को रोकने तथा दोनों समुदायों में भाईचारा कायम करने के लिए लोगों को समझाते हुए घूमने लगे। कई जगहों पर वे लोगों को समझाने में सफल भी रहे और इन दंगों के दौरान उन्होंने हजारों लोगों की जान बचाई भी लेकिन वे स्वयं दंगाइयों की एक ऐसी टुकड़ी में फंस गए। जो उन्हें पहचानते नहीं थे। उसके बाद उनकी बहुत खोज की गई किन्तु वे कहीं नहीं मिले। आखिर में उनका पार्थिव शरीर एक अस्पताल में लाशों के ढ़ेर में पड़ा मिला, जो इतना फूल गया था कि लोग उसे पहचान भी नहीं पा रहे थे। हजारों लोगों की जान बचाने के बावजूद गणेश शंकर विद्यार्थी स्वयं धार्मिक उन्माद की भेंट चढ़ गए।

## माटी अब भी पूछती

पैदा क्यों होते नहीं, भगत सिंह से वीर
माटी अब भी पूछती, कब जागेगी पीर?
स्वप्न सिसकते रह गए, कहां गई वह बात
चिंगारी तो जल रही, राख हुई सौगात।
नारे मंच पर गूंजते, हुई जुबां है मौन
जोश बिखरकर रह गया, जज्बा लाए कौन।
होते हैं भाषण बहुत, पर खामोश ज़मीर
शब्द बचे हैं युद्ध के, गए कहां रणधीर?
भारत माता पूछती, कौन बने कुर्बान
लाल हुए थे जो कभी, लगते अब अनजान?
सबके हित की बात का, बुझने लगा उबाल
सत्ताओं की सांकलें, बांध रहीं भूचाल।
सत्ताओं की सांकलें, बांध रहीं तक़दीर
खुद को खुद से हारकर, भारत खड़ा अधीर।



**प्रियंका सौरभ**

# ईरान की परमाणु जिद हिला देगी अमेरिका के चूल

## यूएस बॉम्बर तेहरान की तरफ आते नजर आए, तो आईआरजीसी कमांडर अमेरिकी मिलिट्री बेस राख में मिला देंगे

**तेहरान।** अरब में महायुद्ध के सायरन बज रहे हैं। यहां किसी भी वक्त अमेरिका और ईरान की जंग शुरू हो सकती है, जिसकी वजह है ईरान की परमाणु जिद। ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई ने साफ कर दिया है, वो ट्रम्प से परमाणु वार्ता नहीं करेंगे। सिर्फ इतना ही नहीं ईरान ने ट्रम्प को धमकी दी है कि अगर यूएस बॉम्बर तेहरान की तरफ आते नजर आए, तो आईआरजीसी कमांडर अमेरिकी मिलिट्री बेस राख में मिला देंगे।

ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई ने देश को संबोधित किया। संबोधन ईद पर था, लेकिन मंच से खामेनेई ने साफ कर दिया कि अमेरिका आग से खेल रहा है और ईरान वाशिंगटन को उसी के लहजे में जवाब देगा। उन्होंने कहा कि वो हम पर हमला करने की धमकी दे रहे हैं, जिसकी हमें संभावना नहीं लगती, लेकिन यदि अगर वो कोई शरारत करेंगे तो उन्हें निश्चित रूप से करारा जवाब मिलेगा। तेहरान से निकली इस धमकी और इन नारों की गूंज से वाशिंगटन तक में हड़कप है। डर है कि अगर अमेरिका ने ईरान पर हमला किया, तो ईरान अमेरिकी को दहला सकता है और इसकी संभावनाएं खामेनेई के संबोधिन के बाद बेहद ज्यादा बढ़ गई हैं। दरअसल, इसकी वजह देश को संबोधित करने के दौरान ईरानी सुप्रीम लीडर के हाथों में मौजूद ये राइफल है, जो साल 1980 के दशक की है। इससे पहले खामेनेई के हाथों में ये राइफल एक अगस्त 2024 को नजर आई थी। तब खामेनेई ने हमास नेता इस्माइल हानिया की मौत पर देश को संबोधित किया था, जिसके बाद एक अक्टूबर के दिन ईरान ने हानिया और नसरल्लाह की मौत का बदला इजरायल से लिया था। अब खामेनेई के पास ये राइफल अमेरिका की धमकियों के बीच एक बार फिर नजर आई है। ऐसे में माना जा रहा है कि ईरान बहुत जल्द अमेरिका के खिलाफ बारूदी एक्शन ले सकता है। एक तरफ खामेनेई के रिएक्शन से अमेरिका पर एक्शन का रास्ता साफ हो गया है, तो वहीं ईरानी कमांडर्स के रुख से ऐसे सिग्नल मिल रहे हैं कि ईरान अमेरिकी हमले का इंतजार नहीं करना चाहता। माना जा रहा है कि ईरान अमेरिकी एक्शन से पहले ही उसे बारूदी संदेश भेज सकता है। दरअसल, आईआरजीसी के कमांडर अमेरिकी एयरबेस पर प्री एम्प्टिव स्ट्राइक की मांग कर हैं। आईआरजीसी कमांडर चाहते हैं कि ईरान डिएगो ग्रासिया एयरबेस के पास मिसाइल दागे, लेकिन इस मिसाइल से बेस को नुकसान नहीं होगा, बल्कि मिसाइल बेस के करीब समंदर में जाकर गिरेगी, अमेरिका के इस बेस की ईरान से दूरी 3846 किमी है। हाल ही में अमेरिका ने यहां 7बी-2 बॉम्बर तैनात किए थे। दरअसल, अमेरिकी बेस के पास मिसाइल दागकर ईरान ट्रम्प को अपनी क्षमता



और शक्ति का परिचय देना चाहता है ताकि ट्रम्प ईरान पर हमले के ख्याल को अपने जहन से निकाल दें। इधर, आईआरजीसी एयरफोर्स के कमांडर आमिर अली हाजीजादेह ने भी अमेरिका को धमकी दी है। उन्होंने अपने एक बयान में कहा है, जो शीशे के घर में रहते हैं, वो दूसरों पर पत्थर नहीं फेंकते। अमेरिका के अरब में करीब 10 बेस हैं, 50 हजार से ज्यादा सैनिक मौजूद हैं। मतलब वो शीशे के घर में मौजूद हैं। साफ है ईरान के रडार में अमेरिका के कई बेस हैं। अगर ट्रम्प बारूदी कदम उठाते हैं, तो ईरान इन्हें दहलाकर अपना प्रतिशोध पूरा करेगा। ईरान की तैयारी इसपर मोहर भी लगा रही हैं। दरअसल, चीन ने मिसाइलों से लदा कार्गो शिप ईरान भेजा था, जो ईरान के बांदर अब्बास पोर्ट पहुंच चुका है। दावा है कि इसमें चीन की लॉन्ग रेंज मिसाइलें मौजूद हैं। आईआरजीसी ने नेवातिम एयरबेस पर मिसाइल ड्रिल शुरू कर दी है। सैटेलाइट तस्वीरें से खुलासा हुआ है कि ईरान मिसाइलों की एक्यूरेसी टेस्ट कर रहा है।

### ईरान खुद को कर रहा तैयार

ईरान की इन तैयारियों को अमेरिका से जोड़कर देखा जा रहा है। दावा है कि ईरान ट्रम्प के हर संभावित कदम के लिए खुद को तैयार कर रहा है। इधर ईरान से आ रही खबरों के बीच डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर ईरान को बारूदी धमकी भेजी है। ट्रम्प ने अपने एक बयान में कहा है कि अगर ईरान डील नहीं करता, तो बमबारी होगी और ऐसी बमबा. री होगी, जो पहेल कभी नहीं देखी गई। दूसरी बार राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद ऐसे पहली बार है जब डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान पर स्पष्ट शब्दों पर बमबारी की बात की है। हालांकि ट्रम्प और ईरान के बीच अरब के देश एक दीवार की तरह खड़े हैं। हाल ही में आई एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि सऊदी, कुवैत और कतर ने ईरान को गुप्त आश्वा. सन दिया है। वो ईरान पर हमले के लिए अपने एयरस्पेस का इस्तेमाल नहीं होने देंगे। रिपोर्ट में ये भी दावा है कि ट्रम्प ईरान पर हमला करने वाले थे, लेकिन इन तीनों देशों से अमेरिका को ऐसा करने से रोक दिया। हालांकि ये देश ट्रम्प को कबतक रोक पाएंगे ये कहना बेहद मुश्किल है। इधर, 2 हफ्ते बाद भी हूती पर अमेरिका की स्ट्राइक जारी है। अमेरिका ने एक बार फिर सना और अल हुदैदा पर एयरस्ट्राइक की।

### अमेरिका का डफ-9 रीपर ड्रोन तबाह

दावा है कि अमेरिका की लेटेस्ट स्ट्राइक में 40 हूती लड़ाकों की मौत हो गई। वहीं, हूती के टॉप मिसाइल एक्सपर्ट अब्दुल खालिक बदरुद्दीन अल-हौथी के भी मारे जाने की खबर है। हूती ने भी अमेरिका पर जबरदस्त पलटवार किया है। हूती का दावा है कि उसके हमले में अमेरिका का डफ-9 रीपर ड्रोन तबाह हो गया। हूती प्रवक्ता याह्या सारी ने कहा कि हमारी सेना ने सफलतापूर्वक अमेरिका का डफ-9 ड्रोन मार गिराया है। वो हमें तबाह करने के मिशन पर था, लेकिन हमने उसे जहन्नुम पहुंचा दिया। ये दुश्मन का 16वां ड्रोन है, जिसे हमने तबाह किया है। हूती भले इसे बड़ी कामयाबी बता रहा है, लेकिन ट्रम्प ने साफ कर दिया है कि अमेरिका के मौजूदा हमले अभी सिर्फ शुरुआत भर है। अगर लाल सागर में हूती के मिसाइल अटैक बंद नहीं हुए, तो पहले असली तबाही हूती देखेगा और उसके बाद हूती का प्राजोयक ईरान। ट्रम्प के रुख से साफ है, वो किसी भी कीमत पर ईरान को परमाणु शक्ति हासिल करने देना नहीं चाहते, फिर चाहे इसके लिए उन्हें अरब में महायुद्ध ही क्यों ना छेड़ना पड़े।

# गाजा में पर्याप्त भोजन का दावा खारिज

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र ने मंगलवार को इजरायल के गाजा में पर्याप्त भोजन है, के दावे को हास्यास्पद बताते हुए खारिज कर दिया। गाजा में सहायता पहुंचाने के लिए जिम्मेदार इजरायली सैन्य एजेंसी सीओजीएटी ने दिन में पहले कहा कि अगर हमास नागरिकों को भोजन उपलब्ध कराता है, तो लंबे समय के लिए पर्याप्त भोजन है।

संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने संयुक्त राष्ट्र की प्रतिक्रिया के बारे में पूछे जाने पर संवाददाताओं से कहा ''हास्यास्पद। हम अपनी आपूर्ति के अंतिम चरण में हैं।'' उन्होंने कहा कि बेकरियों को ''मज़े के लिए'' बंद नहीं किया गया है क्योंकि मुख्य सामान गायब हैं। विश्व खाद्य कार्यक्रम ने एक अप्रैल



■ इजरायली रक्षा मंत्री ने की गाजा पट्टी पर हमले तेज करने की घोषणा, पट्टी में अतिरिक्त क्षेत्रों पर कब्जा करेगी सेना

को घोषणा की कि उसके गोदामों में आटा खत्म हो गया है और जब तक इजरायल क्रॉसिग को फिर से नहीं खोलता और आपूर्ति की अनुमति नहीं देता तब तक उसकी बेकरियां संचा. लित नहीं हो सकतीं। वहीं इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने बुधवार को सेना से गाजा पट्टी पर सैन्य हमले तेज करने की घोषणा की और इसके बाद सेना बफर ज़ोन स्थापित करने के लिए गाजा पट्टी में अतिरिक्त क्षेत्रों पर कब्जा करेगी। श्री काट्ज ने एक बयान में कहा, इस विस्तार में युद्ध क्षेत्रों से गाजा की आबादी को व्यापक रूप से निकाला जाएगा। गौरतलब है कि इज़रायल ने 18 मार्च को दो महीने का युद्ध विराम के बाद हमले तेज कर दिए और फलिस्तीनी एन्क्लेव पर घातक हवाई और ज़मीनी हमले फिर से शुरू कर दिए। गाजा स्वास्थ्य अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि नए सिरे से किए गए इज़रायली हमलों में अब तक 1,042 फलिस्तीनी मारे गए हैं और अन्य 2,542 घायल हुए हैं। उन्होंने कहा कि अक्टूबर 2023 से इजरायल और हमास के बीच शुरू हुए युद्ध में मरने वालों की संख्या बढ़कर 50,399 हो गई है।

## पाकिस्तान के राष्ट्रपति जरदारी अस्पताल में भर्ती



**कराची।** पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी की तबीयत खराब होने पर उन्हें मंगलवार शाम एक स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राष्ट्रपति अपने पैतृक शहर गए हैं। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी है। मीडिया के अनुसार श्री जरदारी अपने पैतृक शहर गए हुए थे और उन्हें बुखार और संक्रमण की शिकायत होने पर डॉक्टरों ने उन्हें आगे की जांच के लिए कराची ले जाने का फैसला किया। डॉक्टर उनकी स्वास्थ्य स्थिति पर बारीकी से नज़र रख रहे हैं। उनके परिवार के सदस्य भी अस्पताल में उनसे मिलने गए। प्रधानमंत्री शरीफ ने जरदारी के स्वास्थ्य की जानकारी ली व उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

## पाक ने अफगानों का सामूहिक निर्वासन टाला

**इस्लामाबाद।** पाक ने अवैध रूप से देश में घुसे अफगानिस्तान के नागरिकों के सामूहिक निर्वासन की शुरुआत को 10 अप्रैल तक के लिए टाल दिया है।

पाकिस्तान के अखबार डॉन ने यह रिपोर्ट दी। अखबार ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि एक अप्रैल से दस अप्रैल तक के लिए स्थगन मुस्लिम त्योहार ईद के कारण है जो रमजान के पवित्र महीने के अंत का प्रतीक है। पाकिस्तान में तीस लाख अफगानों को कथित तौर पर निर्वासन के लिए नामित किया गया है।



# नेपाल में प्रदर्शनों के बीच संवाद का दौर

**काठमांडू/रक्सौल।** नेपाल में राजशाही समर्थक प्रदर्शनों के बीच जांच, गिरफ्तारी और कूटनीतिक संवाद का दौर शुरू हो गया है। नेपाल की सरकार अबतक करीब चौबीस कथित आंदोलनकारियों को सलाखों के पीछे भेज चुकी है।

सरकार ने गृह मंत्रालय को काठमांडू के तिनकुने में हुए हिंसक विरोध प्रदर्शन की जांच का आदेश दिया है। इन्ही प्रतिकूल हालातों के बीच नेपाल के विदेश मंत्री आरजू राणा ने भारतीय अधिकारियों से बात की है और भारत में नेपाल के राजदूत डा. शंकर शर्मा ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की है। नेपाल में प्रतिकूल राजीतिक हालातों के बीच भारत में नेपाल के राजदूत डा. शंकर शर्मा ने सोमवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की है। यह मुलाकात इस लिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है क्योंकि इस वर्ष 12 मार्च को काठमांडू के त्रिभुवन



अंतराष्ट्रीय हवाईअड्डा पर अपने पूर्व राजा ज्ञानेंद्र के स्वागत में आंदोलनका. रियों ने भारत के हिदूवादी पहचान वाले राजनेता योगी आदित्यनाथ की तस्वीर के साथ प्रदर्शन किया था। उस प्रदर्शन में राजशाही और हिदू राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग की गई थी। दूसरी तरफ नेपाल के विदेश मंत्री आरजू राणा ने पहले भारतीय अधिकारियों से राजशाही समर्थक आंदोलन के मुद्दे पर बात की है। हालांकि भारत लगातार तटस्थ रह कर नेपाल में बदलते हालातों पर नजर रखे हुए है, फिर भी इस मुद्दे पर नेपाल द्वारा भारत से किए जा रहे इन कूटनीतिक संवादों के राजनीतिक मायने निकाले जा रहे हैं। इधर नेपाल की सरकार ने गृह मंत्रालय को हिसक तिनकुने विरोध प्रदर्शन की जांच करने का भी निर्देश दिया है, जिसमें लोग घायल हुए और हताहत हुए थे। जिला पुलिस रेंज के प्रवक्ता एसपी अपिल राज बोहरा के अनुसार, काठमांडू पुलिस ने राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी (आरपीपी) के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवींद्र मिश्रा और महासचिव धवल शमशेर राणा सहित 24 लोगों को राजशाही आंदोलन से संबंधित अरा. जकता, आगजनी और लूटपाट के आरोप में गिरफ्तार किया है। ए गिरफ्तारियां जिला पुलिस रेंज काठमांडू द्वारा की गईं। इसके अलावा 41 लोग हिरासत में लिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि 28 मार्च को हुए प्रदर्शनों के हिसक हो जाने पर कीर्तिपुर निवासी फोटो पत्रकार सुरेश रजक और सबिन महाराजन की मौत और बड़े पैमाने पर आगजनी की घटनाएं हुईं थी।

नेपाल सरकार ने जनता से राजशाही समर्थक प्रदर्शनों में भाग लेने से बचने का आग्रह किया है। मंत्री पृथ्वी सुब्बा गुरुंग ने भी मंगलवार को मंत्रिमंडल बैठक की ब्रीफिंग के दौरान इस आशय की घोषणा की थी।

## अमेरिकी आयात पर इजरायल ने शुल्क रद्द किए

**तेल अवीव।** इजरायल सरकार ने अमेरिका से आयातित वस्तुओं पर सभी सीमा शुल्क रद्द कर दिए हैं। इजरायल के प्रधानमंत्री कार्यालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। कार्यालय ने एक बयान में कहा, ''प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू, वित्त मंत्री बेजेल स्मोट्रिच और अर्थव्यवस्था एवं उद्योग मंत्री नीर बरकत के निर्देश पर इजरायल ने अमे. रिका, इजरायल के सबसे बड़े व्यापा. रिक साझेदार से आने वाले उत्पादों पर अब तक लगाए गए सभी सीमा शुल्क रद्द कर दिए हैं।'' बयान में कहा गया कि अमेरिका और इजरायल के बीच 1985 के मुक्त व्यापार समझौते के तहत अमेरिका से आयातित 99 प्रतिशत वस्तुओं को सीमा शुल्क से छूट दी गई थी।

